CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

मुरादाबाद, मंगलवार 19 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 4 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 24 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नकली खाद व बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी पेज 2



डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज खेल टाइम्स



बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद सम्पादकीय



यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगाः ट्रम्प पेज 12

### गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे कई जगहों से टूटने की वजह से बंद

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश जारी है। हिमाचल में 3 दिन से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन समेत तीन राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रदेश की 400 सड़कें बंद हैं। उत्तराखंड में गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे कई जगहों से बहने और टूटने की वजह से बंद है। मप्र के इंदौर में सोमवार दोपहर भारी बारिश से निर्माणाधीन पानी की टंकी की दीवार गिर गई। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं और जांच की बात कही है। मुंबई और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह से तेज बारिश जारी है। कई इलाकों में पानी भर गया है। इसके चलते सड़कों पर लंबा जाम लगा हुआ है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने मुंबई के सभी स्कूल और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी है। लोगों से अपील की है कि बहुत जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें। मुंबई में मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटे बहुत ज्यादा बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### दिल्ली के 3 स्कूलों व एक कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के तीन स्कूलों दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) द्वारका, मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल द्वारका और ग्रेटर कैलाश स्थित ब्लू बेल्स स्कूल तथा एक कॉलेज को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी भरी कॉल और ईमेल मिली है। इसके अलावा सागरपुर स्थित दीप मॉडल स्कूल को भी धमकी भरा मेल मिला है। धमकी के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने बताया कि सोमवार सुबह सात बजकर 24 मिनट पर कंट्रोल रूम को बम धमकी की सूचना मिली थी। स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद स्कूल परिसर खाली करा लिए गए थे। बम की सूचना मिलते ही पुलिस, बम स्क्वाड और दमकल विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंच कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

### भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने से कोई ताकत नहीं रोक सकती: गोयल

**लंदन/मुंबई।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन के मद्देनजर 100 दिन के परिवर्तनकारी एजेंडा पर काम करेगी और देश को विकसित राष्ट्र के लक्ष्य से कोई ताकत नहीं रोक सकती। श्री गोयल ने यह भी कहा कि भारत दुनिया के सबसे अधिक मांग वाले उपभोक्ता बाजार और शीर्ष निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। लोकमत वैश्विक आर्थिक सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार भारत को तेजी से विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अगले 100 दिनों के परिवर्तनकारी एजेंडे पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने देश को तीव्र गति से विकसित बनाने का एक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में विपक्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार करने के लिए बैठक की।





- विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने की खड़गे के कक्ष में बैठक के दौरान चर्चा

सूत्रों के मुताबिक, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में कई विपक्षी नेताओं ने बैठक की और इस बात पर चर्चा की कि कैसे मुख्य चुनाव आयुक्त ने रविवार को उनकी ओर से उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब दिए बिना एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। कुछ विपक्षी सांसदों का मानना है कि इस लड़ाई को आगे बढ़ाया जाना चाहिए और उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने का सुझाव दिया। हालांकि, यह कदम चर्चा के चरण में है। विपक्षी दल फिर से मिलेंगे और इस पर आगे चर्चा करेंगे। दरअसल, एक दिन पहले यानी रविवार को ही चुनाव आयोग ने एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि कुछ लोगों की तरफ से पीपीटी प्रेजेंटेशन में दिखाए आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं। उन्होंने साफ और स्पष्ट शब्दों में कहा था कि वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगें। तीसरा कोई विकल्प नहीं है। अगर सात दिन में हलफनामा नहीं मिला, तो आरोपों को निराधार समझा जाएगा। वोट चोरी के आरोपों के बीच विपक्षी दल संसद के मानसून सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ -शेष पृष्ठ दो पर

### महाराष्ट्र- हरियाणा का चुनाव भाजपा ने चोरी से जीताः राहुल गांधी

**औरंगाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकारी यात्रा का सोमवार को दूसरा दिन था। औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि अभी केवल मैंने इनकी चोरी पकड़ी है आने वाले समय में पूरी देश की जनता इनसे इनकी चोरी पर सवाल करेगी। बिहार में यह एसआईआर करके वोटों की चोरी करना चाहते हैं। एसआईआर का मतलब है नए तरीके से चोरी करना। नरेंद्र मोदी चोरी करके चुनाव जीते हैं, लेकिन बिहार की जनता यहां इनकी चोरी नहीं चलने देगी।

### कोच्चि में टेकऑफ से पहले एयर इंडिया प्लेन में खराबी

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर रविवार रात एयर इंडिया के प्लेन में टेकऑफ से पहले खराबी आ गई। फ्लाइट कोच्चि से दिल्ली जाने वाली थी। कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। एयर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि फ्लाइट संख्या एआई504 में उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी का पता चला।

# ट्रैफिक जाम 12 घंटे तक रहे तो टोल क्यों देंः सुप्रीम कोर्ट

## टोल वसूली पर NHAI की याचिका को लेकर शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें केरल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी।

हाईकोर्ट ने त्रिशूर जिले के पालएक्कारा टोल प्लाजा पर टोल वसूली को रोक दिया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था, क्योंकि एनएच 544 (एडप्पल्ली- मान्नुथी हाईवे) की हालत खराब थी और यहां लंबे समय से भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा कि जब लोगों को 12-12 घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है, तो उनसे टोल वसूलने का क्या -शेष पृष्ठ दो पर

### डेलकर की कथित आत्महत्या से संबंधित याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सात बार के सांसद मोहन डेलकर की 2021 में कथित आत्महत्या के मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने मृतक के बेटे अभिनव मोहन डेलकर द्वारा उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज की।



### प्रशिक्षु सैन्य कैडेटों के सेवामुक्त होने पर बीमा लाभ देने पर विचार करे केंद्र

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों में कमीशन अधिकारी बनने के लिए कठोर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेटों को दिव्यांगता या गंभीर चोट लगने से संबंधित किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए उन्हें बीमा दायरे में लाने की संभावना तलाशने के मामले में स्वतः संज्ञान सुनवाई करते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एक अंग्रेजी दैनिक अखबार के एक लेख पर स्वतः संज्ञान कार्यवाही करते हुए केंद्र सरकार को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया।

### पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शिक्षा विभाग की नौकरी में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित मामले में तीन साल से जेल में बंद पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और अन्य दो लोगों को सोमवार को राहत दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कहा कि सीबीआई की ओर से दर्ज इस मामले में निचली अदालत द्वारा दो माह के भीतर महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। पीठ ने इस मामले में पश्चिम बंगाल के शिक्षा विभाग के अधिकारी सुबीरेश भट्टाचार्य और शांति प्रसाद सिन्हा की भी जमानत मंजूर कर उन्हें राहत दी। शीर्ष अदालत ने राहत देते हुए इस तथ्य पर गौर किया कि चटर्जी लगभग तीन साल से जेल में बंद हैं।


# पुतिन ने मोदी से की फोन पर बात

शाह टाइम्स ब्यूरो

## रूसी राष्ट्रपति ने ट्रम्प से मुलाकात की जानकारी साझा की, पीएम मोदी ने कहाः यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का समर्थन करता है भारत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान करता रहा है और वह इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है। श्री मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद यह बात कही।

उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन को उनके फोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी हालिया मुलाकात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बात की है और उन्हें अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया और इस संबंध में सभी प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर भी चर्चा की।



### शुभांशु शुक्ला ने मोदी से की मुलाकात लोकसभा में विशेष चर्चा का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में जाकर इतिहास रचने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार शाम को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने गले लगाकर शुभांशु शुक्ला का हौसला बढ़ाया। साथ ही उनकी उपलब्धि की सराहना की। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा और उनके अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने पीएम मोदी को अपने प्रयोगों से भी अवगत कराया। सरकार ने सोमवार को लोकसभा में एक विशेष चर्चा का प्रस्ताव रखा है। यह चर्चा शुभांशु की भारत वापसी को चिह्नित करने के लिए आयोजित की जा रही है। लोकसभा में होने वाली चर्चा का विषय है, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत का पहला अंतरिक्ष यात्री-विकसित भारत 2047 के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की भूमिका।

# उप्र में स्कूलों को बंद करने पर विवाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका ठुकराई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र सरकार के 105 सरकारी प्राथमिक स्कूलों को अन्य स्कूलों के साथ जोड़ने के फैसले के खिलाफ 'आप' सांसद संजय सिंह की रिट याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया।

- इलाहाबाद हाईकोर्ट से मामले का शीघ्र निपटारा करने को कहा

पीठ ने यह कहते हुए याचिका पर विचार करने से मना कर दिया कि यह मामला पहले से ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष लंबित हैं। पीठ नेउच्च न्यायालय को इस मामले का निपटारा शीघ्र करने को कहा। पीठ के समक्ष अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ता का पक्ष रखते हुए हाईकोर्ट को इस मामले पर शीघ्र विचार करने के लिए जरूरी निर्देश देने की गुहार लगाई थी।

### चुनाव आयोग को लेकर संसद में हंगामा नहीं होना चाहिएः रिजिजू

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की प्रवक्ता नहीं है इसलिए विपक्ष को उसे मुद्दा बनाकर संसद में हंगामा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और कांग्रेस के बीच जो बात है उसका जवाब आयोग ही दे सकता है। आयोग से जो पूछा गया है उसके बारे में आयोग ही बता सकता है।

# सूरत में तिजोरी काटकर 20 करोड़ के हीरे चोरी

**सूरत।** गुजरात के सूरत में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए डायमंड कंपनी की तिजोरी काटकर 20 करोड़ से ज्यादा के हीरे और नकदी चुरा ली। इतना ही नहीं, चोर अपने साथ सीसीटीवी और डीवीआर भी ले गए।

- चोर सीसीटीवी-डीवीआर भी ले गए
- डीसीपी-एफएसएल की टीम जांच में जुटी

सोमवार सुबह घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी, एसीपी, सिटी क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। तस्करों ने न केवल हीरे और नकदी चुराई, बल्कि चोरी का कोई सबूत न रहे। इसके लिए कारखाने के सभी सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया और डीवीआर भी साथ ले गए। पुलिस कॉम्प्लेक्स और अन्य दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। चोरों ने कापोद्रा के एक कॉम्प्लेक्स में स्थित डीके एंड संस डायमंड कंपनी को निशाना बनाया। 15 अगस्त, जन्माष्टमी और इसके बाद रविवार के चलते कॉम्प्लेक्स और मार्केट तीन दिनों से बंद था। चोरी की वारदात इसी दौरान हुई। मामले की जांच कर रहे डीसीपी आलोक कुमार ने बताया कि 15 अगस्त की शाम को मालिक देवेंद्र चौधरी कंपनी बंद करके चले गए थे और फिर सोमवार सुबह कंपनी पहुंचे, तो पता चला कि करोड़ों की चोरी हो गई है। चोरों ने गैस कटर की मदद से तिजोरी काटी।


### सेना की जमीन पर अतिक्रमण मामले में हाईकोर्ट सख्त सर्वे का आदेश

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने राजधानी में सेना के अर्जुनगंज फायरिंग रेंज की जमीनों पर बाहरी लोगों द्वारा अतिक्रमण करके अवैध रूप से कब्जा किए जाने के मामले का सख्त संज्ञान लिया है। कोर्ट ने मामले में एलडीए व आवास विकास परिषद को इलाके में कथित अतिक्रमण का सर्वे करने करने का आदेश दिया है।

# राधाकृष्णन को निर्विरोध उपराष्ट्रपति बनाने में जुटे राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशी के रूप में घोषणा होने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वसम्मति बनाने के लिए तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में श्री सिंह रविवार रात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को फोन कर राजग प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन के लिए समर्थन भी मांगा।



- रक्षा मंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को फोन कर राजग प्रत्याशी के लिए समर्थन भी मांगा

उल्लेखनीय है राजग की तरफ से उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जिम्मेदारी दी गई है वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को इसका एजेंट नियुक्त किया गया है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुई भारतीय जनता पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक में राजग उम्मीदवार के रूप में श्री राधाकृष्णन के नाम की घोषणा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। श्री राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं और राज्यपाल के रूप में उनके पास लंबा प्रशासनिक अनुभव है। जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद से यह पद खाली है। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितम्बर को होगा और उसी दिन मतगणना होगी। उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है जबकि उम्मीदवार 25 अगस्त तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

### राधाकृष्णन ने की मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। श्री राधाकृष्णन सोमवार को ही, मुंबई से यहां पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास जाकर श्री मोदी से मुलाकात की। श्री मोदी ने उन्हें राजग का उप राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनके लंबे अनुभव से देश लाभान्वित होगा। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात के बाद एक्स पर लिखा कि सीपी राधाकृष्णन जी से मुलाकात की। उनके राजग का उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# चीनी विदेश मंत्री वांग की सीमा विवाद पर जयशंकर से हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई भारत पहुंच गए हैं। दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट पर चीनी विदेश मंत्री का स्वागत किया गया। चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की।

दोनों नेताओं ने सीमा विवाद, द्विपक्षीय संबंधों को लेकर चर्चा की। वांग यहां पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से मुलाकात करेंगे। चीनी विदेश मंत्री वांग ई के साथ बैठक में विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों व अभिव्यक्तियों के खिलाफ लड़ाई प्रमुख प्राथमिकता है। मैं हमारे विचारों के आदान-प्रदान की प्रतीक्षा कर रहा हूं। कुल मिलाकर उम्मीद है कि हमारी चर्चा भारत-चीन के बीच एक स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंध बनाने में योगदान देगी, जो हमारे हितों की पूर्ति करेगा।

- चीनी विदेश मंत्री पीएम मोदी व एनएसए डोभाल से करेंगे मुलाकात

# नगीना में हर्षोल्लास से निकला रामडोल का जुलूस

## जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत, सुरक्षा व्यवस्था के रहे कड़े इंतजाम

**अमान शम्सी**

**नगीना।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन निकलने वाला ऐतिहासिक रामडोल का जुलूस हर्षोल्लास से शांतिपूर्वक निकाला गया।

नगर का सुप्रसिद्ध रामडोल का जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लाइन पार से प्रारंभ होकर दोपहर करीब ढाई बजे बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वर नाथ पहुंचा। जहां अन्य स्थानों से आई झाकियों और अखाड़ों ने जुलूस में विलय किया। जो एक विशाल जुलूस के रूप में आगे बढ़ा। रामडोल जुलूस में चार आकर्षक व मनोहारी झांकियां, भगवान श्री कृष्ण का डोला, नौ अखाड़े व बैंड शामिल रहा। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे रामडोल जुलूस में शामिल होने वाली चार झांकियां कोतवाली मार्ग स्थित साहू ट्रेडर्स से तैयार हो कर बैंड बाजे के साथ बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वर नाथ कमेटी के अध्यक्ष साहू सलिल अग्रवाल, प्रबंधक मुकेश अग्रवाल






उर्फ आले, हिंदू इंटर कॉलेज के प्रबंधक साहू कपिल अग्रवाल, सौरभ मित्तल, राजकुमार विश्नोई, सचिन विश्नोई, मोहित गोयल, आलोक चौधरी, ट्विंकल अग्रवाल, सभासद गोपाल शर्मा आदि के नेतृत्व में नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन मार्ग, गांधी मूर्ति, लुहारी सराय होते हुए करीब दो बजे प्राचीन बड़ा मंदिर मुक्तेश्वरनाथ के बाहर पहुंची। इससे पहले पालिका कार्यालय के सामने से सैनी समाज का एक अखाड़ा झांकियों में शामिल हुआ। इसमें बड़ा मंदिर पर नगर के विभिन्न भागों से आए आठ अखाड़े शामिल हुए। इस दौरान बड़ा मंदिर मुक्तेश्वरनाथ के मुख्य पुजारी डा. विपिन चंद्र त्रिपाठी न विधि-विधान के साथ हवन-पूजन के पश्चात अखाड़ों के उस्तादों व खलीफाओं को तिलक लगाया। जिसके बाद जुलूस प्रारंभ हुआ। जुलूस में अखाड़ों व झांकियों के बाद अंत में भगवान श्री कृष्ण का एक भव्य डोला था। जिसमें पुजारी डा. विपिन चंद्र त्रिपाठी भगवान श्री कृष्ण के पोतड़े लिए बैठे हुए थे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक देहात विनय कुमार, एसडीएम आशुतोष जैसवाल, सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना अध्यक्ष संजय कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान सामाजिक संस्थाओं द्वारा मार्ग में कई स्थानों पर जुलूस में शामिल लोगों के लिए पानी, शरबत आदि की व्यवस्था की गई थी। जुलूस का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जुलूस में प्रमोद चौहान, सौरभ मित्तल, तिलक राज, हरमीत मल्होत्रा, अनवर कुरैशी, रोहित रवि, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, कुंवर हर्षवर्धन, महेंद्र सिंह सैनी, अरुण शर्मा, मकसूद उस्मानी, बदर मुनीम, लवी मित्तल, डॉ भूपेश चौहान, अतुल भारती के अलावा बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सिंगापुर में एडमिशन के नाम पर लाखों की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सिंगापुर में एडमिशन दिलाने के नाम पर दो लोगों पर लाखों रुपये ठगने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है।

मौ. अजीम पुत्र स्व. इरफान अहमद निवासी मौहल्ला इस्लाम नगर का दोस्त मौ. सूफियान पुत्र जुल्फकार निवासी ग्राम गोविन्दपुर है। सूफियान अपने चाचा इकबाल के साथ मिलकर अजीम को सिंगापुर के किंग्सटन इंटरनेशनल कॉलेज में हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म मैनेजमेंट डिप्लोमा कराने का झांसा दिया। परिजनों के मुताबिक एडमिशन और नौकरी का लालच देकर आरोपियों ने अजीम व उसके नाना से करीब चार लाख तीस हजार रुपये नकद अलग-अलग वक्त में किस्तों में ले लिए। इसके बाद अजीम को सिंगापुर भेजा गया। जहां पहुंचने पर उसे पता चला कि कॉलेज में केवल रजिस्ट्रेशन हुआ है, फीस जमा नहीं की गई। फीस जमा न होने से अजीम का दाखिला रुक गया और वह सिंगापुर में ओवर स्टे का शिकार हो गया। जुर्माना लगने व गिरफ्तारी का डर होने पर उसे मलेशिया के रास्ते वापस भारत लौटना पड़ा। भारत आने के बाद जब परिजनों ने सूफियान और इकबाल से पैसे वापस मांगे, तो उन्होंने टालमटोल की और बाद में गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने साजिश कर एडमिशन के नाम पर 4.30 लाख रुपये हड़प लिए और अमानत में खयानत की। पीड़ित ने थाना स्योहारा प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# माड़ी मेला में उमड़ी भारी भीड़

**फिरोज बेग**

**रेहड़।** माडी मेला में भारी भीड़ उमड़ी और संतानहीनों ने मन्नतें मांगी।

ग्राम खैराबाद में स्थित जाहरवीर गोगा जी के मन्दिर पर दो दिन से चल रहा माड़ी का मेला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। जाहरवीर गोगा जी के मंदिर पर प्रत्येक वर्ष भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की नवमी एवं दशमी तिथि को लगने वाला दो दिवसीय माड़ी मेला क्षेत्रवासियों की श्रद्धा और आस्था का केंद्र है।

दूर दराज के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु यहां आकर सैकड़ो वर्ष प्राचीन जाहरवीर गोगा जी के मंदिर में स्थित समाधि पर प्रसाद चढ़ाकर अपने परिवार के कल्याण की मंगल कामना करते हैं।

मान्यता है कि यहां सच्चे मन से



### संतानहीनों ने मांगी मन्नतें

मांगी गई मुराद अवश्य पूरी होती है।

लोगों की मान्यता है कि जाहरवीर गोगा जी के मंदिर में प्रसाद चढ़ाने से सर्प दोष का निवारण होता है एवं संतानहीन को संतान की प्राप्ति होती है। दो दिवसीय मेले में बाहरी क्षेत्रों से आये दुकानदारों ने खिलौने, घरेलू सामान, मिठाईयां, हलवा पराठा आदि की दुकानें सजाई मेले में बड़े-बड़े झूले, हिंडोले, मिक्की माउस बच्चों के मनोरंजन का केंद्र रहे। जबकि महिलाओं ने अपनी-अपनी जरूरतों के सामान की खरीदारी की।

सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस द्वारा मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। मेला प्रबंधन समिति द्वारा बाहर से आये श्रद्धालुओं के लिए रात्रि के समय लाइट, पानी, टॉयलेट आदि की समुचित व्यवस्थाएं की गई। मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में बड़ी तादाद में पुलिस बल मौजूद रहा।

वहीं अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर के अधिकारियों ने जाहरवीर गोगा जी के माड़ी मेले के अवसर पर सोमवार को पीलीबांध जलाशय के बाढ़ नियंत्रण कक्ष पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। दूर दराज से बड़ी तादाद में आए श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार, सहायक अभियंता पंकज कुमार जैन, पुनीत अग्रवाल, जूनियर इंजीनियर गजेंद्र सिंह, शिवेंद्र भारद्वाज, नरेश कुमार, नवीन शर्मा सींच पर्यवेक्षक खूब सिंह, प्रकाश चंद तिवारी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# 20 अगस्त को ऐतिहासिक प्रदर्शन की तैयारी

## मांगों को लेकर धरने पर बैठना हमारा शौक नहीं, मजबूरी: गय्यूर आसिफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** माध्यमिक शिक्षक संघ ने बीस अगस्त को होने वाले प्रदर्शन की तैयारी तेज कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने नगीना क्षेत्र में माध्यमिक विद्यालयों में भ्रमण कर शिक्षकों से भेंट की तथा संगठन के प्रांतीय आह्वान पर 20 अगस्त को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर आयोजित होने वाले धरने में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने नगीना क्षेत्र के अनेक विद्यालयों में पहुंचकर शिक्षकों से उनकी समस्याएं एकत्र की और समाधान का आश्वासन दिया। 20 अगस्त को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर होने वाले विशाल धरने प्रदर्शन में पहुंचने की अपील की।

गांधी इंटर कॉलेज हरगुनपुर, सुखदेव कृषक इंटर कॉलेज हैजरपुर, श्री फकीरचंद इंटर कॉलेज बढ़ापुर, हिंदू इंटर कॉलेज नगीना, वैदिक कन्या इंटर कॉलेज, जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर पुरैनी, में शिक्षकों को संबोधित करते हुए गय्यूर आसिफ ने कहा कि पुरानी पेंशन की मांग, शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से जुड़ी हुई धारा 12, 18 तथा धारा 21 की पुनर्स्थापना, तदर्थ शिक्षकों को पेंशन जैसी अनेक समस्याओं को लेकर शीर्ष नेतृत्व ने अनेक बार शासन से वार्ता की है, किंतु वर्तमान सरकार का भी रवैया शिक्षकों के प्रति अवहेलना पूर्ण रहा है। इसीलिए विवश होकर प्रांतीय नेतृत्व ने प्रदेश के सभी जिलों में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय



पर आगामी 20 अगस्त को धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधिति ज्ञापन देने का कार्यक्रम घोषित किया है। इसके अतिरिक्त जनपद के शिक्षकों की अनेक समस्याएं हैं जिनमें अवशेष भुगतान, एनपीएस धनराशि का आवंटन अनुमन्यता प्रमाण पत्र जैसे विभिन्न प्रकरण कार्यालय में लंबे समय से लंबित हैं। उन समस्त समस्याओं के निस्तारण के लिए भी धरने में पहुंचना अति आवश्यक है।

भ्रमण के दौरान पदाधिकारियों ने प्रधानाचार्य, उमेश सिंह, मुकेश कुमार डॉ हरीश राजपूत, कामेंद्र सिंह सतीश कुमार, मो. शमीम, भानूप्रकाश सिंह, राजेंद्र सिंह अमित कुमार, शिवांगी रस्तोगी, अनिल देवड़ा, अरविंद कुमार, ललित कुमार, डॉ. हरीश राजपूत, प्रकाश सिंह, राजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सतीश कुमार, शमीम अहमद आदि शिक्षकों से भेंट की और धरने में पहुंचने की अपील की।

## एक नजर

### झालू में श्रीमद भागवत कथा आयोजित



**झालू।** कस्बे में मनोकामना मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का पांचवां दिन पूरी विधि विधान से पूर्ण हुआ। जिसमें पूतना वध का वर्णन सुनाया गया। श्रीमद् भागवत कथा में मुख्य यजमान सोनिका शर्मा पत्नी गौरव शर्मा तथा सावित्री देवी पत्नी राजेश सिंह ने संकल्प लेते हुए भागवत की पूजा की और आशीर्वाद लिया। कथा व्यास साध्वी सुनंदा किशोरी ने भगवान श्री कृष्ण बाल रूप का सुंदर वर्णन किया। कथा में बताया कि कृष्ण बाल रूप ने कैसे पूतना का वध किया और पूतना पिछले जन्म में राजा बलि की पुत्री थी। कथा में 18 श्लोकों और बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए पुरुषार्थ और भक्त के प्रति सच्ची निष्ठा और भावना की बात सुनाई। व्रज 84 कोस, वृंदावन की महिमा व गिरिराज गोवर्धन महाराज की महिमा का सुंदर वर्णन करते हुए भजनों पर भक्तों ने श्री राधे, श्री राधे, श्री राधे के जयकारे लगाए

### जाहर दीवान की मूर्ति स्थापित



**झालू ।** नगर में जाहर दीवान की मूर्ति स्थापना के मौके पर भंडारे का आयोजन बिट्टू जोशी द्वारा कराया गया। उनके द्वारा जाहर दीवान की मूर्ति स्थापित कराई गई। कार्यक्रम में चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी, राजपाल जोशी, नीतू जोशी पुरोहित, सविंदर शर्मा, हिमांशु जोशी, तुषार जोशी, गोलू जोशी, गोल्डी जोशी, अर्जुन जोशी, अंकुश, ललित जोशी, अमन जोशी, कालू राम जोशी, अनुराग जोशी, कपिल जोशी, सुरेश वर्मा आदि मौजूद थे।

### नांगल में डबल पोल टूटा



**नांगल सोती।** ग्राम चमरोला में विद्युत आपूर्ति के लिए 63 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा था। यह ट्रांसफार्मर कुछ दिन पूर्व फूंक गया था। सोमवार को विद्युत कर्मी ट्रांसफार्मर बदलने के लिए पहुंचे। ट्रांसफार्मर रखते समय डबल पोल अचानक टूट गया। जिससे पोल के साथ-साथ ट्रांसफार्मर भी नीचे गिर गया। संयोग रहा कोई विद्युत कर्मी ट्रांसफार्मर व पोल की चपेट में नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। अवर अभियंता नूतन प्रकाश सिंह ने बताया कि जल्द ही नए पोल लगाकर विद्युत आपूर्ति सुचारू कराई जाएगी।

### मेधावी छात्रा शैंकी सम्मानित



**राजा का ताजपुर।** आरकेएसएम पब्लिक स्कूल की छात्रा रही शैंकी को नीट परीक्षा में 8382वी रेंक प्राप्त करने पर विद्यालय में सम्मानित किया गया। शेंकी टायर पंचर ठीक करने वाले व्यक्ति की बेटी है। ताजपुर निवासी ब्रजेश कुमार की पुत्री शेंकी आरकेएसएम पब्लिक स्कूल में कक्षा एक से ही मेधावी छात्रा रही थी। वह हाईस्कूल व इंटर में भी स्कूल में टॉपर रही। उसनें स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ होम स्टडी पर विशेष ध्यान दिया। मोबाइल का उसनें कम से कम आवश्यकता अनुसार प्रयोग किया। पढ़ाई के दौरान उसनें मोबाइल से दूरी बनाये रखी। उसनें अपनी सफलता का श्रेय माता पिता तथा टीचर्स को दिया है। प्रधानाचार्य आशाराम, उप प्रधानाचार्य श्रीमती स्वाति चौहान, डायरेक्टर संदीप कुमार, कोआर्डिनेटर कमलजीत सिंह नूर, अनुराग त्यागी ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण शैंकी को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उसका उत्साहवर्धन किया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुख्य चुनाव...** महाभियोग प्रस्ताव ला सकते हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने भी इस मुद्दे पर बात की और कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव सहित सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। हालांकि, अभी तक इस पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। हुसैन ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी, तो हम नियमों के तहत लोकतंत्र की सभी शक्तियों का इस्तेमाल करेंगे। अभी तक हमने महाभियोग के बारे में कोई चर्चा नहीं की है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हम कुछ भी कर सकते हैं। विपक्ष संसद के दोनों सदनों में एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। उनका आरा. प है कि चुनाव आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। वे दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। 21 जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर संसद में बहुत कम कामकाज हुआ है। ज्यादातर एसआईआर मुद्दे पर ही सदन की कार्यवाही बार-बार स्थगित हुई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग उनसे हलफनामा मांग रहा है, लेकिन भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर से नहीं, जब वे वही आरोप लगाते हैं।

**ट्रैफिक जाम...** औचित्य है। जस्टिस चंद्रन ने हाल ही की घटना का जिक्र किया, जहां एक ट्रक गड्ढे में फंसकर पलट गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एनएचएआई की ओर से दलील दी कि जिन जगहों पर अंडरपास का काम चल रहा है, वहां वैकल्पिक रास्ते यानी सर्विस रोड बनाए गए हैं। लेकिन बारिश की वजह से काम प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि टोल को पूरी तरह रो. कना अनुचित है, कोर्ट को चाहिए कि टोल में आनुपातिक कटौती का विकल्प अपनाए। हालांकि, बेंच ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि 65 किलोमीटर का सफर, जिसके लिए 150 रुपये टोल लिया जाता है, अगर 12 घंटे में तय हो रहा है तो यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। गुरुवायूर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, जो यहां टोल वसूल रही है, ने भी हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी। कंपनी की ओर से वरिष्ठ वकील श्याम दिवान ने कहा कि उनके जिम्मे जो 60 किलोमीटर का हिस्सा है, उसकी देखभाल ठीक से की जा रही है। असली समस्या उन जगहों पर है जहां एनएचएआई ने काम किसी तीसरी कंपनी (पीएसजी इंजीनियरिंग) को सौंपा है। अप्रैल 2024 से ये कंपनी काम देख रही है। दीवान ने दावा किया कि टोल वसूली बंद होने से उन्हें पहले ही 5-6 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को चार हफ्तों के लिए टोल वसूली रोक दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जब सड़कें खराब हों और ट्रैफिक सुचारू न हो, तो जनता से टोल वसूला नहीं जा सकता। यह जनता और एनएचएआई के बीच भरोसे का रिश्ता है, जिसे तोड़ा नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि मानसून की वजह से मुश्किलें बढ़ी हैं। फिलहाल कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है और जल्द ही यह तय करेगा कि पालएक्कारा टोल प्लाजा पर वसूली दोबारा शुरू होगी या नहीं।

# नकली खाद-बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने दिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नकली खाद-बीज और कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चौहान यहां कृषि विभाग और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि अगर खराब दवाई के कारण किसानों की फसलें खराब होती हैं, तो इसे पूरी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों किसान नकली दवा और कीटनाशक के कारण बहुत परेशान हैं। चौहान ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह स्वयं किसानों के खेत पर जाकर देख चुके हैं कि खराब दवाई के चलते फसल चौपट हो गई। वास्तव में नकली खाद, बीज और कीटनाशक किसानों के लिए अभिशाप हैं। इसलिए अधिकारियों को चाहिए कि वे खेतों में खुद जाकर जांच करें। कृषि अधिकारियों को व्यापक पैमाने पर आकस्मिक छापेमारी का अभियान चला कर कार्रवाई करनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने पॉली हाउस, ग्रीन हाउस, मैकेनाइजेशन के लिए केंद्र सरकार से दी जा रही सहायता का सत्यापन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसानों के बीच जागरूकता का प्रसार भी व्यापक रूप से करना होगा। चौहान ने कहा कि कार्रवाई होती है, तो गड़बड़ करने वाले लोगों के मन में भय पैदा होता है और किसानों को राहत मिलती है। अधिका. रियों को अगर गड़बड़ी मिलती है, तो उनको चाहिए कि वे ऐसी फैक्ट्रियां और दुकानें सील कर दें।

# फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी पूजा पाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सपा से निष्कासित विधायक ने कहा: समर्थकों की राय पर ही उठाएंगी अगला कदम**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से निष्कासित चायल विधानसभा क्षेत्र से विधायक पूजा पाल ने कहा है कि वह फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी और अपने समुदाय के लोगों से चर्चा के बाद अगला राजनीतिक कदम उठाएंगी। उन्होंने हाल ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।

पाल ने कहा कि वह अखिलेश यादव की समा. जवादी पार्टी से जुड़ी हैं, मुलायम सिंह यादव की नहीं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने समाजवादी पार्टी के लिए दरवाज़ा बंद कर दिया है, तो पाल ने कहा कि उन्होंने खुद ही दरवाज़ा बंद कर लिया है और यह अच्छी बात है। अगर मैं किसी पार्टी में शामिल होती हूं, तो वह 'विचारधारा' के आधार पर होगी और आपका विचार स्पष्ट होना चाहिए। विधायक ने कहा कि जब 2012 से 2017 तक अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में थी, तब पार्टी ने माफियाओं को दूर रखा था। पाल ने कहा कि मैं मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी से नहीं जुड़ी थी। मैं अखिलेश यादव की समा. जवादी पार्टी से जुड़ी थी, क्योंकि उन्होंने माफियाओं को दूर रखा था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं, जिनकी 2023 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपने अगले राजनी. तिक कदम के बारे में, तीन बार विधायक रहीं पाल ण्ने कहा कि वह कोई भी फैसला लेने से पहले पाल समुदाय के सदस्यों से बात करेंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में शामिल होने की योजना बना रही हैं, तो उन्होंने साफतौर पर कहा कि अभी नहीं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कार्यालय और पाल, दोनों ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी। योगी आदित्यनाथ कार्यालय ने हिंदी में एक पोस्ट में कहा कि कौशाम्बी जिले के चायल विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक पूजा पाल ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

# धामपुर में प्रतिभाएं मौजूद, लेकिन मैदान नहीं

## जरूरी सुविधाओं के अभाव में पिछड़ रहे खिलाड़ी

**अभिषेक गुप्ता**

**धामपुर।** युवाओं में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन सुविधाओं का अभाव उन्हें अपनी पहचान बनाने से रोक रहा है। यदि क्षेत्र में खेल मैदान और स्टेडियम उपलब्ध होते, तो यहां से पीटी उषा और नीरज चोपड़ा जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी निकल सकते थे।

इसकी एक झलक उस समय देखने को मिली, जब विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से धामपुर में जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में धामपुर, नहटौर, नूरपुर, चांदपुर, हल्दौर, नगीना, नजीबाबाद, किरतपुर समेत पूरे जनपद से लगभग 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में दौड़, ऊँची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक और चक्का फेंक जैसे इवेंट कराए गए। लेकिन नतीजे उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। कई खिलाड़ी ऊँची कूद पार नहीं कर पाए। भाला और चक्का फेंक में प्रतिभागी अपनी वास्तविक ताकत नहीं दिखा सके। दौड़ में भी खिलाड़ियों का प्रदर्शन अपेक्षित स्तर का नहीं रहा। जिससे मायूसी हाथ लगी हे।



### शिक्षकों और खेल अधिकारियों की राय

प्रतियोगिता में मौजूद खेल शिक्षकों का कहना था कि धामपुर और आसपास के इलाकों में स्टेडियम की भारी कमी है। अगर यहां खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए उचित मैदान मिलता, तो निश्चित रूप से उनका प्रदर्शन बेहतर होता। उन्होंने कहा कि धामपुर से भी निकल सकते थे, जैसे ओलंपिक स्टार हरियाणा के नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया।

### खिलाड़ियों की पीड़ा

प्रतियोगिता में शामिल कई युवाओं ने साफ कहा कि "हमारे अंदर टैलेंट है, लेकिन अभ्यास के लिए मैदान और स्टेडियम नहीं हैं। जब तैयारी ही पूरी नहीं हो पाती, तो बेहतर प्रदर्शन कैसे करेंगे? अगर हमें मौका और सुविधा मिले तो हम भी जिला ही नहीं, मंडल और प्रदेश स्तर तक नाम कमा सकते हैं।

### आयोजन और सहयोग

प्रतियोगिता के आयोजन में 25 खेलकूद शिक्षक और 12 प्रधानाचार्यों का योगदान रहा। खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए आयोजकों ने उन्हें मंच तो दिया, लेकिन सुविधाओं की कमी साफ झलकती रही। बरसात के बाद जलभराव वाले खेत जैसे मैदान और उबड़-खाबड़ कंक्रीट फर्श पर खिलाड़ियों का प्रदर्शन प्रभावित हुआ।

### अब बड़ा सवाल

धामपुर के युवा सुनहरे भविष्य का सपना तो देखते हैं, लेकिन खेल सुविधाओं की कमी उनकी राह में बड़ी बाधा बनी हुई है। स्थानीय खिलाड़ी और शिक्षक लगातार यह मांग उठा रहे हैं कि क्षेत्र में एक स्टेडियम का निर्माण होना चाहिए। सवाल अब यही है कि कब मिलेगा धामपुर को अपना स्टेडियम, जो इन छुपी प्रतिभाओं को निखरने का अवसर दे सके।

## एक नजर

### धामपुर में शव मिलने से सनसनी



**धामपुर।** शेरकोट मार्ग पर सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब राजपूताना रिसोर्ट के सामने डिवाइडर के बीचों बीच एक अधेड़ का शव पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष के बीच है। शव के पास से कोई पहचान पत्र या सामान नहीं मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। अचानक शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी और चर्चाओं का माहौल है।

### शाहपुर के सुशील का शव बरामद



**चांदपुर देहात।** ग्राम शाहपुर भसोड़ी निवासी नत्थू सिंह के पुत्र सुशील कुमार का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सीतामठ चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुशील बीती शाम ग्राम के ही सोमपाल के घर जन्मदिन की दावत में गया था। लेकिन जब देर रात तक घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने उसकी तलाश की। सुबह सुशील कुमार का शव सोमपाल के मकान के पीछे पड़ा मिला। जिसके बाद हड़कंप मच गया। मृतक के पिता ने बताया कि उसके हाथ और गले पर चोट के निशान थे। मृतक सुशील की शादी को अभी दो साल ही बीते थे। मृतक अपने पीछे अपने एक वर्षीय मासूम बच्चा और पत्नी को रोता छोड़कर चला गया।

### जिला पंचायत सदस्य ने दिया इस्तीफा



**चांदपुर।** जिला पंचायत सदस्य मुकेश कुमारी पुत्रवधू चौधरी लुधियान सिंह ने जिला पंचायत क्षेत्र संख्या पांच, ब्लॉक जलीलपुर से आज त्याग पत्र दे दिया है। त्याग पत्र देने का कारण उन्होंने जिला पंचायत बोर्ड द्वारा उनके क्षेत्र की लगातार उपेक्षा करना और बार-बार प्रस्ताव भेजने के बाद भी उनके क्षेत्र में कोई विकास कार्य न कराया जाना बताया गया है। बिजनौर पहुंच कर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह को उन्होंने त्याग पत्र सौंप दिया। ब्लॉक जलीलपुर की ग्राम पंचायत सराय निवासी चौधरी लुधियान सिंह ने कहौ कि उनके वार्ड क्षेत्र की जनता उनके लिए सर्वोपरि है। मैं या मेरा परिवार अपने क्षेत्र की जनता की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं करेंगे और न ही किसी प्रकार का गलत समझौता करेंगे। लगातार मेरे क्षेत्र की हो रही उपेक्षा के चलते यह त्याग पत्र सौंपा गया है।

### गजरौला में आज महापंचायत

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (संयुक्त मोर्चा) के जिलाध्यक्ष इमरान मंसूरी ने कहा कि कल (आज) गजरौला के भानपुर फाटक ओवर ब्रिज के नीचे किसान महापंचायत का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस महापंचायत में अधिकारियों को बुलाया गया है। जिसमें किसानों से संबंधित समस्याओं को उठाया जायेगा। महापंचायत को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी से कम अपने साथ 10 किसानों को लेकर आने का काम करे।

### पहाड़ा नदी का जलस्तर बढ़ा



**बढ़ापुर।** पहाड़ा नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी पार के ग्रामीणों की मुश्किलें फिर बढ़ गई है। ग्रामीण अपनी और स्कूली बच्चों की जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहें है। सोमवार की सुबह पहाड़ी इलाकों में हुई जोरदार बारिश के चलते बढ़ापुर-सरदारपुर छायली मार्ग पर बहने वाली पहाड़ा नदी का जलस्तर बढ़ गया। नदी पार के ग्राम सरदारपुर, चकउदयचंद, काशीवाला, बहेड़ी के ग्रामीणों का आवागमन कुछ समय के लिए बंद हो गया। दोपहर में नदी का जलस्तर कम होने पर स्कूलों की छुट्टी होने पर अभिभावक अपने-अपने बच्चों को मोटरसाइकिल, कंधों और पैदल नदी पार करते हुए दिखाई दिए। वहीं नदी के दोनों ओर भारी कीचड़ भी जमा हो गई है, जिस कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। एक सप्ताह पहले नदी का जलस्तर बढ़ने पर चकउदयचंद निवासी ओमराज सिंह की समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण मौत हो गई थी। ग्राम पंचायत चकउदयचंद के ग्राम प्रधान परशुराम सिंह ने पंचायत के खाते से 30 हजार की कश्ती खरीदी थी। दो-तीन दिन ग्रामीणों ने नदी में कश्ती चलाई, लेकिन अब कोई नाविक नहीं होने के कारण कश्ती नदी के पास ही खड़ी हुई है और ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे है।

# शानदार मार्केट का संचालक प्रिंस योगी सरकार पर भारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर में एचएमआई इंटर कालेज के सामने मुख्य मार्ग पर जर्जर भवन में शानदार मार्केट के नाम से सप्ताह में दो दिन साप्ताहिक बाजार लगाने वाला मौहल्ला कस्बा निवासी फाहद अली उर्फ प्रिंस पुत्र अब्दुल समी योगी सरकार को चुनौती दे रहा है।

आज नगर पालिका के द्वारा प्रिंस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए स्थानीय थाने में तहरीर दी गई है। पूर्व में भी बाजार न लगाने के लिए प्रिंस को नोटिस जारी किया गया था। लेकिन इसका उस पर कोई असर नहीं हुआ। बल्कि दबंगई के बल पर साप्ताहिक बाजार लगाया गया। यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जर्जर भवन में सैकड़ों की भीड़ रहती है।



# व्यापारियों की एकजुटता पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के व्यापारियों ने एकजुटता पर जोर दिया है। बैठक में ऑनलाइन बिक्री के बढ़ने पर चिंता जताई गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की बैठक बीती रात नगीना रोड पर एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए। एसोसिएशन ने व्यापारियों से अपील की है कि वह समय पर उपस्थित होकर अपनी समस्याएं साझा करें, ताकि उनका सामूहिक समाधान निकाला जा सके।

बैठक में व्यापार से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। खासकर ऑनलाइन बिक्री से स्थानीय कारोबारियों पर पड़ रहे असर को लेकर व्यापारियों ने चिंता व्यक्त की। इस दौरान सरकार से मांग की गई कि ऑनलाइन बिक्री को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी व्यापारी का अहित या उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए सभी व्यापारी एकजुट रहेंगे और किसी भी समस्या का मिलजुलकर समाधान निकालेंगे। बैठक की अध्यक्षता मनप्रीत सिंह (अध्यक्ष) ने की। जबकि संचालन मुकुल सैनी (सचिव) ने किया। इस दौरान विकास अग्रवाल (कोषाध्यक्ष), शेखर मित्तल (उपाध्यक्ष), प्रतीक दुआ (उप सचिव), भूपेन्द्र सिंह एवं वेदांत अग्रवाल (संगठन मंत्री), अंकुर गुप्ता (मीडिया प्रभारी) सहित संरक्षक गौख माहेश्वरी, मनोज बंसल, सुमित अग्रवाल तथा एसोसिएशन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की बैठक

# शुगर मिलें कर रही किसानों का शोषण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भाकियू की पंचायत में शुगर मिलों पर किसानों का शोषण करने का आरोप लगाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सरकथल माधो स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज में पंचायत हुई। जिसमें शुगर मिलों और विभिन्न विभागों पर शोषण के आरोप लगाए गए। जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने कहा कि शुगर मिलें किसानों को दवाई के नाम पर लूट रही हैं और मिट्टी की जांच भी नहीं करवा रही हैं। किसान आर्थिक व मानसिक संकट झेल रहे हैं। युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि चकबंदी व अन्य विभागों में किसानों का शोषण आम बात हो गई है। अधिकारी यदि किसानों का उत्पीड़न करेंगे, तो उनकी सूची बनाई जाएगी और संगठन स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से संगठन को मजबूत करने का आह्वान भी किया। अध्यक्षता सरजीत सिंह ने और संचालन अरविंद राजपूत ने किया। पंचायत में दुष्यंत राणा, अजय राजपूत, दर्शन फौजी, महल सिंह, सुनील प्रधान, उत्तम सिंह, कपिल चौधरी, रणबीर सिंह, संजय चौहान आदि मौजूद रहे।



सरकथल माधो में पंचायत का आयोजन

# मस्जिद के मुतवल्ली के चयन को लेकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मस्जिद के मुतवल्ली के चयन को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है।

मौहल्ला शेखान में मस्जिद के मुतवल्ली व दुकानों को लेकर विवाद चल रहा है। तीन दिन पूर्व भी विवाद हो गया था। मामला पुलिस तक पहुंचने पर दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया था। बीती रात मस्जिद में दुकानों व मुतवल्ली चयन को लेकर एक पक्ष ने एनाउंसमेंट करने की कोशिश की। दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया, जिस पर दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए। देखते ही देखते मारपीट शुरू होने पर भगदड़ मच गई। मारपीट के दौरान लईक अहमद पुत्र जांहगीर अहमद, फैजान पुत्र इसरार, खुर्शीद पुत्र फरीद, जमशेद पुत्र हुसैन, इदरीस पुत्र मकबूल, जांहगीर जैदी पुत्र अनवार जैदी, नईम पुत्र हाजी छिददू आदि मौजूद थे। मस्जिद के सामने दुकानों पर कब्जे को लेकर विवाद चला आ रहा है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि आपस में मारपीट करने वाले सात लोगों का संबंधित धाराओं में चालान किया गया है।

### स्वास्थ्य शिविर

**हल्दौर।** रोटरी क्लब द्वारा सिटी हॉस्पिटल में त्वचा रोग सम्बंधित नि:शुल्क शिविर आयोजित किया गया। शिविर अध्यक्ष नवीन कुमार, संयोजक डॉ. असीम कुमार विश्वास, सहसंयोजक डॉ. कपिल चौधरी के दिशा निर्देशों में समाजसेवी त्वचा रोग चिकित्सक डॉ. संदीप गोयल द्वारा किया गया। 75 मरीजों को लाभान्वित करते हुए नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई।

शिविर को सफल बनाने में अनिल सिंह, राजीव शरण शर्मा, विकास मारवाड़ी, देवेन्द्र रस्तोगी, वरिष्ठ रोटेरियन धर्मेन्द्र रस्तोगी, जितेन्द्र मारवाड़ी, अशोक चौहान, अरुण शर्मा, गौरव अग्रवाल, प्रवीण रस्तोगी, वरिष्ठ रोटेरियन भवानी प्रसाद मारवाड़ी का सहयोग रहा।

सभी को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई

मोबीन ठेकेदार
नगर पालिका परिषद, नहटौर


यौमे आजादी की
दिली मुबारकबाद

प्रबंधक -हाजी शमीम अहमद ( लोन ) व हाजी महताब हुसैन ( फाईनेंस ),
अध्यक्ष-मुफ्ती मौहम्मद आरिफ, उपाध्यक्ष-डा. परवेज आलम, सचिव-महमूद अहमद मोदी एड., उपसचिव-मौहम्मद जफर एड., कोषाध्यक्ष-मौहम्मद इमरान निजामी
मुस्लिम फंड, नहटौर
मुस्लिम फंड गर्ल्स इंटर कालेज
नहटौर एवं समस्त स्टाफ

सभी को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई

रेनू देवी-ग्राम प्रधान
दीप अमर राही-पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत अमीनाबाद, नहटौर

सभी को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई

वहाब कुरैशी
पूर्व सभासद-पालिका नहटौर
पूर्व वाइस चेयरमैन-सहकारी समिति, नहटौर

सभी को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई

पंकज सैनी
ग्राम पंचायत सचिव, ब्लॉक आंकू, नहटौर

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# करोड़ों लेकर एजेंट फरार

## व्यापारियों ने खोला मोर्चा, थाने पर प्रदर्शन

**परीक्षित गुप्ता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा निवासी कलेक्शन एजेंट राजेन्द्र सिंह के फरार होने के करीब एक माह बाद अब व्यापारियों ने उसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया और थाने जा पहुंचे। उन्होंने जमकर प्रदर्शन किया और राजेंद्र सिंह की गिरफ्तारी और उनके पैसे दिलाये जाने की मांग की है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वजन वैलफेयर सोसाइटी चलाने वाला राजेन्द्र सिंह पुत्र चौ. रामपाल सिंह निवासी ग्राम पुट्ठा हाल निवासी ग्राम हीमपुर दीपा पिछले करीब एक दशक से हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव सहित चाँदपुर के व्यापारियों से भी प्रतिदिन पैसे एकत्रित करने का काम करता था। बताया जाता है कि बीती 23 जुलाई से दो-तीन दिन पूर्व से वह व्यापारियो से पैसे लेने नहीं पहुंचा तो व्यापारियों को संदेह हुआ, जिसके बाद उसके भागने की चर्चा जंगल मे आग की तरह फैल गई। राजेन्द्र सिंह के परिवार ने उसकी गुमशुदगी चांदपुर थाने में दर्ज करा दी।

उधर लगातार व्यापारियों के पहुंचने पर राजेन्द्र सिंह के परिजन व्यापारियों को दिलासा देकर मूर्ख बनाते रहे। उधर एक के बाद एक बड़े व्यापारी के राजेन्द्र सिंह के घर पहुंचने पर स्थानी लोगो की नींदे उड़ने लगी। उधर धीरे-धीरे करीब एक माह बीतने के बाद भी परिजनों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब न देने पर रविवार को व्यापारियों ने राजेन्द्र सिंह के घर पर धरना शुरू कर दिया। इसके बाद राजेंद्र सिंह की पत्नी रातों रात गायब हो गई।

पीडित व्यापारियों ने बताया कि उनसे प्रतिदिन पैसे लेने वाला राजेन्द्र सिंह और उसका दामाद धीर सिंह तो पूर्व में ही फरार हो गए।

साथ ही एक महीने से दिलासा दे रही उसकी पत्नी भी अब रातों रात गायब हो गई। थाने पहुंचे दर्जनों व्यापारियों ने बताया कि राजेन्द्र सिंह गुमशुदा नहीं है बल्कि वह करीब 50 से 60 करोड़ रुपया लेकर फरार हुआ है। थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव से पहुंचे पीडित हार्दिक बंसल, बिल्लू गुप्ता, लक्की गुप्ता, पवन सिंह, वाजिद, अरुण, अशोक, शंकर, भूपेंद्र, नेपाल सिंह, मतलूब, कृष्णा देवी, मोहित, ललित गुप्ता, अनिल, विवेक, लोकेंद्र सिंह, सहित सैकड़ों व्यापरियों ने न्याय की गुहार लगाते हुए हीमपुर दीपा थाने में प्रार्थना पत्र सौंपा है।

व्यापारियों का कहना था कि उनका प्रार्थना पत्र ले लिया गया, परंतु उन्हें कोई रिसीविंग नहीं दी गई है।

# नजीबाबाद में सर्राफा व्यापारी को जान से मारने की धमकी

## पुलिस से मांगा पीड़ित ने न्याय

**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** सर्राफा व्यापारी को जान से मारने की धमकी मिली है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय मांगा है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चौक बाजार निवासी महिला सर्राफा व्यापारी ने बताया कि 12 अगस्त की दोपहर करीब डेढ़ बजे स्थानीय निवासी नेता ने महिला सर्राफा व्यापारी की चौक बाजार स्थित दुकान पर आकर धमकी दी। नेता ने कहा कि तुने जो मुकदमा मेरे और मेरे साथी के ऊपर लिखवाया है, उसे वापस ले ले। अन्यथा अपनी जान से हाथ धो बैठेगी। वह जान से मारने की धमकी देने लगा। उसने कहा कि तेरी इकलौती लड़की जवान है और सीए की पढ़ाई कर रही है। वह दिल्ली आती जाती रहती है। मैंने अपने गैंग के गुर्गे उसके पीछे लगा दिए हैं और तेरी लड़की को मैं कभी भी रास्ते से उठा लूंगा। उसने कहा कि हमसे फैसला कर ले। वरना अंजाम अच्छा नहीं होगा। आरोपी नेता ने अपनी शर्ट ऊपर कर पेंट की बैल्ट में लगा तमंचा दिखाते हुए कहा कि तमंचा चलाने पर मजबूर मत कर। महिला सर्राफा व्यापारी के विरोध करने पर गंदी-गंदी गालियां देता हुआ चला गया। दुकान पर आने व बाहर निकलने की सीसीटीवी फुटेज पीड़िता के पास मौजूद है। पीड़िता के पति लकवाग्रस्त व लाचार है।

पीड़िता ने डायल 112 पर कॉल कर मौके पर पुलिस को बुलाया, किन्तु उन्होंने थाने में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा लिखवाने को कहा। पुलिस मामले को दबाना चाह रही है। बताते हैं कि नेता शातिर अपराधी है। इसके परिवार पर आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है। इसका गिरोह जनपद में अत्यधिक सक्रिय है। जिस कारण से पीड़िता को अपनी व अपने परिवार की जान का खतरा है। पीड़िता ने मुलजिमान के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने व शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के लिए थाना नजीबाबाद व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दे दिया है।

जब इस विषय में थाना प्रभारी से फोन पर जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि इस विषय में जांच चल रही है।

बताते हैं कि आरोपी व्यापारी का पूर्व से विवादों से नाता रहा है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एक नजर

### वन विभाग ने लगाया पिंजरा



**कोतवाली देहात।** ग्राम शाहपुर सैदू में गुलदार देखे जाने के बाद सोमवार को वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाया गया। पिछले कई दिनों से ग्राम शाहपुर सैदू में गुलदारों का एक झुंड दिखाई दे रहा था। जिसके कारण किसान खेतों पर जाने से डर रहे थे। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने गुलदारों की समस्याओं को लेकर वन विभाग को अवगत कराया था। वन विभाग द्वारा संज्ञान लेते हुए पिंजरा लगाया गया। विकास चौधरी ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में गुलदार दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्र में भय का माहौल है और पशुओं के चारे की समस्या बनी हुई है। इस मौके पर सजाउद्दीन मलिक, नितिन कुमार, मुकेश कुमार, नीला सिंह, रोहित कुमार, संजीव कुमार, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि



**कोतवाली देहात।** सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। ग्राम शादीपुर स्थित विवेक पुस्तकालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद देवेंद्र कुमार ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने आजाद हिंद फौज के माध्यम से अंग्रेजों से सीधी लड़ाई लड़ी। उन्होंने सशस्त्र संघर्ष किया और देश में एक नई क्रांति का संचार किया। उनके भाषण आज भी लोगों में उत्साह पैदा करते हैं। इस अवसर पर सुशील कुमार त्यागी रचित सुभाष शतक का पाठ किया गया। कार्यक्रम में आदर्श शर्मा, अनूदित भुईयार, प्राची, दिव्या आदि मौजूद रहे।

### चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नहटौर।** भारत की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वालों की याद में 'हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैप्ट)' की पहल 'स्वस्थ नहटौर' के तहत 'शुगर और ब्लड प्रेशर जांच और परामर्श केंद्र' द्वारा नगर पालिका के वार्ड नंबर 11 में जनता कैलेंडर परिसर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सौ से अधिक महिलाओं और पुरुषों ने अपनी शुगर, ब्लड प्रेशर और ऑक्सीजन स्तर की नि:शुल्क जांच करवाई और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन 'स्वस्थ नहटौर' के संयोजक, हैप्ट के सचिव गिजाल मैहदी और मेजर चरण सिंह शर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एसएनएस इंटर कॉलेज एवं सुपर सीनियर सिटीजन गुलाम साबिर, अंकुर जैन और पालिका सभासद रियासत अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता, नाजिम अंसारी, महफूज अली, शेख सलमी, अहमद वफा आदि मौजूद थे। जांच टीमों को सहयोग देने वालों में हैल्थ वॉलंटियर अनम परवीन, शबे नूर, मौम्मद आसिम, शाइस्ता अंजुम, शगिल उस्मानी शामिल रहे।

### शिक्षण संस्थाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नांगल सोती।** क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। शहीदों के बलिदान को याद करते हुए अमर रहे के नारे लगाए गए। ध्वजारोहण के बाद शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं में संस्कृति कार्यक्रम के साथ राष्ट्र प्रेम के गीत गाए गए। राजा भरत सिंह इंटर कालेज में प्रधानाचार्य राजीव चौहान, अध्यक्ष यशवीर सिंह, प्रबंधक कावेंद्र सिंह और कोषाध्यक्ष राघव प्रताप एड. ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान केशव शरण, हरवीर सिंह, राकेश सैनी, संजय गोयल, संजय कुमार सिंह, संजय गोयल, राजपाल सिंह, मोहम्मद अशद, सत्य प्रकाश आर्य, भीम सेन, अश्वनी कुमार, सर्वेश चंद शर्मा, गीता, सुप्रिया, पूनम सैनी, तनु सैनी, अर्चना शर्मा, नीति गोयल आदि मौजूद रहे। किसान सहकारी समिति में एमडी वीरेंद्र कुमार और गार्विन चौधरी ने, ज्ञान देवी जूनियर हाईस्कूल में प्रबंधक मनोज राणा ने, स्प्रिंग फील्ड अकादमी में प्रबंधक कुलदीप राजपूत और प्रधानाचार्या करुणा शर्मा ने, ग्राम पंचायत घर पर ग्राम प्रधान फरमान अहमद ने, थाना भवन पर थाना प्रभारी सुशील कुमार सैनी ने ध्वजरोहण किया। इस मौके सभी सभी संस्थाओं में अमर शहीदों के नारे लगाए गए और उनकी याद में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### किरतपुर में युवक की मौत



**किरतपुर।** अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवक की दौड़ लगाते समय अचानक मौत हो गई। मृतक तीन बहनों का इकलौता भाई था। ग्राम हैबतपुर निवासी प्रशांत (20 वर्ष) अग्निवीर भर्ती के लिए तैयारी कर रहा था। दस दिन बाद उसकी फिजिकल परीक्षा होनी थी। प्रशांत चौधरी रोज की तरह सुबह सड़क पर अभ्यास के लिए दौड़ लगाने निकला था। दौड़ लगाते समय उसे अचानक सीने में तेज दर्द महसूस हुआ और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। आसपास मौजूद अन्य युवकों ने तुरंत उसे संभालने की कोशिश की और परिजनों को सूचना दी। परिजन आनन-फानन में प्रशांत को किरतपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा और तीन बहनों का अकेला भाई था। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इस घटना से परिवार वाले गहरे सदमे में हैं और बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार प्रशांत ने अग्निवीर की लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक पास कर ली थी।

### साहनपुर में डीएम का दौरा



**नजीबाबाद।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने साहनपुर का दौरा किया। सबसे पहले उन्होंने पश्मीना शाल बना रही महिलाओं से मुलाकात की। उनकी आमदनी व समस्याओं के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने काम बढ़ाने के लिए फाइनेंस की कमी बताई। जिस पर डीएम ने हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद नगर पंचायत द्वारा बनाई गई लाइब्रेरी का निरीक्षण किया और वहां पढ़ रहे छात्रों से संवाद किया। साथ ही निर्माणाधीन डिजिटल लाइब्रेरी को भी देखा और साहनपुर में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। इस दौरान अपर जिला अधिकारी, चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी और नायब तहसीलदार अमित कुमार मौजूद रहे।

### बार एसो. का विवाद चरम पर



**किरतपुर।** बार एसोसिएशन में इन दिनों आंतरिक विवाद चरम पर पहुंच गया है। 18 अगस्त को एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा जारी किए गए निष्कासन पत्र ने पूरे अधिवक्ता समाज में हलचल मचा दी है। पदाधिकारियों ने अपने पत्र में स्पष्ट तौर पर आरोप लगाया है कि अध्यक्ष अंकित रस्तौगी को संगठन प्रति गलत गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर निष्कासित कर दिया गया है। निष्कासन पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि अंकित रस्तौगी द्वारा 26 जनवरी 2025 व 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व उपस्थित न होने तथा संगठन विरोधी गतिविधियों, अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता व अपमानजनक कार्य करने पर बहुमत से पास प्रस्ताव के आधार पर निष्कासित किया गया। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार आंतरिक स्तर पर बैठक बुलाने की कोशिशें की गईं, लेकिन रस्तौगी किसी भी बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे यह स्पष्ट हो गया कि वह किसी भी प्रकार की जवाबदेही से बचना चाहते हैं। सदस्यों ने कहा कि एसोसिएशन की एकता को बनाए रखने तथा अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए यह कदम उठाना जरूरी हो गया था। एसोसिएशन के अधिकतर सदस्यों का मानना है कि अध्यक्ष के पद पर रहते हुए अनुशासन का पालन सबसे पहले होना चाहिए। यदि कोई भी पदाधिकारी एसोसिएशन के नियमों से ऊपर होकर काम करता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। अध्यक्ष अंकित रस्तौगी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने 14 अगस्त को को वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अपना इस्तीफा सौंपा था लेकिन उन्होंने इस्तीफा को स्वीकार नहीं किया और आगे की बैठक के लिए टाल दिया और मेरे ऊपर लगे सभी आरोप निराधार हैं वरिष्ठ अधिवक्ता एवं संरक्षक मदनलाल अरोड़ा ने कहा कि जो अध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया हो तो उसको निष्कासित करने का अधिकार केवल संरक्षक के पास होता है, इसलिए जारी किया गया निष्कासन पत्र वैध नहीं है।

### स्योहारा में शोभायात्रा का स्वागत



**स्योहारा।** नगर के ठाकुर मंदिर से निकली रामडोल की शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां, ढोल-नगाड़े और अखाड़ों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। नगर के गणमान्य व्यक्तियों एवं नगरवासियों के सहयोग से यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। यह शोभायात्रा ठाकुर मंदिर से परंपरागत पूजा-अर्चना के बाद हिंदू चौधरियान, रियासत ठाकुर मंदिर, सब्जी मंडी, शिवाजी मार्केट, जुमेरात का बाजार, मुरादाबाद रोड, स्टेशन रोड होते हुए रामलीला ग्राउंड और आरसीपी रोड से गुजर कर मौहल्ला जोशियान में ठाकुर मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में सोनू रस्तौगी, डा. विनीत देवरा, अर्पित त्यागी, सुनील कुमार गाबा, राजवीर सिंह त्यागी, राजपाल सिंह प्रजापति, मनोज भटनागर, अरविंद वाल्मीकि, डॉ. राज बहादुर शर्मा, शौवीर सिंह, अमित शर्मा, यादराम सिंह सैनी, अमर सिंह वर्मा, राम सिंह, मेंबर जीत त्यागी आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह व पुलिस प्रशासन की टीम ने सुरक्षा व्यवस्था में विशेष सहयोग प्रदान किया।

### कृष्णा में परीक्षा परिणाम घोषित

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज आर्फ लॉ के विद्यार्थियों का बी.ए.एल.एल.बी. दशम सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

लॉ विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि छात्र हिमांशु वत्स ने 64.88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रीता ने 63.96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व रहनुमा ने 63.86 प्रतिषत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान तथा विभाग के प्रवक्ता डॉ. एम.ए. खान, शिवकुमार सिंह, विशाल विक्रम सिंह, पूजा ठाकुर, अभिषेक सिंह व दीपिका सिंह ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# धामपुर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित

## शांतिपूर्ण ढंग से निकला रामडोल का जुलूस, अखाड़े में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री बजरंगबली अखाड़ा ट्रस्ट की ओर से जन्माष्टमी पर नगर में भव्य श्रीरामडोल शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान युवाओं ने अखाड़े में हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों का मन मोह लिया।



शोभायात्रा की शुरुआत मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधाकृष्ण होरी महाराज मंदिर से हुई। अखाड़े के गुरु हरिओम शर्मा ने परंपरागत अखाड़ा खेलकर यात्रा का शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, पालिका अध्यक्ष रवि कुमार व पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता ने नारियल फोड़कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

नगर के मुख्य मार्गों से निकली शोभायात्रा का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

शोभायात्रा में डॉ. आयुष कुमार, सुमित महेश्वरी, विपुल वर्मा, मनमोहन भारद्वाज, विभूतिकांत शर्मा, प्रशांत चंद्रा, दीपक अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विजयपाल सिंह, गोपाल सिंह, नरेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# जीनत शेरबाज ने किया पौधारोपण

## स्वच्छता अभियान में मांगा जनता से निरंतर सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्याऊ।** चांदपुर नगर पालिका की चेयरपर्सन जीनत परवीन ने वृक्षारोपण करते हुए स्वच्छता अभियान में जनता से निरंतर सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि बिना जन सहयोग के कोई भी अभियान व आंदोलन सफल नहीं हो सकता है।



प्राप्त समाचार के अनुसार चेयरपर्सन जीनत परवीन ने वृक्षारोपण किया। उन्होंने वृक्ष लगाए और स्वच्छ भारत अभियान के तहत जनता को जागरूक करते हुए स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का संदेश दिया।

इस मौके पर चेयरपर्सन जीनत परवीन ने जनता से कहा कि जिस तरह देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान चलाकर देश के कई छोटे-बड़े शहरों को स्वच्छ व सुंदर बनाने का काम किया जा रहा है, इसी तरह नगर पालिका भी आपके शहर चांदपुर को स्वच्छ व सुंदर बनाना चाहती है। चांदपुर की जनता से आग्रह करते हुए जीनत परवीन ने कहा आप भी हमारे इस संकल्प में हमारा साथ दें। चांदपुर नगर पालिका की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में ही कूड़ा डालें। जगह-जगह कूड़ा सड़कों पर न डालें।

इस मौके पर चेयरपर्सन जीनत परवीन ने बताया कि नगर में पालिका द्वारा कुछ ऐसे कार्य भी कराई जा रहे हैं, जो चांदपुर को और अधिक सुंदर बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि बिना जन सहयोग के कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता है। इस मौके पर पालिका लिपिक मौहम्मद आदिल, सलमा आदि भी मौजूद रहीं।

# धूमधाम से निकला रामडोल जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** रामडोल जुलूस बड़ी धूमधाम के साथ निकाला गया। जुलूस का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर किया।



## अखाड़े में पहलवानों ने दिखाए करतब

रामडोल के जुलूस का शुभारंभ मुख्य अतिथि उमाकांत शुक्ला और रविन्द्र कुमार कौशिक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जुलूस में वीर बजरंगी अखाड़ा जीतपुर और सार्वजनिक अखाड़ा नांगल के पहलवानों ने अनेक करतब दिखाकर ग्रामीणों का मन मोह लिया। इसके साथ ही जुलूस झाकियों के साथ सुसज्जित होता हुआ मुख्य बाजार सहित गांव के कई मोहल्लों से निकाला गया। नगर भ्रमण के बाद श्रद्धालु कन्हैया लाल को गंगा स्नान के लिए मां गंगा के तट पर ले गए। कन्हैया लाल को स्नान के बाद एक बार फिर यह जुलूस देर रात्रि गांव के अनेक मोहल्लों से निकाला जाएगा। जिसके बाद बाजार वाले शिव मंदिर पर आकर समस्त होगा। जुलूस की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी सुशील कुमार सैनी, दरोगा सुनील पुनिया, उपेंद्र सिंह, पुलिस बल के साथ पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिए। जुलूस में सुशील शुक्ला, कैलाश दत्त शर्मा, मुकेश शर्मा, रामपाल सिंह, गोपाल शर्मा, दिनेश भुईयार, सुरेन्द्र सिन्हा,राकेश गोयल, नरेंद्र सिन्हा, ओमपाल सिंह, अतुल अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, कुलदीप शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, सूर्यप्रताप सैनी, मनोज उर्फ इल्लू, योगेश शुक्ला, विनय चौधरी, पंडित तुषार, अश्वनी शुक्ला, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# यूट्यूबर महक परी की कार ने बाइक में मारी टक्कर

## विवाद के बाद युवकों से भिड़ीं यूट्यूबर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। यूट्यूबर महक परी की कर चला रहे युवक ने बाइक में टक्कर मार दी तथा मौके से भाग निकला। युवकों ने पीछा कर युवक को बाइक से उतार जमकर पीटा। इस दौरान यूट्यूबर की युवकों से तीखी नोकझोंक हुई। किसी भी पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर नहीं दी है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र में कस्बा जोया स्थित साप्ताहिक बाजार के मैदान में नुमाइश लगी हुई है। बताया जा रहा है कि शनिवार देर शाम संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कलां निवासी विवादित यूट्यूबर महक परी मेले में आई थीं। घूमने के बाद यहां से वापस जाते समय दोनों बहनों की कार चला रहे युवक ने एक बाइक में टक्कर मार दी। आरोप है कि टक्कर के बाद युवक ने जब कार नहीं रोकी तो लोगों ने पीछा शुरू कर दिया। थोड़ी दूर जाकर कार को घेर लिया। युवक को कार से उतारने के बाद उसके साथ मारपीट कर दी। विवाद बढ़ते देख महक परी भी कार से उतर आई। इसके बाद दोनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोप है कि दोनों बहनों ने जमकर हंगामा किया। भीड़ में शामिल किसी युवक ने घटनाक्रम की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। हालांकि बाद में स्थानीय लोगों ने दोनों पक्षों को समझा कर मामला विवाद खत्म करा दिया। इसके बाद महक परी कार में सवार होकर वहां से चली गईं। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी, लेकिन तब तक दोनों पक्ष जा चुके थे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नही दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को गरजे ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। गाँव धनोरी खुर्द शुमाली के ग्रामीणों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया। गाँव की टूटी-फूटी सड़क और खस्ताहाल खड़ंजे से परेशान ग्रामीण सोमवार को भारी संख्या में तहसील मुख्यालय पहुँचे और जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को शिकायती पत्र सौंपकर तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की माँग की।

गाँव निवासी नन्हे ने बताया कि रमेश के घर से तेजपाल के घर तक लगभग 175 मीटर लंबा मार्ग कई वर्षों से खराब पड़ा है। यहाँ बने पुराने खड़ंजे पूरी तरह उखड़ चुके हैं। बरसात के दिनों में यह रास्ता कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाता है। ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। स्कूली बच्चे रोजाना इसी मार्ग से स्कूल जाते हैं और अक्सर फिसलकर चोटिल हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बुजुर्ग और महिलाएँ भी इस जर्जर मार्ग पर गिरकर घायल हो चुकी हैं। बावजूद इसके विभागीय अधिकारियों ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार पंचायत से लेकर तहसील स्तर तक अधिकारियों को अवगत कराया। मौखिक शिकायतों के साथ-साथ लिखित पत्र भी दिए गए, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। थक-हारकर अब उन्हें प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने कहा हमारे बच्चों और बुजुर्गों की जिंदगी रोजाना खतरे में रहती है। सड़क की मरम्मत सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अगर हमारी समस्या जल्द नहीं सुलझी तो हम बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। शिकायती पत्र पर सोनू, अमर सिंह, महेश, संजय, नितिन, विपिन, काले, राहुल, धर्मपाल, नवीन कुमार, जयपाल, नीरज, छोटे, गोविंद, अमित, अमर सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर थे। सभी ने एक सुर में सड़क को दुरुस्त कराने की माँग की।

# धारदार हथियार मार युवक को किया घायल

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में कहा सुनी के बाद हुई मारपीट में एक पक्ष के युवक के हाथ में धारदार हथियार मार कर घायल कर दिया।पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर माफी निवासी रविंदर पुत्र विजयपाल एवं विजय पुत्र श्रीपाल की कुछ दिन पूर्व कहा सुनी के बाद मारपीट हो गई थी। लेकिन दोनों पक्षों के द्वारा कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई थी। रविंदर का आरोप है कि सोमवार को उसके ताऊ के लड़के की दुकान पर पहुंच कर विजय के भाई उत्तम द्वारा गाली गलौज शुरू कर दी गई। इसी बीच रविंद्र अपने भाई बृजपाल उर्फ बिरजू के साथ गांव से आ रहा था तो उत्तम से कहा सुनी के बाद मारपीट हो गई। बृजपाल उर्फ बिरजू का आरोप है की मारपीट के दौरान उत्तम द्वारा धारदार हथियार से उसके हाथ पर बार कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गये और एक दूसरे पर आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग करने लगे। वहीं उत्तम की मां के द्वारा बृजपाल एवं उसके भाई पर छेड़छाड़ एवं मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि मारपीट के दौरान एक घायल हो गया है घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया है।

# समस्याओं के निस्तारण में बरतें लापरवाही

## डीएम-एसपी ने सुनी शिकायतें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि वह जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उनके सामने 22 शिकायतें आई। जिनमें चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद जनता की शिकायतें सुन रहे थे। इस दौरान कुल 22 शिकायतें दर्ज कराई गई। जिसमें राजस्व की 10, विद्युत की पांच, तीन पुलिस, दो आपूर्ति विभाग, एक-एक शिकायत शिक्षा व विनियमित क्षेत्र से थी। मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। जबकि कुछ मामले में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम बनाकर मौके पर भेजा गया। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने शिकायतों के फीडबैक की समीक्षा के दौरान नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि वह समय सीमा में जनता की शिकायतें का संतोषजनक समाधान करें। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि पुलिस व राजस्व विभाग की टीम आपस में सांमजस्य स्थपित करे मौके जाये तथा समस्याओं का निस्तारण करें। इस मौके पर सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, एसडीएम शशि भूषण पाठक, सीओ शक्ति सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आभा दत्ता मौजूद रहीं।

# खुजली व बुखार के मरीजों की बढ़ी संख्या

## मौसम बदलते ही लोगों को बीमारियों ने जकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मौसम में बदलाव आते ही नई नई बीमारियां भी शुरू होने लगी है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है।

सोमवार को 3 दिन की छुट्टी तमाशा होने के बाद जैसे ही साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वार खुले तुरंत बाद ही मरीजों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। दवाई का पर्चा बनवाने के लिए खिड़की पर मरीजों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। चिकित्सकों से चेकअप कराने के लिए मरीजों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने बताया सबसे अधिक मरीज खुजली से प्रभावित है। बुखार के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। अब धीरे-धीरे मौसम बदलने लगा है। इसके साथ ही बीमारियां भी बढ़ने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों की संख्या अधिक बढ़ रही है। उधर चिकित्सकों का कहना है की बरसात होने के कारण पानी में समस्या आ रही है। पानी को गर्म कर ठंडा करने के बाद सेवन करें। स्वास्थ्य विभाग में मरीजों की संख्या में हो रहे इजाफे को देखकर इसकी तैयारी करनी शुरू कर दी है।

## योगेन्द्र बने रामलीला समिति के अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। श्री शिव महामंडल रामलीला समिति द्वारा सर्व सहमति से पंडित योगेंद्र शर्मा को समिति का अध्यक्ष घोषित किया गया है. सभी सदस्यों द्वारा फूलमाला बनाकर नव नियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया गया। सोमवार को नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के प्रांगण में श्री शिव महामंडल रामलीला समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आगामी सत्र के लिए समिति के अध्यक्ष का चयन करना था। श्री रामलीला परिसर के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल द्वारा सर्व सहमति से पंडित योगेंद्र शर्मा को श्री शिव महामंडल रामलीला समिति 2025 का अध्यक्ष घोषित किया गया। रामलीला परिसर के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल द्वारा बताया गया की 15 सितंबर को झंडा पूजन, 20 सितंबर को भगवान श्री राम की लीलाओं का मंचन प्रारंभ किया जायेगा। 24 सितंबर को राम बारात, 2 अक्टूबर को रावण दहन, 3 अक्टूबर को राम भरत मिलाप शोभा यात्रा एवं 4 अक्टूबर को श्री राम की राजगद्दी का कार्यक्रम किया जायेगा। नव निर्वाचित अध्यक्ष पंडित योगेंद्र शर्मा द्वारा बताया गया कि बहुत ही सुंदर तरीके से भगवान श्री राम की लीलाओं का मंचन कराया जायेगा। बैठक में राकेश अग्रवाल,तरुण अग्रवाल,पुनीत अग्रवाल,मोहित शर्मा, राजू शर्मा,अर्जुन यादव,विनोद कुमार, वेद प्रकाश यादव,सतवीर गिरी,पप्पू गिरी,देवेंद्र शर्मा,संजीव शर्मा,जितेंद्र शर्मा,उमेश,महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गजरौला थाने में फैले भ्रष्टाचार पर रोक की मांग

## भाकियू खालसा ने डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गजरौला पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ भाकियू खालसा के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच थाने में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग को डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उनका आरोप था कि पैसे चोरी की शिकायत करने थाने पहुंचे किसान का पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया।

सोमवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कई पदाधिकारी कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देकर गजरौला पुलिस पर मनमानी करने का आरोप लगाया। कहा कि थाने में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। गजरौला पुलिस का आचरण अत्यंत चिंता. जनक है। पुलिस से न्याय की उम्मीद लेकर आने वाले पीड़ितों को धमकाया जाता है। पीड़ितों का ही शांति भंग में चालान कर दिया जाता है। पुलिस द्वारा समझौते के नाम पर धन उगाई की जाती है। पैसा नहीं देने पर समझौते वाले मामलों में भी चार्जशीट लगाकर मामले को आगे बढ़ा दिया जाता है। पुलिस के द्वारा आम नागरिकों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। आरोप लगाया कि 29 जुलाई को थानाक्षेत्र के धारापुर गांव के रहने वाले किसान नेता सतेंद्र चौधरी की कार से रुपये चोरी हो गए थे। इस मामले में उन्होंने नामजद शिकायत की थी। बावजूद इसके पुलिस ने सतेंद्र चौधरी का ही शांति भंग में चालान कर दिया। इतना ही नहीं कुमराला गांव के मंदिर पर रहने वाले महाराज दयाराम दास के साथ कुछ लोग मारपीट करते हैं। उनके साथ अभद्रता की जाता है। इस संबंध में पुलिस से शिकायत की गई तो आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे ही सुलतान ठेर गांव के रहने वाले पीड़ित वीर सिंह के मामले में भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस ने सभी मामलों में कार्रवाई नहीं की तो 21 अगस्त को संगठन के पदाधिकारी गजरौला थाने में धरना देंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान किसान नेताओं ने एसपी कार्यालय में भी शिकायती पत्र दिया। इस दौरान महेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, नितिन चौधरी, डॉ. प्रिया सिंह, हितेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# दो दुकानों से पकड़ा गया नामीगिरामी कंपनी का नकली सामान

**छापेमारी**

**● कंपनी के मैनेजर ने पुलिस को साथ लेकर की छापेमारी**



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दिल्ली के वजीरपुर क्षेत्र में स्थित समिता लीगल कंपनी के मैनेजर ने मेसर्स रेकिट बेंकिजर इंडिया प्रा.लिमिटेड के नकली सामान बेचने वाले दुक. ानदारों पर पुलिस के साथ छापेमारी की। दो दुकानों पर भारी मात्रा में कंपनी का नकली सामान बरामद हुआ। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों दुकानदारों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मैनेजर तौकीर चौधरी निवासी के.12 जेजे कॉलोनी वजीरपुर दिल्ली ने थाना पुलिस को दुक. ानदारों द्वारा उनकी कंपनी का नकली सामान बेचने की जानक. ारी दी और छापेमारी के लिये पुलिस टीम की मांग की, साथ ही पुलिस अधीक्षक का आदेशित पत्र भी प्रस्तुत किया। जिसके बाद मैनेजर व उनकी टीम को पुलिस बल दिया गया। इसके बाद टीम ने पुलिस की मौजूदगी में मोहल्ला जलालनगर सलेमपुर रोड नई बस्ती कस्बा व थाना गजरौला स्थित अयान कॉस्मेटिक स्टोर व जोयन कॉस्मेटिक स्टोर नाम दो दुकानों की तलाशी लेने पर लेने पर भारी मात्रा में कंपनी का नकली सामान बरामद किया गया। बरामद माल को जब्त किया गया। मैनेजर तौकीर चौधरी ने पुलिस को तहरीर सौंपी, जिसके आधार पर पुलिस ने अयान कॉस्मेटिक स्टोर के स्वामी अनवर व जोयन कॉस्मेटिक स्टोर के स्वामी दिलशाद के विरूद्ध कॉपीराईट एक्ट सहित अन्य संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और विवेचना अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह को सौंपी गई है। वहीं छापेमारी के कारण आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। हर कोई छापेमारी का कारण जानने का उत्सुक नजर आया।

## समाधान दिवस में 16 शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। तहसील सभागार में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी मिश्र ने अध्यक्षता की। साथ ही उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 16 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से केवल 2 का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। शेष शिकायतों को विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार मूसाराम थारू, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, योगेश लोधी, नगर पंचायत की ईओ दीपालिका यादव, बीईओ प्रकाश. चंद, बीडीओ नरेंद्र गंगवार, एडीओ पंचायत योगेन्द्र सिंह, एसडीओ राजन सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सीडीओ अश्वनी मिश्र ने कहा संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना है। सभी विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं। जनता की शिकायतों को केवल निस्तारित दिखाना ही नहीं, बल्कि सही मायनों में समाधान करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

## 17 वारंटी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर जिला पुलिस ने अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे 17 वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। सोमवार को पुलिस ने गैर जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए खास अभियान चलाया। नगर कोतवाली पुलिस ने दो, गजरौला पुलिस ने पांच, बछरायूं पुलिस ने छह, रजबपुर पुलिस ने दो, हसनपुर कोतवाली व आदमपुर पुलिस ने एक-एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। एसपी के मुताबिक अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा। गिरफ्तार वारंटियों को दोपहर बाद संबंधित कोर्ट में पेश कर दिया गया।

## एएसएम के पांच खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन




**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। एएसएम बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज के पांच खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर हैंडवाल प्रतियोगिता के लिय हुआ है। 21 अगस्त को आगरा में राज्य स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें एएसएम बाल विद्या इंटर कालेज अंडर 19 टीम में पारसदीप, अनिकेत, दिपांकर, वैभव, निर्भय, विशांत, मुजस्सिम जबकि अंडर 17 में अर्श, कौशल चौधरी, मोहम्मद उजैर, निर्भय चौधरी का चयन हुआ है। उधर जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में एएसएम की टीम ने जीत हासिल की। प्रबंधक वीरेन्द्र गुप्ता व प्रधनाचार्य योगेन्द्र कुमार शर्मा ने विजेता टीम को सम्मानित किया।

# एक ही स्थान पर लगे बीएलओ की ड्यूटी

## प्रदर्शन कर तहसीलदार को दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बीएलओ ने चुनाव में डबल ड्यूटी लगाये जाने को लेकर इसका कड़ा विरोध किया है। दोनों में से एक ड्यूटी कटवाये जाने की मांग की है।

सोमवार को तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंप दिया। बीएलओ ने बताया कि उनकी ड्यूटी विधानसभा चुनाव में पहले से ही लगी हुई है। अब उनकी पंचायत चुनाव में दूर दूर ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि डबल ड्यूटी लगने के करण बीएलओ को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बीएलओ की ड्यूटी एक स्थान पर लगाई जाये ताकि वह अपने कार्य को ईमानदारी के साथ अंजाम दे सके। उन्होंने कहा कि बीएलओ की जो भी समस्याये हैं उनका जल्द समाधान किया जाये। ज्ञापन देने वालों में मोमराज सिंह भूरे सिंह, तौशीद खान, प्रीति पाल सिंह, अंकेश, जसवंती, भारत सिंह, जगत सिंह, ग्रीन चंद, सौदान सिंह, कुलदीप सिंह आदि मौजूद थे।

# हार्टअटैक से सफाई कर्मी की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुर्जर गांव में हृदयाघात से एक सफाई कर्मी की मौत हो गई। अचानक हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी पतराम सिंह पाल के 35 वर्षीय इकलौते बेटे तेजपाल सिंह पाल गजरौला ब्लाक के सादुल्लापुर ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारी थे। रविवार की रात खाना खाने के बाद वे सो गए। देर रात उनकी पत्नी ममता जागी तो देखा कि तेजपाल चारपाई पर अचेत पड़े हैं। शंका होने पर उसने अपनी सास लीला देवी और ससुर पतराम सिंह को जगाया और आनन-फानन में उन्हें चिकित्सक के पास ले जाया गयाद्य जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।तेजपाल सिंह के निधन की खबर मिलते ही स्वजनों में को. हराम मच गया। मृतक अपने पीछे तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। इकलौते बेटे की मौत से वृद्ध माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।

# महिला से मारपीट में चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। डेयरी से दूध लेने गयी महिला के साथ युवकों ने गाली गलौच शुरू कर दी। विरोध पर उसे पीटकर घायल कर दिय। चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। देहात थाना क्षेत्र के घनसूरपुर बवनिया गांव में राजवीर सिंह का परिवार रहता है। उन्होंने दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक 17 अगस्त की दुकान 3:30 बजे उनकी पत्नी अंजलि दूध की डेयरी से अपने रुपये लेने गई थी। तभी यहां मौजूद सचिन, मनीष, रमेश, उधम ने उन्हें गालियां दीं। विरोध करने पर मारपीट की। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मामले में पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बुखार से आईटीआई छात्र की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। बुखार की चपेट में आकर आईटीआई के छात्र की मौत हो गई। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी में हिमांक त्यागी पुत्र गजेंद्र त्यागी को कई दिनों से बुखार आ रहा था। परिजन उसका गांव में ही उपचार करा रहे थे। हिमांक को अचानक बीते दिन तेज बुखार आ गया। परिवार के लोगों ने हसनपुर के निजी अस्पताल में छात्र को भर्ती कराया। लेकिन जब यहां पर कोई हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन उसे मुरादाबाद के अस्पताल में ले गये। लेकिन तमाम कोशिशो के बावजूद भी आईटीआई के छात्र हिमांक को बचाया नहीं जा सका सोमवार को उपचार का दौरान हिमांक आयु 21वर्ष की मौत हो गई। छात्र की मौत की खबर जैसे ही गांव में पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। हिमांक की मौत से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि छात्र हिमांक बड़ा ही होनहार व मिलनसार था। गमजदा माहौल में छात्र के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# दुकानों के ध्वस्तीकरण की डीएम ने तहसीलदार को सौंपी जांच

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंची दुकानों के ध्वस्तीकरण की गूंज
- अपने कक्ष में किराएदारों को लेकर गए तहसीलदार
- नक्शा नजरी पर हस्ताक्षर कराकर किराएदारों को थमाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने 57 शिकायतों को सुना जिनमें से चार का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। उधर बदायूं दरवाजा हसनपुर रोड स्थित रशीद मार्केट की दुकानों को ढहाने के मामले में पीड़ित दुकानदार जिलाधिकारी से मिले और ज्ञापन सौंप प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने व भूमाफियाओं के विरूद्व जांच कराने की मांग की।

तीन दिन की सरकारी अवकाश के बाद सोमवार को नवीन तहसील भवन के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों की टीम ने जन शिकायतें सुनी। दो बजे तक चले सम्पूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक राजस्व विभाग के 33 शिकायतों के अलावा, पुलिस की 8 तथा विकास व खाद्यय एवं रसद विभाग की 04-04 तथा अठ अन्य विभागों से सम्बंधित शिकायतें दर्ज की गई। कुल दर्ज 57 शिकायतों में 04 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेषी बची शिकायतों को समयबद्व तरीके और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करनेहेतु निर्देशित कर विभागो भेज दिया गया। जबकि स्वास्थ्य व शिक्षा व समाज कल्याण विभाग से सम्बंधित कोई भी फरियादी शिकायत दर्ज कराने नहीं पहुंचा। उधर जिलाधिकारी जैसे ही उपजिलाधिकारी कक्ष से बाहर निकले तो बाहर उनकी प्रतीक्षा कर रहे पीड़ित दुकानदारों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए एक शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि हसनपुर रोड स्थित मुसाफिर खाना के निकट नगर पालिका सीमा में स्थित है। मरगूब हुसैन व महबूब हुसैन पुत्रगण अब्दुल रशीद श्रीमति अफसरी बेगम आदि ` स्वामित्व वाली दुकानों का हम किराएदारों के बीच एक वाद 299/2025 राहत अली बनाम सलमान आदि दीवानी न्यायालय सम्भल में विचाराधीन है। कार्यालय तहसीलदार सम्भल के द्वारा नोटिस सं. 32 दिनांक 08 अगस्त 2025 दुकानात मालिक के स्थान पर हम किराएदारों के नाम जारी कर तीन दिवस में अपना पा प्रस्तुत न करने पर प्रशासनिक कार्यवाही की चेतावनी दी गइ। जिसके अनुपालन में किराएदारों ने व्यक्तिग रूप से उक्त नोटिस का जवाब तहसीलदार कार्यालय में 12 .08.205 को प्राप्त करा दिया गया था। इसके अलावा अन्य उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया था। इसके बावजूद न तो नोटिस का विधिवत निस्तारण किया और ना ही उच्चाधिकारियों ने हमारी पीड़ा सुनी। जबकि 13 अगस्त 2025 को तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र कुमार सिंह न उनकी टीम ने बदायूँ दरवाजा हसनपुर मार्ग के निकट बल पूर्वक दुकानों को बुल्डोजर से ध्वस्त कर दिया। शिकायत में पुलिस-प्रशासन पर गैर कानूनी कार्यवाही कर सपा के पूर्व नगराध्यक्ष समेत कथित फरार भाजपा के भूमाफिया समेत कई अन्य को फायदा पहुंचाने की शिकायत की। दुकानदारों ने जिलाधिकारी से उनकी रोजी रोटी छीनने वाले व उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच किसी उच्चाधिकारी से कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगायी। उधर जिलाधिकारी ने शिकायती पत्र का संज्ञान लेकर बगल में खड़े तहसीलदार धीरेन्द्र कुमार से पीड़ित दुकानदारों के प्रकरण की जानकारी चाही तो वह बगलें झांकने लगे। कोई संतोष जनक उत्तर न मिलने पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को मामले की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इसी बीच राजस्व लेखपाल मुकेश यादव व धारीवाल पीड़ित दुकानदारों को तहसीलदार कक्ष में ले गए। जहां कुछ देर रूकने के बाद पीड़ित दुकानदार वापिस बाहर आए और मीडिया को बताया कि तहसीलदार ने एक नजरी नक्शा तैयार कर उस पर उनके हस्ताक्षर कराकर उन्हे सौंप दिया है। दुकानदारों का कहना था कि तहसीलदार से जब उन्होने उनका पक्ष सुने बिना ध्वस्तीकरण का कारण जानना चाहा तो उन्होने दो टका सा जवाब दे दिया कि यह सब कार्यवाही उच्चाधिकारियों के आदेश पर अंजाम दी गई है।



सम्भल-बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्त की गई दुकानों की जांच व कार्रवाई की मांग करते किराएदारों की शिकायत पर तहसीलदार से जानकारी लेते डीएम।

# दुकानों को ढहाने का मामला गरमाया, फूलने लगी भूमाफियों की सांसें

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में कई भूमाफिया मिले चहल कदमी करते

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हसनपुर रोड पर बदायूँ दरवाजा स्थित दर्जन भर दुकानों के ध्वस्तीकरण मामले के तूल पकड़ने के बाद जमीनों की खरीद-फरोख करने वालों की सांसे फूलने लगी हैं। सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के समाप्त होने के बाद जब पीड़ित दुकानदार जिलाधिकारी को अपना दुखड़ा सुना रहे थे तो वहां कई ऐंसे चेहरे भी दिखायी दिए जो विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व राजनीतिक दलों से जुड़े हुए हैं। काफी देर तक इस तरह के लोग तहसील परिसर में टहलते रहे और अफसरों के रूख को भांपने की कोशिश करते रहे। इस पंक्तियों के लेखक ने जब एक महिला नेत्री से बदायूँ दरवाजा में विधि विरूद्व रूप से ढहायी गई दुकानों के सम्बंध में उनका पक्ष जानना चाहा तो उसने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। उधर 24 नवम्बर की घटना के बाद एकाएक सार्वजनिक स्थानों पर दिखायी देने वाले राजनैतिक दल से जुड़ा युवक भी काफी सक्रिय रहा और दो दिन पूर्व शेरखां सराय में बुल्डोजर कार्रवाई से पीड़ित युवक से गलबहियां करते हुए टोह लगाता हुआ नजर आया। चिंताजनक पहली यह है कि एक तरफ सरकार भूमाफियाओं के विरूद्व कायवाही करने का दावा करती है वहीं नौकरशाही की मिली भगत के चलते भूमाफिया अपने कारोबार में एकाएक दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं। जबकि गरीब परिवारों को दो जून की रोटी के लिए भी यहां से वहां भटकना पड़ रहा है लेकिन उनकी कोई फरियाद नहीं सुनी जा रही है।

# बुलडोजर जस्टिस पर सवाल उठाने वाले विधायकों के गुर्गे छीन रहे हैं गरीबों का रोजगार

- सपा की छवि धूमिल करने वालों पर हाईकमान भी खामोश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भाजपा के बुल्डोजर जस्टिस को लेकर जहां इंडिया गठबंधन मुखर दिखायी देता है वहीं उसके एक घटक समाजवादी पार्टी के विधायकों से जुड़े लोग गरीबों पर बुल्डोजर चलवाने में पुलिस-प्रशासन के साथ खड़े दिखायी दे रहे हैं। हालांकि पीड़ित दुकानदार न्याय पाने की आस अभी भी सपा विधायकों से लगाए बैठे हैं।

दिल्ली मध्य प्रदेश, उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश में जब गरीबों के मकानों पर बुल्डोजर ने कहर ढहाया है तो जमीअत उलेमा हिंद ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया था। जिस पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने आदेश पारित कर सभी प्रदेश सरकारों को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के लिए एक गाइड लाइन जारी की थी। जिससे उन लोगों को राहत मिली थी जिनके खिलाफ आये दिन बुल्डोजर की कार्रवाई बिना किसी कानून व कायदे के की जा रही थी। इसके अलावा विपक्षी दलों ने भी बुल्डोजर जस्टिस के खिलाफ आवाज बुलंद कर जनता का दिल जीत लिया था, लेकिन जैसै-जैसे समय बीतता गया वैस-वैस एक बार फिर बुल्डोजर जस्टिस की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। लेकिन इस बार प्रशासन ने सम्भल में जिन दुकानों व कब्रिस्तान को जे सी बी चलाकर ध्वस्त किया है उसमें कुछ ऐंसे चर्चित चेहरे भी सामने आये हैं जो कांग्रेस व समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दलों से जुड़े हैं और काफी समय से जमीन की खरीद-फरोख्त के कारोबार में लगकर धन कुबेर बन चुके हैं। इनमें समाजवादी पार्टी के एक नहीं बल्कि दो-दो विधायकों के कटटर सर्मथक भी शामिल हैं। अब पीड़ित दुकानदारों के सामने सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि वह जब अपनी पीड़ा लेकर जन प्रतिनिधियो से मिलते हैं तो फौरन ही उनके कटटर सर्मथक उन पर दबाव बनाना शुरू कर देते हैं। जिसके कारण पीड़ित लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा। सूत्रों का कहना है कि सपा के पूर्व नगराध्यक्ष के साथ महिला विधायक का कटटर सर्मथक भी पुलिस-प्रशासन से निकटता बनाये हुए है। जिसके बल पर गरीब लोगों के मुँह से निवाला छीन लिया गया है। आलम यह है कि भूमाफिया की पृष्ठभूमि वाले इन राजनीतिज्ञों ने अब मीडिया प्रेस को भी निशाने पर ले लिया है। दबी जबान में धमकियां दी जा रही हैं कि लेखनी पर विराम लगा दो। अब सवाल यह है कि जिन प्रतिनिधियों का आम नागरिक के वोट से विधानसभा पहुंचने का रास्ता आसान होता है अब उसी आम नागरिक को भूमाफिया व राजनीतिक गठजोड़ के कोप का भाजन बनना पड़ रहा है। बहरहाल अब न्याय के लिए पीड़ित किसकी चौखट पर पहुंचे यह सवाल हर उस शख्स के मन में कौंध रहा है जो जरा भी सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ है। इतना ही नहीं विपक्षी दलों की छवि को धूमिल करने वालों पर न तो हाइ कमान कोई कार्रवाई कर रहा है और न ही पुलिस-प्रशासन उन पर कोई शिकंजा कसने का नजर आता है।

# कम प्रगति वाले अधिकारियों को चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** स्वास्थ्य समिति की बैठक में आकांक्षात्मक बिंदुओं पर चर्चा की। जबकि स्वास्थ विभाग में जिस अधिकारी के स्तर पर प्रगति कम है उसको कठोर चेतावनी दी।

# खड़ी कार से दो बाइकों की ज़ोरदार टक्कर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दो बाइक सवारों ने एक ही कार में जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए घायल को सीएचसी में कराया भर्ती।

पवांसा क्षेत्र किसौली में हाईवे किनारे लापरवाही से खड़ी विद्युत विभाग की कार हादसे का कारण बन गई। सोमवार को विद्युत विभाग की टीम ग्राम किसौली में चैकिंग करने के लिए आई थी। हाईवे के पास अपनी कार खड़ी कर गांव में बिजली चैकिंग करने चले गए। वीरपाल पुत्र रामफूल निवासी ग्राम किसौली थाना बहजोई बाइक से घर आ रहा था। हाईवे किनारे खड़ी विद्युत विभाग की कर में बाइक चालक में जोरदार टक्कर मार दी। इसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने भी विद्युत विभाग की कर को टक्कर मार दी दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए और घायल अवस्था में सड़क पर गिर गए। पास सही गुजर रहे ग्रामीण में दोनों बाइक चालक को घायल अवस्था में देख। घटना की सूचना तुरंत ही डायल 108 एम्बुलेंस को दी गई। लेकिन काफी समय इंतजार करने के बाद जब घटनास्थल पर एंबुलेंस नहीं पहुंची ग्रामीणों ने दोनों घायल बाइक चालक को निजी वाहन से तुरंत ही उपचार के लिए सीएससी बहजोई में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही दोनों घायलों के परिजन बहजोई सीएचसी पहुंचे। सूत्रों की माने तो बताया जा रहा है दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# बकायदारों के संयोजन किए गए विच्छेदन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार विद्युत वितरण खंड बबराला के कैल गांव में बिजली बिल बकायदारो के विरूद्व डोर-टू डोर अभियाल चलाकर अस्थायी संयोजन विच्छेदन की कार्यवाही की। 45 पर बिल जमा न करने पर विभागीय कार्यवाही की।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-मां भगवती की शोभायात्रा को भूमि पूजन करते।

# 50वीं शोभायात्रा के शुभारम्भ पर भूमि पूजन

**सम्भल।** श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति के द्वारा 30 सितंबर को दुर्गा अष्टमी के मौके पर शहर में निकाली जाने वाली मां भगवती की 50 वीं विशाल शोभायात्र (स्वर्ण जयंती महोत्सव) की तैयारी शुरू करने से पूर्व भूमि पूजन किया गया।

छंगामल कोठी पर स्थित शिव मंदिर पर राजेश सिंघल, विवेक गोयल, कशिश कौशल, अभिनीत माथुर, और नवनीत कुमार ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन किया। पंडित चंदन मिश्रा ने विधि विधान और मंत्रों के उच्चारण के साथ समिति के पदाधिकारी अतुल अग्रवाल, अनुज रस्तोगी, मयंक गुप्ता, शशांक अग्रवाल, अभिनव माथुर, अमित अग्रवाल, गोपाल शर्मा से भगवान श्री गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना कराई। तत्पश्चात लकड़ी के तख्ते में कील ठोंककर तैयारियां शुरू करने के लिए भूमि पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्य शैलेन्द्र अग्रवाल, अर्पित सक्सेना,आशुतोष कथूरिया,विजय कुमार, आलेश गुप्ता के द्वारा भगवान गणेश जी की और मां अम्बे जी की आरती की गई और पंडित चंदन मिश्रा के द्वारा सभी सदस्यों को प्रसाद वितरित किया।

# श्रीरामलीला कमेटी के पदाधिकारियों का स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक संस्थाओं ने श्री रामलीला कमेटी सम्भल के नव मनोनीत पदाधिकारी अध्यक्ष एवं प्रबंधक का शॉल ओढ़ाकर, बुके भेंट कर स्वागत किया।

नीमसार तीर्थ पर अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े नागरिकों ने अध्यक्ष अनंत अग्रवाल तथा प्रबंधक वैभव गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर, पटके पहना कर बुके भेंट कर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने कहा कि उत्तम व्यवस्थाओं के साथ रामलीला, शोभायात्रा, दशहरा मेला को प्रेरक एवं आदर्श स्थापित करने वाला बनाएंगे। जिसमें संपूर्ण हिंदू समाज का पूर्ण सहयोग वांछित रहेगा। प्रबंधक वैभव गुप्ता ने कहा कि 15 दिन चलने वाली श्री रामलीला प्रभु श्रीराम का कार्य है। इस कार्य में पुलिस, प्रशासन, सामाजिक, धार्मिक संगठनों तथा जन सामान्य का स्मरणीय सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने सभी संगठन संचालकों सहित संपूर्ण समाज की प्रसन्नता पर आभार व्यक्त किया। नीमसार तीर्थ के महंत बाल योगी श्री दीनानाथ महाराज ने श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल एवं प्रबंधक वैभव गुप्ता को विशेष आशीष देकर प्रभु राम कार्य को विधिवत व परंपरागत रूप से करने को कहा।

# विशेष शिविर में दिव्यांगों को जारी किए गए प्रमाण पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं डूडा विभाग तथा एलडीएम एवं एनआईसी उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधाान में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जबकि रजिस्टर चेक कर दिव्यांगों से वार्ता की। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के लिए लगने वाले शिविरों में दिव्यांगों को किन किन योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है उसकी सूचना दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की रोस्टर बैठक में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। विशेष शिविर में 18 दिव्यांगजन आये तथा 8 दिव्यांगों को दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी किये

# दिल्ली से लखनऊ तक स्वाभिमान यात्रा सफल बनाने का आह्वान

- भाकियू बीआरएसएस करेगी अक्टूबर माह में आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।

मौहल्ला चौधरी सराय में युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष सुफियान पाशा के नेतृत्व में इस्माइल खां के आवास पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि संगठन द्वारा अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में भारत की मिटटी भारत स्वाभिमान क्रांति रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ दिल्ली जंतर मंतर से एवं समापन लखनऊ में होगा। जिसको सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद में जन जागरण अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया जा रहा है। कुलदीप शर्मा ने एकजुट होकर कार्यक्रम सफल बनाने का आहवान किया। कार्यकारिणी द्वारा संगठन विस्तार में इस्माइल खां को जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा नियुक्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से मिंकू चौधरी, शिवनारायण सैनी, मेहंदी हसन, शुभम चौधरी, सुफियान पाशा, इस्माइल खां, मो. हसन, दाऊद, तहजीब आलम, अकरम, असलम, शाहिद, मुजम्मिल, मुजाहिद, मुशर्रफ, रहीस, जहांगीर, मो. हनीफ, शरीफ, सुनील कुमार, सुबहान अनीश, यामीन एवं महिला कार्यकर्ता अतलेश देवी ब्लॉक सचिव आदि उपस्थित रहे।

# उपजिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया जहां उपजिलाधिकारी गुन्नौर वंदना मिश्रा की अध्यक्षता में आम जन की समस्याएं सुनी गई। जहां राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा 27 शिकायतें आई जबकि पुलिस विभाग से 4 पूर्ति विभाग से 3 चकबंदी विभाग से 2, ग्राम विकास विभाग से 6, विद्युत विभाग से 1,समाज कल्याण विभाग से 1 कुल मिलाकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में 44 शिकायतें आई जिनमें राजस्व विभाग की 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष 41 शिकायतों को लेकर संबंधित को समय अनुसार निपटारा करने के लिए को निर्देश दिए गए। गुन्नौर उपजिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही बरतने वालें संबंधित को बख्शा नहीं जाएगा आमजन की शिकायतों को लेकर संबंधित गंभीरता से लें।

# एथनॉल मिश्रित पेट्रोल बेचे जाने के खिलाफ सेना ने खोला मोर्चा

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** देश भर में पेट्रोल के साथ एथेनॉल मिलाकर बेचे जाने पर आजाद अधिकार सेना ने मोर्चा खोल दिया है। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर भारत सरकार द्वारा 20प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के निर्णय पर गम्भीर सवाल खड़े किए और संस्तुति के आधार पर ही एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के बेचे जाने पर निर्णय लिए जाने की मांग की।

आजाद अधिकार सेना ने आज प्रदेश महासचिव खिजर गौस के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति के नाम उप जिला अधिकारीको ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि देश की अधिकतर गाड़ियां अभी 10 प्रतिशत से अधिाक एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को खपाने की क्षमता नहीं रखती हैं। इसलिए 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से पर्यावरण, माइलेज और वाहन, तीनों को नुकसान होने की पूरी संभावना है। जहां अन्य देशों में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल शुद्व पेट्रोल से सस्ता है लेकिन भारत में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का दाम शुद्व पेट्रोल के बराबर रखा गया है, जो अनुचित है। जबकि भारत में उपभोक्ता को यह विकल्प भी नहीं दिया गया है कि वे कितना प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल खरीदेंगे और सभी को अनिवार्य रूप से 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल लेना है, जो गलत है. आजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति से इस मामले में उच्चस्तरीय तकनीकी विशेषज्ञों की समिति बनाकर निष्पक्ष जांच करते हुए उसकी संस्तुति के आधार पर ही एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के बेचे जाने पर निर्णय लिए जाने की मांग की। इस मौके पर जरीफ मिर्जा, फैजान खान, किशन पाल सैनी, डा. शाहनवाज चौहान, रागिब हुसैन, देवानंद, मनोज कुमार, सुदेश कुमार, उस्मान खान, पराग गुप्ता, दानिश सलमानी, दीपक वाल्मीकि, उमर, आरिफ मसूदी, शाकिर मसूदी, आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- कुराश प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी।

# जूडो चैम्पियनशिप में माधव को मिला सिल्वर मेडल

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश कुराश संघ द्वारा 16 व 17 अगस्त को कुराश प्रतियोगिता का आयोजन डा.. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में सम्भल जिले की टीम में त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल एवं कन्या गुरुकुल कल्याणपुर की छात्र-छात्रओं ने भाग लिया। बालिका वर्ग में 24 किलो भार वर्ग में सुनीति पुत्री अरुण कुमार निवासी खानपुर खुम्मार नें प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में 25किलो भार वर्ग में अभय सागर पुत्र महेंद्र सिंह निवासी खानपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 25 किलो भार वर्ग में माधव पुत्र गजेंद्र यादव निवासी अझरा ने सिल्वर मेडल जीतकर जिला तथा अपने गांव समाज का नाम रोशन किया है। मेडल जीत कर लौटे सभी खिलाड़ियों का अखाड़े पर जोरदार स्वागत किया गया। अखाड़े के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने इन बाल खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए छत्तीसगढ़ के रायपुर राष्ट्रीय स्तर की होने वाली प्रतियोगिता में मेडल जीतने की ईश्वर से प्रार्थना की। आयुषी सागर, तराना जहां, ललिता गौतम, सम्राट चौधरी, गुरमीत सिंह, हरगुन ढिल्लों, विजयपाल त्यागी, आर्य पुष्पेंद्र त्यागी, रामौतार पुरी महाराज, आर्य भोले सिंह त्यागी सचिव जिला कुराश संघ व पूर्व एमएलसी भारत सिंह यादव अध्यक्ष कुराश संघ मौजूद रहे।

# सुभाष चंद्र बोस को पुण्य तिथि पर किया याद

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** रविराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिजोड़ा डांडा में सुभाषचंद्र बोस की पुण्यतिथि पर याद किया गया।प्रधानाचार्य संजय शर्मा ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने भारत की आजादी को अंग्रेजों से लोहा लिया। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया। उनके क्रांतिकारी कदम ने अंग्रेजों के नाक में दम कर दिया था। वह बहुत साहसी थे। उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर चित्र शर्मा, कल्पना, अर्चना, नेत्रपाल सिंह, योगेंद्र आदि थे।

# अभाविप ने अभियान में कराई सदस्यता ग्रहण

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बी डी इंटर कॉलेज सराय तरीन में छात्र छात्राओं को सदस्यता अभियान चलाकर सदस्यता ग्रहण करवाई इसमे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हितेश कुमार प्रजापति जी ने बताया की एबीवीपी विधाार्थी परिषद क्या क्या कार्य करती हैं और छात्रो के हितों में हमेशा खड़ी रहती है और साथ में जिला सोशल मीडिया संयोजक शेखर प्रजापति कार्यालय प्रमुख आदित्य प्रजापति नगर मंत्री मधुर सेठ नगर अध्यक्ष रितिक वार्ष्णेय रितिक प्रजापति मनसाफ प्रजापति अमर प्रजापति प्रिंस आर्य आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा अध्यक्ष पर अभद्र टिप्पणी से माहौल गरमाया

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर अभद्र टिप्पणी से माहौल गरमा गया है। गुस्साय सपा नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर कानूनी शिकंजा कसने की मांग की है।

सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने पुलिस अधधीक्षक के क विशनोई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर अभद्र टिप्पणी किए जाने पर रोष जताया। सपा नेताओं ने अभद्र टिप्पणी करने वाले पर कानून कार्यवाही की मांग की। इस मौके कृष्ण मुरारी शंखधार, उमेश यादव, सद्दाम कुरैशी, पप्पू



सम्भल-अखिलेश यादव पर टिप्पणी के विरोध में एसपी को ज्ञापन देते सपाई।

यादव, सुनील यादव, निसार अहमद, भावना सक्सैना, मनोज शर्मा, इरफान प्रधान, सत्यभान सिंह यादव, गौरव यादव, होराम सिंह, महबूब, मुकेश यादव, कुंवर पाल यादव, शिवम यादव, मनीष यादव, आकाश शखधार, नदीम खान, रियासत, खुशी राम यादव, अरविंद यादव, हाजी तसदद्दुक, डा. अरमन, वीरान यादव, विपिन यादव, शेख सददन, पप्पू यादव, मुजफ्फर प्रधान, मौ. मुर्शीद, राहुल यादव आदि मौजूद रहे।

# जान दे दी, यजीद की नीतियों का समर्थन नहीं किया

- 21 सफर पर ग्राम शाहपुर सिरपुड़ा में शब्बेदारी आयोजित

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** 21 सफर मजलिस और शब्बेदारी का आयोजन किया गया।

ग्राम शाहपुर सिरपुडा में अन्जुमन-ए का सज्जादिया द्वारा इमामबारगाह सय्यद आलम अली में मजलिस और शब्बेदारी में मर्सियाख्वानी इकलीम रजा ने की।जबकि मौलाना अखलाक मेंहदी ने खिताब फरमाया। उन्होने मौलाना ने मौला हुसैन की कुर्बानी का जिक्र करते हुए बताया इमाम हुसैन अ.स. ने 3 दिन की भूख और प्यास बर्दाश्त की, उनके 6 महीने के बेटे अली असगर ने भी तीर भूख और प्यास के साथ तड़प तड़प कर 3 दिन कर्बला की तपती रेत पर अपनी जान दे दी। इमाम हुसैन (अ.स.) ने यह भी बर्दाश्त किया। लेकिन वक्त के यजीद की गलत नीतियों का समर्थन नहीं किया और इन्सानियत की खातिर पूरा घर तबाह हो गया। कर्बला की जंग में जो अपने को जीता हुआ समझ रहा था वो हार गया क्योंकि उसका नाम लेने वाला कोई बाकी नही रहा। हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) केवल मुसलमानों के इमाम नही कुल इंसानियत के इमाम आज भी लोगो के दिल मे जिंदा है। कार्यक्रम का संचालन मशहूर शायर हसीन हैदर जानसठी ने किया। रात भर चली शब्बेदारी में स्थानीय अंजुमनो के अलावा बाहर से आई अन्जुमन-ए- जाफर ए तय्यार, जानसठ मुजफ्फरनगर, अन्जुमन- ए- गुन्चा ए के इस्लाम, सिरसी, सम्भल, अंजुमन पंजेतनी, सेथल, बरेली, अंजुमन-ए अकबरी अमरोहा ने सलाम, नौहाख्वानी और सीनाजनी करके खिराज ए अकीदत पेश की। अंत मे अंजुमन ए सज्जादिया के अध्यक्ष गुलशन अब्बास और सचिव चमन रजा ने सभी का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर मुख्य रूप से गुलशन रजा, अकबर हुसैन, सफदर हुसैन, तंजीम रजा, राशिद हुसैन, मोहम्मद आदिल एडवोकेट, सफी अकबर, अली आदिल, डा. सायम रजा, बहाल अख्तर, गुलाम हैदर, नफीस हैदर, अमीर रजा, साईम रजा, साबिर हुसैन, उरूज मेहदी, कैसर हुसैन, हुसैन हैदर, नदीम हुसैन, शोएब नबी, अनीस रजा, अमीर रजा, खुर्शीद अनवर, उर्फी आदि मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में चल रहे 'एंटी रैगिंग सप्ताह' का हुआ सफल समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी)/राष्ट्रीय एंटी रैगिंग मॉनिटरिंग एजेंसी के निर्देशों के अनुपालन में 12 से लेकर 18 अगस्त 2025 तक मनाए गए "एंटी रैगिंग वीक (रैगिंग-विरोधी सप्ताह) सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को रैगिंग जैसी समस्या तथा इसके दुष्परिणामों से अवगत कराने एवं उनमें आपसी सहयोग, सद्भाव व स्वानुशासन की भावना को बढ़ावा देना रहा। रैगिंग-विरोधी सप्ताह की इस अवधि के दौरान एंटी रैगिंग शपथ, एंटी-रैगिंग सेल्फी कॉर्नर, स्लोगन राइटिंग व सिग्नेचर कैम्पेन, एंटी-रैगिंग शॉर्ट फिल्म्स का प्रदर्शन, ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता एवं विविध प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम




आयोजित हुए। छात्र-छात्राओं में रचनात्मकता, जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को जागृत करने हेतु आयोजित इन सभी रैगिंग विरोधी कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने अत्यंत ही रूचि के साथ प्रतिभाग किया। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी. एससी-जेडबीसी, तृतीय वर्ष के छात्र अथर्व सिंह ने प्रथम, बीबीए-एलएलबी, द्वितीय वर्ष की छात्रा अनुष्का सिंह ने द्वितीय एवं बी.फार्मा, चतुर्थ वर्ष के छात्र अर्बाज खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रैगिंग विरोधी इस सप्ताह के अन्तिम दिन 'रैगिंग विरोधी जागरूकता रैली' का भी आयोजन किया गया, जिसे कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने हरी झंडी दि,ाकर रवाना किया। इस रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लेकर रैगिंग मुक्त विश्वविद्यालय परिसर बनाने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को आपसी सहयोग और सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देने व परिसर में सुरक्षित एवं आपसी सम्मान का वातावरण पैदा करने की दृष्टि से अत्यंत लाभदायी सिद्ध होते हैं। "एंटी रैगिंग वीक के सफल आयोजन में एंटी रैगिंग कमेटी के अध्यक्ष व चीफ प्रॉक्टर डॉ. हरप्रीत सिंह समेत कमेटी के अन्य सभी सदस्यों श्री अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ. ऋद्धि गर्ग, श्री दीपक शर्मा, डॉ उदयवीर सिंह और कुँवर अंकुश सक्सेना, विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के निदेशकों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों एवं छात्रावास के वार्डन्स का विशेष योगदान रहा

# स्वामी राजेंद्रानंद महाराज की आत्मा की शांति के लिए जगह जगह हवन और पुष्पांजलि सभाओं का आयोजन

**कांठ।** सर्व समाज के संत स्वामी राजेंद्रानंद महाराज की आत्मा शांति हेतु आज गांव-गांव हवन उपरांत पुष्पांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। जिसमे गुरुजी के बताए हुए रास्तों पर चलने का आह्वान करते हुए उनकी आत्मा शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। बतादे की 15 अगस्त को सर्व समाज के संत स्वामी राजेंद्रानंद महाराज का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। जिससे बिश्नोई समाज सहित अन्य समाज में शोक की लहर दौड़ गई 16 अगस्त को हरिद्वार आश्रम में उन्हें भू समाधि दी गई आज जगह-जगह पर हवन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

तहसीलदार बार में अधिवक्ताओं ने पुष्पांज. लि सभा आयोजित कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस सभा में ग्रामीण न्यायालय के जज कुंबर सूर्य सेन सिंह एसडीएम संतदास पवार तहसीलदार नायव तहसीलदार सहित काफी अधिकारियों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्तियारपुर नवादा गांव में भी गांधी चबूतरे पर हवन का आयोजन किया गया



इसके उपरांत सभी गांव वालों ने गुरु जी को नमन करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। महमूदपुर माफी खलीलपुर कददीम लोदीपुर बिशनपुर कांठ नगर के मोहल्ला पट्टी वाला सहित बिश्नोई समाज के लगभग सभी गांव में ग्रामीणों द्वारा गुरु राजेंद्रानंद महाराज को नमन किया गया और उनकी आत्मा शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर गांव के बुजुर्ग युवा और बच्चों ने अपनी मौजूदगी दिखाई।

## अगस्त माह में दूसरी बार मिला नाले में अज्ञात शव



**चन्दौसी।** नगर में नालों से अज्ञात शवों के मिलने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अगस्त माह में अब तक दो अज्ञात शव नालों में मिल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि 08 अगस्त को मौलागढ़ पुलिया के पास नाले से मिले शव की पहचान हो चुकी है। रविवार की शाम किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि स्टेशन रोड स्थित मोहन पैथोलॉजी की दुकान के नीचे नाली में एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो वहां एक अधेड़ का शव मिला। पुलिस ने शव को एंबुलेंस के जरिए संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया, जहां पहचान के लिए शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। बताया जा रहा है कि ऐसी घटनाओं में प्राय: नशा करने वाले लोग, घुमंतू प्रवृत्ति के व्यक्ति या फिर मानसिक रूप से अस्वस्थ लोग शिकार बनते हैं। रविवार को मिले शव की अब तक पहचान नहीं हो सकी है।

# टीएमयू ऑप्टोमेट्री के 31 छात्रों को लेंसकार्ट में जॉब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में कैंपस ड्राइव के तहत कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के ऑप्टोमेट्री विभाग के 31 स्टुडेंट्स का चयन जानी-मानी कंपनी लेंसकार्ट में हुआ है। चयनित ये सभी छात्र ऑप्टोमेट्री अंतिम वर्ष के हैं। लेंसकार्ट में ये छात्र बतौर ऑप्टोमेट्रिस्ट अपनी सेवाएं देंगे। इन स्टुडेंट्स को लेंसकार्ट के विभिन्न सेंटर्स- दिल्ली, गुजरात, यूपी, कर्नाटक, एमपी, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल, पंजाब आदि में जॉब करने का मौका मिलेगा।

इस चयन प्रक्रिया में सबसे पहले लेंसकार्ट के विशेषज्ञ श्री कुलदीप नेगी और उनकी टीम ने इंटरव्यू के जरिए स्टुडेंट्स के शैक्षिक, तकनीकी और सामान्य ज्ञान को परखा। कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इसके बाद लेंसकार्ट के विशेषज्ञों की ओर से स्टुडेंट्स का ऑनलाइन इंटरव्यू के बाद 31 छात्रों का फाइनल चयन किया गया। चयनित होने वाले




छात्रों में- सलोनी चौहान, अब्दुल कादिर, अनस खान, कोमल वार्ष्णेय, फौजिया आलम, निधि, हरजीत सिंह, नेहा, मयंक साहनी, बिट्टू उपाध्याय, वंश राघव, हर्षित चंद्रा, सौम्यकांत कौशिक, निगार, कामरान अली, गुंजन राजपूत, दिव्या, इस्मत रहमान, शेखर कुमार, तरन्नुम, रेनू रानी, सर्वोदय वर्मा, रविया खातून, शुचिता सिंह, सुनील कुमार, सलोनी त्यागी, तरन्नुम, रिम्शा खान, उपासना गुप्ता, आरिका, आराध्या पाठक आदि शामिल हैं। चयन प्रक्रिया के दौरान ऑप्टोमेट्री के एचओडी श्री राकेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### रिव्यू मीटिंग में अधिकारी व कर्मचारियों को दिए दिशा-निर्देश



**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी सभागार में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह द्वारा साप्ताहिक ब्लॉक रिव्यू मीटिंग में समस्त अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि टीकाकरण का कार्य समय किया जाए प्रात: 9:00 बजे से 4:0 बजे तक टीकाकरण का कार्य किया जाए सभी टीके यू विन पोर्टल पर समय से अपडेट किया जाए एवं गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया जाए सभी की पूर्ण जांच की जाए एवं पूर्ण लॉजिस्टिक एवं दवाइयां के साथ सभी टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएं जिससे की टीकाकरण सत् प्रतिशत किया जा सके तथा विरोधी परिवारों के घरों की विजिट की जाए और उनको समझा कर उनका 100% टीकाकरण किया जाए बैठक में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद बीसीपीएम मनीष कुमार आई ओ सानू कुमार एवं गावी संस्था के जिला कोऑर्डिनेटर एवं फील्ड मॉनिटर के अतिरिक्त तुषार अग्रवाल बैठक में उपस्थित रहे।

### नितिन फिर बने गुर्जर समाज से मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष



**कांठ।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के शीर्ष नेतृत्व ने नितिन कुमार गुर्जर को पुन: जनपद मुरादाबाद का जिला अध्यक्ष बनाया है। इससे पहले बेगमपुर गांव में एक सभा का आयोजन हुआ अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेश संगठन महामंत्री अमरजीत गुर्जर ने नितिन कुमार गुर्जर की घोषणा की और अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह नागर ने पत्र देकर शुभकामनाएं दी। बताया गया कि यह कार्यकाल 3 साल के लिए रहेगा। नितिन गुर्जर ने उन्हें दोबारा इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए संगठन के पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया और कहा कि पदाधिकारी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियो का वह पूरी तरह से निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर काफी लोग मौजूद रहे।

# चंदौसी रेलवे स्टेशन की दयनीय स्थिति उजागर

■ डीआरयूसीसी सदस्य डॉ. पवन कुमार जैन ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदौसी।** डीआरयूसीसी सदस्य डॉ. पवन कुमार जैन ने चंदौसी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। निरीक्षण के दौरान अधिकांश टॉयलेट, विशेषकर विकलांग टॉयलेट और जनरल वेटिंग रूम के टॉयलेट, तालेबंद मिले। रिटायरिंग रूम भी बंद मिला। शिशु स्तनपान कक्ष में दरवाजे या पर्दे की व्यवस्था नहीं थी, जिससे गोपनीयता भंग हो रही थी। डॉ. जैन ने सहयोग कक्ष में एक यात्री से रेलवे स्टाफ के अनुचित व्यवहार की शिकायत भी







सुनी। यात्री द्वारा चंपारण एक्सप्रेस का समय पूछने पर इंक्वायरी क्लर्क ने तंज कसते हुए जवाब दियाख्र "कल जाना है तो आज क्यों पूछ रहे हो।" डॉ. जैन द्वारा नाम पूछे जाने पर क्लर्क ने अपना नाम प्रशांत बताया। निरीक्षण में स्टेशन पर गंदगी का साम्राज्य नजर आया। अधिकांश स्टॉल पर 'जनता खान' अनुपस्थित था, और सेल्समैन यूनिफॉर्म में नहीं थे। आग बुझाने वाले सिलेंडर एक्सपायरी डेट के पाए गए। पीने के पानी की प्याऊ टूटी-फूटी व गंदगी से भरी थी। 'एक स्टेशन एक उत्पाद' काउंटर पूरी तरह खाली था। सफाई कर्मचारियों द्वारा प्लेटफार्म से कूड़ा सीधे रेल पटरियों पर फेंका जा रहा था। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों के स्वास्थ्य और स्टेशन की छवि के लिए भी गंभीर खतरा है। डॉ. पवन कुमार जैन ने इन खामियों पर तत्काल सुधार की आवश्यकता जताई और रेलवे प्रशासन से प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

### अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड ने की बैठक

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से सोमवार को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में नगरपालिका परिषद् चन्दौसी द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से पुस्तकालय संचालित किए जाने पर संतोष व हर्ष व्यक्त किया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि वर्षों पूर्व नगरपालिका परिषद् चन्दौसी ने जर्जर हो चुके गांधी हाल के पुनर्निर्माण का प्रयास शुरू किया था, किंतु अब तक उस कार्य को पूर्ण नहीं कराया जा सका है। इस विषय पर चिंता जताते हुए उपस्थित लोगों ने नगर के महत्वपूर्ण स्थलों के विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने की मांग की।

## चौकीदार को बंधक बनाकर ट्रांसफार्मर से तांबे का तार निकाल कर ले गए चोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सेंट मैरी स्कूल के पास स्थापित मलिक एंटरप्राइजेज एवं राइस मिल में लगे 160 केवीए के ट्रांसफार्मर को चोर उतार कर उसमें लगे तांबे के तार को निकाल कर फरार हो गए राइस मिल के स्वामी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना रात करीब 12:00 बजे की है बताया गया कि दर्जन भर के करीब चोर रात को राइस मिल की दीवार फांदकर अंदर घुस गए चौकीदार आहट सुनकर जाग गया। उसने टॉर्च लगाई तो मुंह पर कपड़ा बांधे हुए चोरों ने चौकीदार को पड़कर बांध दिया और तमंचे की नाल पर उसे चुपचाप खड़ा रहने को मजबूर कर दिया। बताया गया कि चोरों ने ट्रांसफार्मर में लगी तांबे की क्वाइल निकाली और बड़े आराम से उसे लेकर फरार हो गए। चोरों के जाने के बाद चौकीदार ने हिम्मत जुटाकर खुद को बंधन मुक्त किया और घटना की सूचना राइस मिल के मालिकों को दी। राइस मिल मालिक द्वारा पुलिस को दी गई सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया।

इसके बाद राइस मिल के स्वामी मोहम्मद हनीफ पुत्र अब्दुल हकीम निवासी किड्ढावाला कांठ ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# एमएसपी की लड़ाई जारी रहेगी, प्रेस वार्ता में बोले किसान नेता डल्लेवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल संभल में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की किसान महापंचायत संभल में जाते हुए अपने पुराने साथी डा राकेश रफीक के आवास पर रुके। यहां उन्होंने किसान आंदोलन के साथियों से कई विषयों पर चर्चा की। इस दौरान प्रेस वार्ता में कहा एमएसपी की लड़ाई पर सारी रिपोर्ट तैयार हो गई तो उसे रोककर सरकार ने हमें वार्ता के लिए बुलाया और वार्ता से लौटते समय गिरफ्तार करा लिया हमारे धरना स्थल पर बुलडोजरों से किसानों को भागने के लिए मजबूर कर दिया।

सरकार के इस धोखे और अपमान के विरुद्ध अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए हम पुन: आंदोलन शुरू करेंगे। इस संबंध में पूरे देश का भ्रमण करने के उपरांत दिल्ली में 25 अगस्त को हमारी महापंचायत होगी। उसी के लिए समर्थन जुटाने के लिए जगह-जगह पंचायत कर रहे हैं। कल हमारी पंचायत अलीगढ़ में थी और



कल को बड़ौत में होगी और आज की पंचायत जनपद संभल में है। उनके साथ हरियाणा के किसान नेता अभिमन्यु कोहार ने कहा सरकार ने डा स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने के लिए 2014 के चुनाव में वायदा किया था लेकिन उसे पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि किसानों को एकजुट करके एमएसपी की लड़ाई लड़ी जाएगी। कहा भारत सरकार विश्व व्यापार संगठन से बाहर आए और अमेरिका की दादा. गिरी के आगे न झुके। इस दौरान डल्लेवाल ने कहा राकेश रफीक ने भूमि अध्यादेश के खिलाफ जो आंदोलन चलाया था उस समय से हम साथी रहे हैं। अभिमन्यु कोहार राकेश रफीक के बनाए हुए संगठन युवा क्रांति के नौजवान साथी थे अभी इस समय हरियाणा के किसान आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

इस मौके पर डॉ मीनाक्षी सखी,अशोक सिरोही, देवेंद्र गांधी, चौधरी हुकम सिंह, कौशल क्रांतिकारी, रंजीत यादव, राकेश कुमार यादव सभासद ,संजीव यादव, पिंटू आदि मौजूद रहे।

### बीस अगस्त से चलेगी 'मेला स्पेशल' ट्रेन

**कांठ।** रेलवे ने कलियर शरीफ उर्स और बरेली के आला हजरत उर्स के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। बरेली से 20 अगस्त को शाम 4:45 बजे सहारनपुर के लिए मेला स्पेशल ट्रेन 04301 अप रवाना होगी। मेला स्पेशल मुरादाबाद में शाम 6:28 बजे, नजीबाबाद में रात्रि 8:25 बजे पहुंचकर रात्रि 11 बजे सहारनपुर पहुंचेगी। ट्रेन को धामपुर, नगीना, नजीबाबाद, लक्सर स्टॉपेज दिया गया है। कलियर शरीफ उर्स मेला स्पेशल ट्रेन दो सितंबर से 10 सितंबर तक संचालित होगी। मुरादाबाद से रुड़की के बीच संचालित मेला स्पेशल 04303 और 04305 अप ट्रेन मुरादाबाद से दिन में 1:30 बजे रवाना होगी। नजीबाबाद अपराह्न 3:48 बजे पहुंचकर रुड़की शाम 5:15 बजे पहुंचेगी।रुड़की से मुरादाबाद के लिए 04304 और 04306 डाउन ट्रेन दोपहर 2:30 बजे रवाना होकर शाम 6:20 बजे नजीबाबाद पहुंचकर रात्रि 10:25 बजे ट्रेन मुरादाबाद पहुंचेगी। मेला स्पेशल ट्रेन को मुरादाबाद के बाद कांठ, स्योहारा, धामपुर, नगीना, नजीबाबाद, मौअज्जमपुर, चंदक, लक्सर ठहराव दिया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर 2025 के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में सोमवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग नरायन सिंह के विश्राम कक्ष में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चंदौसी एवं शासन के अन्य अधिकारीगण के साथ एक बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में विवादों को जल्दी, किफायती और सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करने तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। उपरोक्त बैठक के अवसर पर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चन्दौसी आदित्य सिंह, ए.डी.एम. संभल प्रदीप वर्मा, ए. एस.पी. संभल राजेश श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर सम्मन सेल नरेशपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह द्वारा दी गई।


## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मौ. कासिम को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौ. कासिम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**मोहम्मद इरफान पुत्र इल्यास उर्फ फकीर मोहम्मद निवासी ग्राम तुमडिया कलां पो.तुमडिया कलां थाना डिलारी, जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र वंश सक्सेना को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में वंश सक्सेना के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**श्रीमती सीमा सक्सेना पत्नी दीपक सक्सेना निवासी न्यू कृष्णा विहार, रामपुर।**

## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र सिद्धार्थ सिंह व उसकी पत्नी श्रीमती राधा एवं पुत्र दिनेश व उसकी पत्नी श्रीमती रचना को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। भोजराम सिंह सैनी पुत्र डालचंद व श्रीमती सरोज देवी पत्नी भोजराम सिंह सैनी निवासीगण ग्राम अबवक्करपुर थाना भोजपुर, जिला मुरादाबाद।

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मोहम्मद अब्बास को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। मैनै मोहम्मद अब्बास को घर से निकाल दिया है। अब भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**जाकिर हुसैन पुत्र जमाल उद्दीन**
निवासी: जामा मस्जिद वारसी नगर गली नंबर 1, तह. व जिला मुरादाबाद।
**दिनांक:** 20.08.2025

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**ठाकुरद्वारा।** बाइक सवार को अज्ञात कार सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल के भाई की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टांडा अफजल निवासी दिवेश कुमार पुत्र तेजपाल सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका चचेरा भाई विनय पाल पुत्र विजपाल सिंह, अपनी बाइक से शरीफनगर भायपुर होते हुए घर टांडा अफजल लौट रहा था। तभी जैसे ही वह शरीफनगर गन्ना सेंटर के पास पहुँचे, तभी भायपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई तथा विनय पाल सिंह की दाहिनी टांग कई जगह से टूट गई और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। वाहन की नंबर प्लेट दुर्घटना स्थल पर गिर गई जिसे मौके पर पहुँची 112 पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। जिसमें परिजनों जे उत्तराखंड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी 32 फरियादियों की समस्याएं

**ठाकुरद्वारा।** तहसील परिसर में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान आमजन की विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं सुनी गईं और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 32 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें सबसे अधिक शिकायतें विद्युत विभाग से जुड़ी रहीं। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों की लापरवाही पर नारा. जगी जताते हुए अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि विद्युत आपूर्ति और बिलिंग से संबंधित शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। अवैध कब्जों और अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतों पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मौके पर जाकर कार्यवाही करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपनी योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने में गंभीरता दिखाएँ। विशेषकर राशन वितरण, स्वास्थ्य सेवाएँ, कृषि योजनाएँ और विद्युत आपूर्ति जैसे क्षेत्रों में ठोस सुधार के लिए जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने छह दुर्घटना में मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटना सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत पांच -पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता के रूप में मिली धन राशि के प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, एसडीएम प्रीति सिंह डिप्टी एसपी गौरव त्रिपाठी खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल , एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, नगरपालिका लिपित दीपक कुमार, जलकल सुपरवाईजर हफीज अहमद सहित अनेक विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### एक नजर

## नवासा ए रसूल की शाहादत के गम में 72 शबीहे ताबूत नम आंखों के बीच निकले



**कुंदरकी।** नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन अले० ओर उनके 71 साथियों की शाहादत के गम मे 72 शबीहे ताबूत नम आँखो के बीच निकले। नगर के मुहल्ला सादात स्थित इमामबाड़ा हजरत अबुतालिब मे मजलिस मे कमर अब्बास काजमी ने मरसिया पढ़ा ओर मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना अफाक आलम जेदी ने कहा कि इस्लाम इत्तेहाद ओर इल्म हासिल करने का पैगाम देता है / इत्तेहाद ओर इल्म दोनो ही तरक्की के रास्ते है ।हजरत इमाम हुसैन ओर उनके साथियों ने कर्बला के मैदान में इंसानियत को बचाने के लिए कुर्बानी पेश की / हजरत इमाम हुसैन की शाहादत सुनकर आजादारों की आँखे नम हो गई नम आँखो के बीच हजरत इमाम हुसैन ओर 18 बनी हाशीम सहित 72 शाहिदाने कर्बला के शबीहे ताबूत का जुलूस निकला इस दौरान मौलाना नय्यर रजा नकवी ओर काशिफ अब्बास काजमी ने हजरत इमाम हुसैन के जीवन पर प्रकाश डाला / अंजुमन अकबरी,अंजुमन शाने हैदरी,अंजुमन अल मूर्तजा, साजिद रजा काजमी ने नोहा ख्वानी की तथा शबी अब्बास काजमी ने संचालन व आभार व्यक्त किया । जुलूस में बड़ी सख्या में आजादार मौजूद रहे।

## कुंदरकी विधानसभा में सपा की दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक जन पंचायत

■ **सपा नेताओं ने भरी हुंकार प्रदेशाध्यक्ष श्याम लाल पाल कार्यक्रम में पहुंचे**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा-निर्देश पर सोमबार को कुंदरकी विधानसभा में दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक जन पंचायत का आयोजन किया गया। यह पंचायत सामाजिक न्याय, भाईचारे और जनता की भागीदारी का प्रतीक बनी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल रहे। इस अवसर पर कुंदरकी के पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान, मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष जयवीर यादव तथा युवा सपा नेता हाजी मोहम्मद ओवैस विशेष तौर पर मौजूद रहे। जन पंचायत में भारी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी शामिल हुए। नेताओं ने मंच से समाजवादी पार्टी की नीतियों, गरीब, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के हक की लड़ाई तथा भाजपा सरकार की नीतियों से जनता को हो रही तकलीफों पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह पार्टी है जो सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। आज जरूरत है कि दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज मिलकर सपा को मजबूत करे ताकि जनता का असली हक दिलाया जा सके। वहीं पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान ने अपने संबोधन में कहा कि कुंदरकी की जनता ने हमेशा समाजवादियों का साथ दिया है। यह जन पंचायत साबित करती है कि जनता बदलाव चाहती है और 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा सरकार बनेगी। जिला अध्यक्ष जयवीर यादव ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। यही सपा की असली ताकत है। युवा नेता हाजी मोहम्मद ओवैस ने युवाओं को संद. `श दिया कि "रोजगार, शिक्षा और सुरक्षित भविष्य की गारंटी सिर्फ समाजवादी सरकार दे सकती है। युवाओं को आगे बढ़कर पार्टी का संदेश घर-घर पहुंचाना होगा। जन पंचायत में मौजूद जनता ने बार-बार तालियों और नारों से नेताओं का उत्साह बढ़ाया। पंचायत के अंत में सभी नेताओं ने संकल्प लिया कि वे मिलकर क्षेत्र की जनता के अधिकारों और विकास के लिए संघर्ष करते रहेंगे।


## सृष्टि-द पाथ ऑफ क्रिएशन संस्था ने धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी महोत्सव



**मुरादाबाद।** सृष्टि द पाथ ऑफ क्रिएशन संस्था द्वारा जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम से न्यू लिटिल वंडर्स प्ले स्कूल के प्रांगण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक प्रीति एवं कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, अध्यक्ष रश्मि गुप्ता, उपाध्यक्ष गीतांजली दक्ष, महामंत्री प्रतिमा शर्मा एवं संस्था के सभी सदस्यों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। राधा रूप धर वर्णिका ने मधुबन में कन्हैया, प्रीत ने राधा कृष्ण के मिक्स सॉन्ग पर एंजेल ने वो किसना है एवं संस्कृति ने काहे छेड़छेड़ मोहे गानों पर अत्यंत शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रशस्ति अग्रवाल ने यशोमती मैया से भजन गया तथा कुहू ने विष्णु स्तोत्र प्रस्तुत किया। भजन संध्या में कवित्री इंदुरानी ने श्री कृष्णा पर कुंडलिया तथा गंगा मैया की सुन्दर स्तुति,दीपा सिंह ने सांवरी सूरत पे, प्रीति अग्रवाल ने मधुराष्टक ,गीतांजलि दक्ष ने राधिका गोरी से, जैनों वर्मा ने अच्युतम केशवम, प्रतिमा शर्मा तथा रश्मि गुप्ता एवं पुष्पांजलि दक्ष जी ने भी शानदार भजन प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त मोनिका चौधरी, शैली व सभी महिला सदस्यों ने कृष्ण के भजनों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भक्ति रस में डुबो दिया। तत्पश्चात श्री कृष्ण की आरती कर उन्हें भोग अर्पित किया गया। सभी ने प्रसाद एवं भोग का आनंद लिया। मंच का संचालन सौरभ अग्रवाल जी के द्वारा किया गया। सभी के कार्यक्रम को सफल बनाने में किए गए प्रयासों हेतु अंत में उनके द्वारा आभार व्यक्त किया गया। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सभी बच्चों को उनकी सुंदर प्रस्तुतियों के लिए संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## रथयात्रा को लेकर गजानन हाल में की जा रही झांकियां तैयार

### 65 वर्षों से जारी परंपरा, गणेश चतुर्थी पर निकलेगी भव्य रथयात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर भारत का प्रसिद्ध मेला 65 वर्ष पूर्व संस्थापक स्व. डा. गिरिराज किशोर ने शुरु किया था। गणेश चतुर्थी के अवसर पर महाराष्ट्र के बाद चन्दौसी में सबसे बड़ी रथयात्रा निकाली जाती है। पिछले 65 वर्षों में मेले में देश-विदेश की बड़ी नामचीन हस्तियों ने भाग लिया है। मेला संच. ालन का मेला कमेटी, स्थानीय कलाकार एवं समाजसेवियों को जाता है जो निस्वार्थ भाव से मेले का सफल आयोजन कराने में अपना योगदान देते हैं। मेले में नटराज मंच से छोटी अवस्था में कला का प्रदर्शन करने वाले कलाकार आज चन्दौसी का नाम रोशन कर रहे हैं। वहीं गणेश चतुर्थी के दिन निलकने वाली रथयात्रा में स्वचालित झांकियां रथयात्रा की शोभा बढ़ाती हैं। रथयात्रा देखने के लिए दूर दराज एवं आसपास क्षेत्र से लोग पहुंचते हैं। वर्ष 2025 में 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के दिन विशाल रथयात्रा निकाली जायेगी तथा 25 अगस्त को मेला का शुभारंभ किया जायेगा। फिलहाल अजय आर्या, मोहनलाल रस्तोगी, सुशील, मोहन, राजेश शर्मा, चिराग गुप्ता आदि कई स्थानीय कलाकारों द्वारा झांकियों को तैयार किया जा रहा है।

## श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने किए सांस्कृति कार्यक्रम

**कुंदरकी।** श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर



छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किए गए और मटकी फोड़कर श्री कृष्ण बाल्य काल लीलाओं का प्रदर्शन किया। श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किए गए जिसमें श्याम तुम बंसी बजाते हो, राधा कैसे न जले, यशोमती मैया पर छात्र छात्रों ने नित्य प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल कोऑर्डिनेटर सोफिया हाफिज ने श्री कृष्ण के बारे में विस्तार पूर्वक छात्र-छात्रा को बताया कि भगवान कृष्ण, विष्णु के आठवें अवतार माने जाते हैं, जिनकी कहानी श्रीमद्भागवत और महाभारत जैसे ग्रंथों में विस्तृत रूप से वर्णित है। कृष्ण ने बाल्यकाल में कई राक्षसों का वध किया, जैसे पूतना, शकटासुर, और तृणावर्त। उन्होंने गोकुल में गोचारण लीला, गोवर्धन लीला और रासलीला की। बाद में, उन्होंने कंस का वध किया और द्वारका नगरी की स्थापना की। महाभारत युद्ध में उन्होंने अर्जुन के सारथी बनकर गीता का उपदेश दिया, इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा मटकी फोड़कर श्री कृष्ण की माखन चोरी की बाल लीला का वर्णन किया गया, इस अवसर पर फबीहा,लवली ,गौसिया ,राधिका, उमाम, इकरा , तानाश, अबूजर, कृष्णा, हक नवाज, अन्नु, जोया छात्र-छात्राओं ने प्रोग्राम प्रस्तुत किए, और फजल अबास नकवी, अनीता शर्मा, बुशरा, सदिया अध्यापक गण ने भी विचार प्रस्तुत किए।

## परंपरागत तरीके से आज निकलेगी रामडोल भव्य शोभा यात्रा

**ठाकुरद्वारा।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से नगर में राम डोल की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी । उक्त जानकारी प्रबंधक अवनीश शर्मा ने देते हुए बताया कि भव्य शोभा यात्रा का शुभ आरम्भ बढ़ापुर विधायक कुमार सुशांत सिंह करेंगे । शोभायात्रा मे अलग-अलग मंदिरों से विभिन्न झांकियो के साथ राम ढोलकी शोभायात्रा अपने पूर्व निर्धारित मार्गो से निकली जाएगी । शोभा यात्रा की लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। समाज सेवी पंकज गुप्ता ने बताया आज रामडोल का शुभारंभ बढ़ापुर भाजपा विधायक द्वारा किया जाएगा।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 140-DRM-MB-25-26 Date:- 18.08.2025 | 141-DRM-MB-25-26 Date:- 18.08.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy Repair of Gang Tool Room cum Rest Room in the Section of ADEN-I-HRI | General annual repair works of service buildings and staff quarters from SPC-ROZA (Excluding ROZA) Including wood and Road works etc for 2025-26 in the section of SSE/W/SPC under ADEN/II/HRI. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 12.09.2025 16:00 | 12.09.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 54,92,305.25 | 89,54,726.98 |
| धरोहर राशि | 1,09,900.00 | 1,79,100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 29.08.2025 | 29.08.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 12 माह |

टेन्डर नं- 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 18.08.2025 2521/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संदिग्ध परिस्थिति में फांसी के फंदे पर झूली विवाहिता की मौत, मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर पट्टी में सोमवार सुबह एक गृहिणी ने संदिग्ध परिस्थित फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार सुबोध कुमार, जो उत्तराखंड स्थित एक पेपर मिल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है, रविवार की रात ड्यूटी से घर आया था।

सोमवार सुबह किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। विवाद के बाद सुबोध घर से बाहर चला गया। करीब सुबह जब वह घर लौटा तो देखा कि उसकी पत्नी कविता देवी (28 वर्ष) अपने कमरे में फंदे पर लटकी हुई थी। उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डिप्टी एसपी गौरव त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी जसपाल ग्वाल, चौकी प्रभारी ओंकार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में शव को नीचे उतारा गया।घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुँचे। कविता देवी मूल रूप से गांव नाजरपुर, थाना मुंडा पांडे, जनपद रामपुर की रहने वाली थी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतका रक्षाबंधन पर मायके गई थी और दो दिन पहले ही ससुराल लौटी थी। उसके एक 7 माह की बेटी भी है। उन्होंने कहा कि उन्हें अंदेशा नहीं था कि वह ऐसा कदम उठा लेगी। परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि अभी तक किसी की तरफ से तहरीर नहीं दी गई है। यदि तहरीर आती है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैने अपने छोटा भाई शमसुद्दीन व उसकी पत्नी श्रीमती रीना को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपने समस्त पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **इदरीस पुत्र स्वर्गीय सलीम निवासी ग्राम भतगवां थाना भगतपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैने अपने पुत्र मौ0 फैसल व मौ0 इरफान व उसकी पत्नी श्रीमती कहकशा को मेरी नाफरमानी व गलत आचरण में पड़ जाने के कारण अपनी समस्त प्रकार की चल व अचल संपत्ति से बेदखल/आंक कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। यदि भविष्य में कोई व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरा तथा मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। **श्रीमति रहमत खातून पत्नी मौ० असलम निवासी मौहल्ला नेजो सराय कस्बा थाना व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, उ०प्र०।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़िया**

**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 17.08.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मुड़िया विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 12.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 28.08.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 28.08.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंगनवाड़ी सेन्टर का कार्य। | सीमेंट, टाईल्स रेता बजरी आदि। | - | 346500/- | 500 | 2% | 6 माह |
| 2 | जुम्मा के मकान से भूरा के घर तक नाली टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, टाईल्स, रेता बजरफुट आदि। | 120 मी0 | 367900/- | 500 | 2% | 6 माह |
| 3 | शकील के घर से शकूर के घर तक नाली सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, टाईल्स, रेता बजरफुट आदि। | 119 मी0 | 357810/- | 500 | 2% | 6 माह |
| 4 | राही के घर से मुन्तियाज के घर तक नाली सीसी टाईल्स कार्य। | सीमेंट, टाईल्स, रेता बजरफुट आदि। | 90 मी0 | 196419/- | 500 | 2% | 6 माह |
| 5 | प्रा./जू. स्कूल में कार्य। | सीमेंट, टाईल्स, रेता बजरफुट आदि। | - | 246930/- | 500 | 2% | 6 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मुड़िया**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## नशा मुक्त अभियान के तहत निकाली रैली

**सुरजननगर।** सोमवार को गांधी स्मारक महाविद्यालय सुरजन नगर के छात्र-छात्राओं नेनशा मुक्त भारत अभियान के तहत रैली निकाल कर नशे से होने वाली हनिया के प्रति जागरूक किया रैली प्रारंभहोने से पहल कालेज प्राचार्य डॉक्टर भूपेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया नशे से तन और धन दोनोंको हानि होती हैं। प्राथमिक चिकित्सा कमेटी के द्वारा किया गया जिसमें डॉक्टर देवेंद्र प्रकाश डॉ राजीव चौधरी डॉक्टर संजय कुमार उपस्थित रहे रैली में रविंद्र कुमार महेंद्र सिंह रामकुमार उज्जवल चौहान मासूम चौहान आदि छात्र ने भाग लिया।

## गन्ना मूल्य वृद्धि व बाढ़ पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग पर भाकियू का प्रदर्शन

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय किसान यूनियन की तहसील इकाई ने सोमवार को ब्लॉक परिसर में बैठक कर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने की तथा संचालन मंत्री हरीराज सिंह ने किया। बैठक में प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग की गई कि गन्ना सत्र 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य घ450 प्रति क्विंटल तय किया जाए। साथ ही हाल की भारी बारिश और बाढ़ से फसलों के नुकसान एवं मकानों के गिरने पर प्रभावित किसानों को आर्थिक मुआवजा प्रदान करने की मांग की गई। बैठक के बाद जिलाध्यक्ष धनेन्द्र शर्मा व तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में किसान तहसील मुख्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यह प्रमुख मांगें रखी गईं कि गन्ने का मूल्य 450 प्रति क्विंटल किया जाए। बाढ़ व बारिश से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए। बिलारी क्षेत्र में मलकपुर सेमली-सलेमपुर मार्ग की मरम्मत। रामगंगा नदी की पैचिंग व तटबंध मजबूत किया जाए। सुल्तानपुर खादर श्मशान घाट जाने वाले रास्ते की मरम्मत। अलीगंज, रामू वाला, गणेश मोड़ पर सड़क व नाले का निर्माण। आलियाबाद, कोठा महमूदपुर, सूर. जनगर, वैरमपुर आदि सड़कों की मरम्मत। घर-घर जल योजना से क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण। प्रदर्शन में चौधरी मलखान सिंह, चौधरी विजेद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0622029 व इण्टर मीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0507716 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गए है। आंचल पुत्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम रहटा माफी थाना डिलारी ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्रों मोहम्मद जावेद व मोहम्मद शाहनवाज को मेरी नाफरमानी व गलत आचरण में पड़ जाने के कारण वारिस सहित अपनी समस्त प्रकार की चल व अचल संपत्ति से बेदखल/आंक कर दिया है। यदि भविष्य में कोई व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा तथा मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद नसीम पुत्र मोहम्मद कबीर मोहल्ला खुराड़ा कस्बा व थाना शेरकोट, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

# डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज

● एएफआई अधिकारी ने पुष्टि की, 15 अंक के साथ क्वालिफाई, 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में मुकाबला



नई दिल्ली, वार्ता। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग-2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद फाइनल टेबल में 15 पाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होने जा रहे मुकाबले के लिए क्वालिफाई किया। 27 साल के नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया राउंड में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का करियर बेस्ट थ्रो फेंका और दूसरे स्थान पर रहे। फिर नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक की जानकारी के अनुसार नीरज पूरी तरह फिट हैं और वे डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे। फिलहाल, नीरज चोपड़ा चेक रिपब्लिक में ट्रेनिंग कर रहे हैं। नीरज चोपड़ा 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

इस सूची में केशोर्न वालकाट (17 अंक) पहले और जूलियन वेबर (15) दूसरे स्थान पर हैं। ब्रसेल्स राउंड के बाद फाइनल टेबल में टॉप-6 पर रहने वाले एथलीट ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे। ब्रसेल्स राउंड में खेलने न खेलने से फर्क नहीं पड़ेगा 2022 में डायमंड लीग का खिताब जीत चुके नीरज चोपड़ा के 22 अगस्त को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग के आखिरी राउंड में हिस्सा लेने की भी जानकारी नहीं है। हालांकि, उनके इस राउंड में हिस्सा लेने या न लेने से उनकी फाइनल स्टेंडिंग टेबल में फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे पहले ही डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। नीरज चोपड़ा 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित होने जा रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे। उन्होंने पिछले सीजन में बुडापोस्ट में 88.17 मीटर के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता था। डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) का एक टूर्नामेंट है, जिसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं। यह हर साल दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है। डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर साल मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है। आमतौर पर डायमंड लीग के सीजन में प्रतियोगिताओं की संख्या 14 होती है, जिसमें फाइनल भी शामिल होता है, लेकिन कभी-कभी यह संख्या बदल जाती है। हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पाइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पाइंट मिलता है। 13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पाइंट्स काउंट होते हैं। टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले खिलाड़ियों को डायमंड लीग फाइनल में जगह मिलती है। इसमें जीतने वाले खिलाड़ी को डायमंड लीग विजेता की ट्राफी और कैश प्राइज मिलता है।

## चोटिल इशान दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर, आकाश दीप को आराम

● उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले मैचों से पहले फिट हो जाएंगे



नई दिल्ली, वार्ता। ईस्ट जोन के कप्तान इशान किशन चोट की वजह से दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर हो गए हैं। उनक जगह टीम में ओडिशा के विकेटकीपर आशीर्वाद स्वैन को शामिल किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशन ई-बाइक चलाते हुए चोटिल हो गए थे। इस कारण उनके हाथ में टांके लगाने पड़े। हालांकि किशन की चोट अधिक गंभीर नहीं है। उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले दो चार-दिवसीय मैचों से पहले पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। सितंबर में ऑस्ट्रेलिया ए को भारत दौरे पर आना है जहां उनका सामना भारत ए से होगा। फिलहाल किशन बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस में मौजूद हैं जहां वह चोट से उबर रहे हैं और उनकी फिटनेस पर ध्यान दिया जा रहा है। किशन के अलावा ईस्ट जोन के लिए पहले मुकाबले में काश दीप भी उपलब्ध नहीं हो पाएंगे, उन्हें भी आराम की सलाह दी गई है। आकाश को कैसी चोट है, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। इशान की जगह ईस्ट जोन का कप्तान अभिमन्यु ईश्वरण को बनाया गया है। अब आकाश की जगह असम के मुख्तार हुसैन लेंगे। आकाश हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए थे, जहां वह मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट से निगल की वजह से बाहर हो गए थे। हालांकि पांचवें टेस्ट के लिए द ओवल में उन्होंने वापसी की थी जहां उन्होंने बतौर नाइट वॉचमैन दूसरी पारी में करियर का पहला अर्द्धशतक भी लगाया था। ईस्ट जोन अपने अभियान का आगाज शुभमन गिल की कप्तानी वाली नॉर्थ जोन के खिलाफ 28 अगस्त से करेगा।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### अदानी अहमदाबाद मैराथन के नौवें संस्करण के लिए पंजीकरण शुरू

अहमदाबाद, वार्ता। सशस्त्र बलों, फिटनेस, एकता को समर्पित अदानी अहमदाबाद मैराथन के 30 नवंबर को होने वाले नौ संस्करण के लिए पंजीकरण शुरु हो गया है। अदानी स्पोर्ट्सलाइन द्वारा आयोजित 2025 मैराथन एक बार फिर साबरमती रिवरफ्रंट से शुरू होगी और शहर के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थलों, जैसे अटल ब्रिज, गांधी आश्रम और एलिस ब्रिज, से होकर गुजरेगी। इस आयोजन में चार दौड़ श्रेणियां शामिल हैं। पूर्ण मैराथन, अर्द्ध मैराथन, 10 किमी दौड़ और 5 किमी दौड़। इसमें सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे। यह मैराथन न केवल एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली का समर्थन करती है, बल्कि सामाजिक प्रभाव और सामुदायिक उत्थान के एक व्यापक दृष्टिकोण का भी प्रतीक है। इस अवसर पर अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक प्रणव अदानी ने कहा कि अदानी अहमदाबाद मैराथन के नौवें संस्करण की मेजबानी करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

#### सीएएफए नेशंस कप के संभावितों में छेत्री नहीं: जमील

नई दिल्ली, वार्ता। भारतीय फुटबॉल टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच खालिद जमील ने स्पष्ट किया कि 29 अगस्त से ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में शुरू होने वाले सीएएफए नेशंस कप 2025 के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की सूची में दिग्गज स्ट्राइकर सुनील छेत्री का नाम नहीं है। भारत ने सीएएफए द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में पदार्पण से पहले 16 अगस्त को बेंगलुरु में अपना तैयारी शिविर शुरू किया। भारतीय टीम को ताजिकिस्तान, ईरान और अफगानिस्तान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है।

## तीरंदाजी लीग में दीपिका कुमारी, ज्योति सुरेखा, धीरज व अभिषेक वर्मा लेंगे भाग

**एएआई ने तीरंदाजी प्रीमियम लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए एथलीटों की सूची जारी की**

नई दिल्ली, वार्ता। तीरंदाजी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में शीर्ष भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी, ज्योति सुरेखा वेन्नम, धीरज बोम्मदेवरा, अभिषेक वर्मा और अन्य एथलीट भाग लेंगे। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार तीरंदाजी प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए भारतीय एथलीटों की सूची की जारी कर दी है। इस वर्ष अक्टूबर में नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता 11 दिनों तक चलेगी। इस फ्रैंचाइजी-शैली के प्रतियोगिता में दुनिया भर के पुरुष और महिला रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज प्रतिस्पर्धा करते नजर आयेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एथलीटों को छह फ्रेंचाइजी टीमों में विभाजित किया जाएगा। पहले संस्करण में दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए एएआई ने विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग, विश्व की शीर्ष 20 रैंकिंग और उसके बाद एएआई द्वारा हाल ही में आयोजित चयन ट्रायल के अनुसार रैंक किए गए तीरंदाजों के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में तीरंदाजों को रखा है। एएआई द्वारा आज जारी सूची के अनुसार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी (विश्व नंबर 3) और धीरज बोम्मादेवरा (विश्व नंबर 14) ने भी इस प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज कराया है। विश्व रिकॉर्डधारी कंपाउंड तीरंदाज ऋषभ यादव (विश्व नंबर 9) और ज्योति सुरेखा वेन्नम (विश्व नंबर 3) की जोड़ी ने भी विश्व नंबर 10 अभिषेक वर्मा, विश्व नंबर 11 प्रथमेश भालचंद्र फुगे, विश्व नंबर 16 प्रियांश और विश्व नंबर 17 परनीत कौर के साथ अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। एएआई द्वारा हाल ही में आयोजित ट्रायल के आधार पर, अनुभवी ओलंपियन तरुणदीप राय (रैंक नंबर 4) और अतनु दास (रैंक नंबर 5) भी रिकर्व प्रतिभागियों में शामिल होंगे, जबकि महिला रिकर्व तीरंदाजों की सूची में अंकिता भक्त (रैंक नंबर 2) और भजन कौर (रैंक नंबर 6) शामिल हैं।

## एशिया कप हॉकी:पाक की जगह खेलेगा बांग्लादेश!

● हॉकी इंडिया अधिकारी ने कहा- हम 2 दिन और इंतजार करेंगे, पाकिस्तान सुरक्षा कारणों से हटा




नई दिल्ली, वार्ता। बांग्लादेश की टीम 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह खेल सकती है। यह टूर्नामेंट बिहार के राजगीर में आयोजित होने जा रहा है। हॉकी इंडिया के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अगर पाकिस्तान अगले 2 दिनों में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं करता है, तो उसे बांग्लादेश से बदला जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोजकों ने पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया का कहना है कि स्थिति अगले 48 घंटों में क्लियर होगी। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचसी) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत आने से इनकार कर दिया था।

हालांकि, भारत सरकार ने कहा कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देगी। हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार पहले ही वीजा देने की बात कह चुकी है, लेकिन अगर वे (पाकिस्तानी खिलाड़ी) नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है। पाकिस्तान के नहीं आने की स्थिति में बांग्लादेश को आमंत्रित किया गया है, लेकिन हमें दो दिन और इंतजार करना होगा। अधिकारी ने आगे कहा कि न तो पाकिस्तान और न ही बांग्लादेश ने अभी तक हमें कोई आधिकारिक पुष्टि दी है, लेकिन पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश के उतरने की संभावना ज्यादा है। एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी। जोकि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। पीएचसी ने कहा था- हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा की क्या गारंटी है। पीएचसी प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है। हमने उनसे पूछा है कि वे हमें यह बताएं कि हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी और वे टूर्नामेंट पर कैसे ध्यान दे पाएंगे।

हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत की यात्रा नहीं करेगी। एशिया कप हॉकी की शुरुआत 1982 में पाकिस्तान के कराची में हुई थी। तब से लेकर अब तक यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन बना हुआ है।


## सरफराज का धमाका, चयनकर्ताओं को दिया खास संदेश



● तमिलनाडु की टीम के खिलाफ खेलते हुए सरफराज खान ने 114 गेंदों में 138 रनों की पारी खेली

नई दिल्ली, वार्ता। एशिया कप 2025 की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। मंगलवार को बीसीसीआई भारतीय टीम की घोषणा कर सकता है। इससे पहले युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने शानदार शतकीय पारी खेलकर चयनकर्ताओं के लिए खास संदेश भेजा है। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज इन दिनों मुंबई के लिए बूची बाबू टूर्नामेंट में खेलते नजर आ रहे हैं। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे 27 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 92 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया। तमिलनाडु की टीम के खिलाफ खेलते हुए सरफराज ने 114 गेंदों में 10 चौके और छह छक्के की मदद से 138 रन बनाए। वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे। अपनी इस पारी के साथ सरफराज ने एशिया कप के लिए टीम इंडिया का दरवाजा खटखटाया है। सरफराज पिछले कई वर्षों से रणजी ट्राफी में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट डेब्यू भी किया था, लेकिन उन्हें हालिया इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली। सरफराज खान ने भारत के लिए अब तक कुल छह टेस्ट खेले हैं, जिसकी 11 पारियों में उन्होंने तीन अर्द्धशतक और एक शतक की मदद से 371 रन बनाए हैं। सफराज के अगर प्रथम श्रेणी करियर की बात करें तो उन्होंने 55 मैचों में 65.98 की औसत से 4685 रन बनाए हैं। सरफराज के नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 16 शतक और 15 अर्द्धशतक हैं। पुरुष क्रिकेट टीम के बीच होने वाला एशिया कप नौ से 28 सितंबर तक होगा। बीसीसीआई इस टूर्नामेंट का मेजबान है। टूर्नामेंट का आयोजन यूएई में इसलिए हो रहा है।

### बाबर को टी-20 विश्वकप में वापसी के लिए करना होगा सुधार: माइक



कराची, वार्ता। पाक क्रिकेट टीम के कोच माइक हेसन ने कहा है कि अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप में जगह बनाने के लिए बाबर आजम को दो क्षेत्रों, स्पिन का सामना करने और स्ट्राइक रेट के मामले में सुधार करना होगा। हेसन ने सुझाव दिया कि अगर बाबर अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं, तो उन्हें दो अहम क्षेत्रों में सुधार करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पूर्व कप्तान दिसंबर और जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के घरेलू बिग बैश टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो उनके लिए यह मौका खुला रहेगा। हेसन ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि बाबर को स्पिन का सामना करने और स्ट्राइक रेट के मामले में कुछ क्षेत्रों में सुधार करने के लिए कहा गया है।

## रोइंग, कायाकिंग और कैनाइंग स्पर्धाओं में 400 से अधिक एथलीट लेंगे भाग

● मेजबानी के साथ डल झील एक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में अपनी साख को और बढ़ाने के लिए तैयार है

श्रीनगर, वार्ता। जम्मू-कश्मीर की प्रतिष्ठित डल झील में 21 से 23 अगस्त आयोजित होने वाले पहले खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 से अधिक एथलीट रोइंग, कयाकिंग और कैनोइंग स्पर्धाओं में भाग लेंगे। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का भारतीय खेल प्राधिकरण और जम्मू-कश्मीर खेल परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। दशकों से, डल झील कश्मीर पर्यटन, कला और संस्कृति का केंद्र रही है और पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव की मेजबानी के साथ यह झील एक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में अपनी साख को और बढ़ाने के लिए तैयार है। हाउसबोट मालिक इन खेलों का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। कैनोइंग और कयाकिंग की दुनिया की जानी-मानी हस्ती और ओलंपिक जज बिलकिस मीर ने कहा, ह्यह केवल एक आयोजन नहीं है यह हमारे देश में जल क्रीड़ाओं के एक नए युग की शुरुआत है। सभी एथलीटों की ओर से, मैं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, खेल मंत्री डॉ. और पूरी खेलो इंडिया टीम का जल क्रीड़ाओं को प्राथमिकता देने और इसे वह पहचान दिलाने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं जिसके यह वास्तव में हकदार हैं। खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव 2025 में युवा जल क्रीड़ा खिलाड़ी मोहसिन कयाकिंग स्पर्धा में भाग लेने की तैयारी कर रहा है।

### अक्षय कुमार पंजाब कुश्ती संघ के अध्यक्ष चुने गए

फगवाड़ा, वार्ता। पंजाब कुश्ती एसोसिएशन ने आजीवन अध्यक्ष पद्म करतार सिंह (सेवानिवृत्त आईजी) की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक के दौरान अमृतसर के अक्षय कुमार को सर्वसम्मति से अपना नया अध्यक्ष चुना है। अक्षय कुमार की नियुक्ति का प्रस्ताव पूर्व अध्यक्ष रमन कुमार द्वारा रखा गया और इसे पूर्ण सहमति से स्वीकार कर लिया गया। पद्मश्री करतार सिंह, महासचिव शाहबाज सिंह और प्रेस सचिव रीत प्रीत पाल सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को गुलदस्ते और मालाएं भेंट करके बधाई दी। अपने भाषण में अक्षय कुमार ने सदस्यों के विश्वास के लिए धन्यवाद दिया और कुश्ती जगत की समर्पित सेवा करने का संकल्प लिया। उन्होंने घोषणा की कि भविष्य में होने वाली सभी चैंपियनशिप के लिए छात्र पहलवानों का प्रवेश शुल्क माफ कर दिया।

## भारत की पुरुष टीम ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता रजत

● शायमकैंट शूटिंग प्लाजा में प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय तिगडी ने 1735-52 गुणा अंक अर्जित किए

कजाकिस्तान, वार्ता। अनमोल जैन, सौरभ चौधरी और आदित्य मालरा ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया।

शायमकेंट शूटिंग प्लाजा में प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय तिकड़ी ने 1735-52 गुणा अंक अर्जित किए। वहीं चीन के हू काई, चांगजी यू और यिफान झांग ने 1744-51 गुणा अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ईरान ने 1733-62 गुणा अंक के साथ कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत प्रतियोगिता में, अनमोल जैन 580-17गुणा अंक के साथ नौवें स्थान पर रहने के बाद फाइनल राउंड के लिए कट बनाने वाले एकमात्र भारतीय निशानेबाज थे।

भारत के अमित शर्मा (588-24 गुणा) क्वालीफाइंग राउंड में टॉप पर रहे, जबकि वरुण तोमर (584-24 गुणा) चौथे स्थान पर रहे, लेकिन दोनों सिर्फ रैंकिंग प्वाइंट्स (आरपीओ) के लिए शूटिंग कर रहे थे। आदित्य मालरा 579-20 गुणा अंक के साथ क्वालीफाइंग में 13वें स्थान पर रहे, जबकि ओलंपियन और एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी 576-15 गुणा अंक के साथ 21वें स्थान पर रहे। फाइनल में अनमोल ने 155-1 के स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया। हू काई ने स्वर्ण पदक जीता।

## चयनकर्ताओं के सामने उठे गंभीर सवाल

● **एशिया कप:** शीर्ष क्रम से लेकर गेंदबाजी विभाग तक, हर स्थान के लिए कई दावेदार मौजूद

नई दिल्ली, वार्ता। एशिया कप के लिए भारतीय टीम के घोषित होने का इंतजार सभी को है। माना जा रहा है मंगलवार को राष्ट्रीय चयन समिति अगले महीने होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। चयनकर्ताओं के सामने इस बार गंभीर समस्या है क्योंकि लगभग हर स्थान के लिए कई दावेदार मौजूद हैं। एक बड़ा सवाल जो सभी के जेहन में है वो यह कि शानदार फार्म में चल रहे शुभमन गिल किस तरह टी-20 टीम में फिट बैठ पाएंगे? मौजूदा परिस्थितियों में टेस्ट कप्तान गिल जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया था, वह एशिया कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए फिट नहीं बैठ रहे हैं।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि गिल का नौ से 28 सितम्बर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए जगह बना पाना मुश्किल है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए विचार-विमर्श का मुख्य मुद्दा यह होगा कि किसी ऐसी चीज को कैसे ठीक किया जाए जिसे सुधारने की आवश्यकता नहीं है। भारतीय क्रिकेट में




फिलहाल टी-20 के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है क्योंकि कम से कम 30 ऐसे खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं। एक ही स्थान के लिए तीन से चार विकल्प मौजूद हैं। शीर्ष तीन स्थान के लिए छह खिलाड़ी मौजूद हैं। पिछले सीजन अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन साथ ही गिल, यशस्वी जायसवाल और आईपीएल 2025 में आरेंज कैप जीतने वाले साई सुदर्शन भी कम नहीं हैं। गेंदबाजी विभाग में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई एक ही स्थान के लिए दावेदारों में शामिल हैं और लंबे समय तक युजवेंद्र चहल को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। चयनकर्ताओं को सिर्फ 15 खिलाड़ी ही चुनने हैं और टी-20 के लिहाज से यह देखना दिलचस्प होगा कि चयन समिति क्या फैसला लेती है। टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से प्लेइंग-11 में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना अनुचित होगा। दूसरा विकल्प यह है कि भारतीय क्रिकेट में सभी प्रारूप के लिए एक कप्तान रहना हमेशा से बड़ा मार्केटिंग ब्रांड रहा है। इस स्थिति में गिल दावेदार हो सकते हैं, लेकिन यह मामला उतना भी आसान नहीं है जितना सोचा जा रहा है। रोहित शर्मा के टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने के बाद सूर्यकुमार यादव की अगुआई में भारतीय टी-20 टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है।

## दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज को टीम घोषित की

केन्स, वार्ता। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी हैं। दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कल से शुरु हो रही एकदिवसीय सीरीज के लिए किशोर तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को टीम में शामिल किया है। मफाका ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के साथ हुई टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के दम पर 17 खिलाड़ियों की एकदिवसीय टीम में जगह बनाई है। इस सीरीज में नौ विकेट सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस का एकदिवसीय टीम में पर्दापण लगभग तय है। युवा खिलाड़ियों को टीम शामिल किये जाने को लेकर बावुमा ने कहा कि जब आप युवा चेहरों को देखते हैं तो यह हमेशा रोमांचक होता है। जाहिर है कि ब्रेविस पर ही सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, (वह) अपना दमखम दिखा रहे हैं और दिखा रहे हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूँ कि वह वनडे में भी क्या कमाल दिखा सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अनुभवी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को अपनी टीम में वापस शामिल किया है, जिन्हें हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ कैरिबियन में हुई टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया था। मिच मार्श नियमित कप्तान पैट कमिंस की जगह लेंगे। मार्श ने टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका पर 2-1 से जीत दिलाने में मदद की थी और 50 ओवरों के मैचों में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। मार्श ने कहा कि मैदान में साढ़े तीन घंटे बिताने के लिए तैयार होना कुछ खिलाड़ियों के लिए थोड़ा अलग होगा। लेकिन एक टीम के रूप में और कुल मिलाकर, वास्तव में कुछ भी नहीं बदलता है। मानसिकता में थोड़ा बदलाव आया है, यह स्पष्ट रूप से अलग प्रारूप है।

# विधायक ने किया बाढ़ ग्रस्त गांवों का दौरा



शाह टाइम्स संवाददाता

**कुंदरकी।** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अतिवर्षा और बाढ़ से प्रभावित नयागांव, मछरिया, ऊंचागांव, जेतिया, खड़गपुर बाजे, हृदयपुर, सैफपुर पल्ला, मझरा बड़ेपुरा, सिकंदरपुर पट्टी, गो. विंदपुर कलां, मोहम्मदपुर, दौलतपुर अजमतपुर, रसूलपुर नगली, लालाटीकर, रोंडा झोंडा, अहरौला, जगरामपुरा, मझरा दौपेड़ा भीतखेड़ा, मनकरा और मिलक मनकरा ग्राम का दौरा किया। इस दौरान कुंदरकी विधायक ने ग्रामवासियों की समस्याओं और आवश्यकताओं को विस्तार से जाना। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने सिकंदरपुर पट्टी से बहापुर को पुल के माध्यम से जोड़ने की मांग रखी। विधायक कुंदरकी ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए बताया कि जेतिया फिरोजपुर से जेतिया सादुल्लापुर में मध्य गागन नदी पर पुल की मांग में सदन और मुख्यमंत्री तक रख चुका हूँ, जिसकी शीघ्र ही स्वीकृत होने की उम्मीद है। विधायक ने कहा कि जिन किसानों की फसल खराब हुई है, उन सबको मुआवजा दिलाया जाएगा। पूर्व की सरकारों में पक्षपात करके सिर्फ गिने चुने गावों के किसानों को मुआवजा मिलता था, लेकिन भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव और पक्षपात के सभी वर्गों को उनके नुकसान के अनुसार मुआवजा मिलेगा। इस दौरान चांद बाबू, कल्लू प्रधान, गुड्डू लोधी, रामेश्वर , हिमांशु चौहान विशेष चौहान, मोहित यादव, रामकिशोर लोधी, जोगपाल सिंह, मोदी त्यागी, ग्राम प्रधान अनिल, ग्राम प्रधान रमेश, लल्ला, रामकरेश आदि उपस्थित रहे।

# भैंतरी रेलवे फाटक बंद, नगर में बढ़ा जाम



**चन्दौसी।** रेलवे द्वारा मरम्मत कार्य किए जाने के चलते बाकरपुर भैंतरी फाटक को बंद कर दिया गया है। इससे बदायूं व मुरादाबाद दिशा की ओर आने-जाने वाले वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। पिछले दो दिनों से लगातार मरम्मत कार्य चलने के कारण वाहन सीकरी गेट पुलिस चौक से होते हुए जारई गेट की ओर निकाले जा रहे हैं, जिससे पूरे मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। स्थिति यह है कि इसी मार्ग से नगर की स्कूल वैनें, यूपी रोडवेज बसें और अन्य छोटे-बड़े वाहन भी निकल रहे हैं। सीकरी गेट और जारई गेट पर बढ़ते दबाव को देखते हुए यहां यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी नहीं लगाई गई, केवल एक होमगार्ड के सहारे व्यवस्था संभालने का प्रयास किया जा रहा है, जो नाकाफी साबित हो रहा है। सोमवार को मार्ग जाम की समस्या से परेशान लोगों ने उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी से शिकायत की। एसडीएम ने तुरंत मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिया कि सीकरी गेट पर यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि जाम की समस्या से राहत मिल सके। फिलहाल हाईवे बंद होने के कारण नगर में यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त बनी हुई है और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## एक नजर

### तहसील दिवस में आई 16 शिकायतों में दो का निस्तारण



**कांठ।** शनिवार को अवकाश होने के कारण तहसील समाधान दिवस का आयोजन आज सोमवार को किया गया जिसमें मात्र 16 लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे इनमें दो का मौके पर निस्तारण कराया गया। सोमवार होने के कारण लोगों को तहसील समाधान दिवस के आयोजन की उम्मीद नहीं थी लेकिन व्यवस्था के अनुसार आज तहसील दिवस लगा तो ज्यादा लोग वहां अपनी शिकायत लेकर नहीं जा सके फिर भी बिजली समाज कल्याण राशन राजस्व आदी विभागों की 16 लोगों ने शिकायत दर्ज कराई। इनमें दो शिकायतो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए एक सप्ताह का समय संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया गया। इस मौके पर एसडीएम संत दास पवार एसडीएम न्यायिक तहसीलदार राजकुमार सिंह नायव तहसीलदार सहित काफी विभागों के अधिकारी या प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### स्कूल और गांव में पुलिस ने किया साइबर क्राइम के प्रति जागरूक



**कांठ।** एचएम एम इंटर कालिज और मधपुरी में ग्रामीणो, छात्रों और छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दे कर जागरूक किया गया। उत्तर प्रदेश , सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारें जागरूक करते हुए महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बरों 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन ), 1090 ( वीमेन पावर हेल्पलाइन ), 1930 ( साइबर अपराध हेल्पलाइन ),108 एंबुलेंस सेवा), 1098 ( चाइल्ड हेल्प लाइन) तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बताया गया कि किसी भी विषम परिस्थिति में संबंधित नंबरों पर सूचना देकर मदद ली जा सकती है इसके अलावा अपने कोड खाता नंबर और बैंक खाते से संबंधित जानकारी किसी को भी फोन पर नहीं देनी चाहिए। साइबर जागरूकता टीम ने लोगों से सचेत रहने का आह्वान किया और कहा कि जागरुकता ही एकमात्र बचाव का साधन होता है इस मौके पर छात्र-छात्राएं अध्यापक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# एफआर इंटर कॉलेज में संकुल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न



शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज में संकुल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें नगर के एस.एम. इंटर कॉलेज चन्दौसी, चंदौसी इंटर कॉलेज (सीआईसी) चंदौसी, एफ. आर. इंटर कॉलेज चंदौसी के छात्र पहलवानों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने छात्र पहलवानों का परिचय प्राप्त कर हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारंभ कराया। कुश्ती कोच मोहम्मद तुफैल की देखरेख में कुश्ती संपन्न हुई जिसमें अंडर-14 वर्ष वर्ग में 40 किलोग्राम भार वर्ग में सीआईसी के केशव, 55 किलोग्राम भार वर्ग में एफ.आर. इंटर कॉलेज के आमिर, अंडर-17 वर्ष में 35 किलोग्राम वर्ग में सीआईसी के सुंदरम, 40 किला. ग्राम भार वर्ग में सीआईसी के धर्मेंद्र, 45 किलोग्राम भार वर्ग में एफ.आर. इंटर कॉलेज के अरहान, 50 किला. ग्राम भार वर्ग में एफ.आर. इंटर कॉलेज के एजाज, 55 किलोग्राम भार वर्ग में एस.एम. इंटर कॉलेज के मोहम्मद ओवैस, 65 किलोग्राम भार वर्ग में एफ.आर. इंटर कॉलेज के रेहान, अंडर 19 वर्ष में 55 किलोग्राम भार वर्ग में एफ.आर. इंटर कॉलेज के अफ्फान विजयी रहे। कुश्ती कार्यक्रम का संचालन हाजी अब्दुल जाहिद ने किया, कार्यक्रम में अन्य विद्यालयों से आए शिक्षक खेल प्रभारी चंद्रकांत, संजीव कुमार, विद्यालय के शिक्षक हाजी वाहिद हुसैन, खेल शिक्षक प्रभारी जावेद आलम व मोहम्मद हनीफ उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 19 अगस्त को कुश्ती प्रतियोगिता का जिला स्तरीय मुकाबला एफ.आर. इंटर कॉलेज चंदौसी में ही संपन्न होगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई फरियादें अधिकारियों ने दिलाया समाधान का भरोसा



**चन्दौसी।** सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी व तहसीलदार रवि सोनकर ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील क्षेत्र के गांव सीकरी भगवंतपुर के रहने वाले फरियादी मनोहर पुत्र रमरेश ग्राम चकरपुर चौंचरी की गाटा सं0 764 रकवा 0.2230 हे. पर रामनिवास पुत्र नरेश पाल द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत की गयी। अब उसके सामने रोजी-रोटी की समस्या पैदा हो गई है। असालतपुर जारई की रहने वाली डॉली पत्नी राम द्वारा राशन कार्ड बनवाने की शिकायत दर्ज करायी। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 शिकायतें दर्ज हुई जिसमें राजस्व विभाग की 15, पुलिस विभाग की 06, चकबंदी विभाग की 02, विकास विभाग की 02, खाद्य एवं रसद विभाग की 01, शिक्षा विभाग की 01 शिकायत रही। साथ ही 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार, खाद्य आपूर्ति निरीक्षक, ईओ चन्दौसी धर्मराज राय, एबीएसए विनोद, लेखपाल अतुल पाठक, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# खाद वितरण केंद्र पर किसानों की उमड़ी भारी भीड़



**चन्दौसी।** खरीफ सीजन के चलते खाद की बढ़ती मांग को लेकर सोमवार को नगर के बदायूं चुंगी स्थित इफको खाद विक्रय केंद्र पर किसानों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल और साइकिलों से पहुंचे किसानों ने लंबी कतारें लगा दीं। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, केंद्र पर भीड़ और बढ़ती चली गई। किसानों ने बताया कि इस समय खेतों में धान, मक्का और अन्य खरीफ फसलों को खाद की तत्काल आवश्यकता रहती है। ऐसे में समय पर खाद मिलना बेहद जरूरी है। लेकिन केंद्र पर अधिक भीड़ होने और व्यवस्था सही न होने के कारण किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा। कई किसानों ने शिकायत की कि उन्हें लाइन में लगकर काफी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ इतनी अधिक रही कि केंद्र के बाहर खड़े वाहनों से पूरा परिसर भर गया। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद वितरण की व्यवस्था और सुचारू की जाए। उनका कहना है कि अगर अलग-अलग गांवों के लिए निर्धारित तिथि तय की जाए या फिर अतिरिक्त काउंटर खोले जाएं तो उन्हें सुविधा मिलेगी और भीड़ की समस्या से भी निजात मिलेगी। वहीं केंद्र पर मौजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार खाद उपलब्ध कराई जाएगी और किसी को निराश होकर लौटना नहीं पड़ेगा।

# मुस्लिम समाज के लोगों ने थामा बसपा का दामन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** बसपा कार्यकर्ताओं द्वारा एक मीटिंग का अयोजन किया गया जिसमे सभी लोगो ने बिलारी विधानसभा में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने थामा बसपा का दामन हिजारुल हक सैफी, शमीम सैफी, मौ. अजीम सैफी, मौ. जारीफ सैफी, मौ. याकूव सैफी मौ. नजीम सैफी, असीम सैफी, रमजानी अंसारी, असफाक अंसारी, देवकी कुमार, हसन अंसारी, फरमान अंसारी, शहंशाह अंसारी, अर्श अंसारी, अरमान सैफी, रियासत हुसैन, इरशाद लाला, अमित कुमार, फैशल अंसारी, अमित कुमार सोनू चौधरी, अमित चौधरी, मदन चौधरी 2027 में बसपा सुप्रीमों वहन कुमारी मायावती उत्तर प्रदेश की पाँचवी वार मुख्यमंत्री बनेगी जाफर मलिक आज दिनांक 18/8/2025 दिन सोमवार को बहुजन समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बूथ कमेटी की समीक्षा बैठक का आयोजन ग्राम टांडा अमरपुर विधानसभा बिलारी में की गई जिसमें मुख्य अतिथि जाफर मलिक मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद/ सहारनपुर मंडल ने बहुजन समाज पार्टी की नीतियों को लोगों के सामने रखा और उनको विश्वास दिलाया। कि आने वाला समय में मुस्लिम समाज के लोग/ पिछड़े समाज के लोग और बहुजन समाज पार्टी की रीड की हड्डी दलित समाज के लोगों की बदौलत और सर्व समाज के लोग जितनी बड़ी संख्या में बहुजन समाज पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं ऐसा प्रतीत होता है आदरणीय बहन कुमारी मायावती को उत्तर प्रदेश की पांचवीं बार मुख्यमंत्री जरूर बनेगी। आज की समीक्षा बैठक में सैकड़ो मुस्लिम समाज के लोगों ने और जाट समाज के लोगों ने बहुजन समाज पार्टी के सदस्यता ग्रहण की इस अवसर पर मुख्य वक्ता - निर्मल सिंह सागर एडवोकेट,जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी मुरादाबाद,और राजेश सागर जिला कार्यकारी सदस्य मुरादाबाद/ इंचार्ज बिलारी विधानसभा, ने अपने वक्तव्य में कहाँ, कि 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनने जा रही है और एक जन सैलाब के रूप में बहुजन समाज पार्टी से सभी वर्ग के लोग जुड़ रहे हैं मीटिंग में मुख्य रूप से,विधानसभा प्रभारी,मनवीर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विधानसभा अध्यक्ष रन सिंह भारती पूर्व जिला पंचायत सदस्य,मीटिंग के आयोजक शिवनारायण सिंह और मनवीर सिंह जिला पंचायत सदस्य, राम खिलाड़ी विधानसभा महासचिव, और युवा बसपा नेता नजरुल सैफी उर्फ मुखिया,वीर सिंह गौतम पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, ताराचंद्र पाल विधानसभा कोषाध्यक्ष, के. के. नवल, कुंव. रपाल, अमरीश वूथ अध्यक्ष, राहुल बूथ अध्यक्ष,एवं कुलदीप सिंह प्रधान को भाईचारा विधानसभा संयोजक भाईचारा, और के. के. नवल को नगर बिलारी की जिम्मेदारी भी दीं गई,मीटिंग का संचालक डॉ. चरन सिंह विधानसभा प्रभारी बिलारी, और अध्यक्षता -करन सिंह सेक्टर अध्यक्ष ने किया।

### पुलिस ने पांच लोगों के चोरी किए गए मोबाइल बरामद कराए



**कांठ।** पुलिस द्वारा सी.ई.आई.आर पोर्टल की मदद से गुम हुये 05 मोबाईल तलाश कर। मोबाईल स्वामियों को सौंप दिए गए थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने बताया कि प्रहलाद पुत्र नन्हे हिरनपुरा थाना स्योहारा जिला बिजनौर,मयंक चौहान पुत्र उदयराज सिंह डुडैला थाना कांठ जनपद मुरादाबाद, विपिन कुमार पुत्र विरेन्द्र पाल सिंह रायपुर खुर्द थाना कांठ जनपद मुरादाबाद, सलोनी पुत्री प्रवेश कुमार सिढियावाली थाना नूरपुर जिला बिजनौर और अरमान अंसारी पुत्र साजिद अली मौहल्ला जुम्मे का बाजार उमरी कला थाना कांठ जनपद मुरादाबाद के मोबाइल गुम हो गए थे जिन्हें बरामद करते हुए आज थाना बुलाकर सौंप दिया गया। मोबाइल मिलने पर लोगों ने खुशी का इजहार किया और पुलिस का आभार जताया।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के ईपीएफ भुगतान को लेकर सफाई मजदूर संघ ने दिया ज्ञापन

**चन्दौसी।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश ने नगरपालिका परिषद् चन्दौसी के अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि वर्ष 2022-23 के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का ईपीएफ अभी तक जमा नहीं किया गया है। संघ ने बताया कि 25 जुलाई 2025 को भी इस संबंध में पत्र दिया गया था। जिसमें स्पष्ट किया गया था कि अनुबंधित फर्म द्वारा कर्मचारियों का पुराना ईपीएफ अब तक जमा नहीं किया गया है। उस समय फर्म ने संगठन से लिखित में यह आश्वासन दिया था कि वर्ष 2022-23 का बकाया ईपीएफ 15-15 कर्मचारियों के वेतन खातों में शीघ्र जमा करा दिया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया कि यदि अनुबंधित फर्म ने इस आश्वासन का गंभीरता से पालन नहीं किया तो नगरपालिका परिषद् को यह अधिकार होगा कि वह आगे फर्म को किसी भी प्रकार का भुगतान न करे।

# टिमिट में हुआ 'स्वतंत्रता उत्सव' का भव्य आयोजन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में आजादी की भावना और देशभक्ति के उत्साह को समर्पित "स्वतंत्रता उत्सव 2025" का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम था - सेलीब्रेटिंग द स्प्रिट ऑफ फ्रीडम कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय एकता, स्वतंत्रता संग्राम के महत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सेमिनार हॉल, टिमिट में हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य, कविता, नाट्य प्रस्तुति और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस की भावना को जीवंत कर दिया। पूरे हॉल में तिरंगे के रंग और देशभक्ति के गीतों की गूंज ने एक अद्भुत माहौल बना दिया।

इस कार्यक्रम के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर्स ने कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर्स ने अपनी सक्रिय भागीदारी से आयोजन को सफल बनाया। प्रोफेसर विपिन जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, ने अपने में कहा कि स्वतंत्रता उत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारे गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को स्मरण करने का एक माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व, एकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करते हैं। मैं सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और संकाय सदस्यों को इस प्रेरणादायक आयोजन के लिए बधाई देता हूँ और आशा करता हूं कि हमारे विद्यार्थी इसी प्रकार देश की प्रगति में योगदान देते रहेंगे।

# पुरानी बाइकों से भरा छोटा हाथी पुलिस ने किया जब्त



**चन्दौसी।** बीती रात पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक छोटा हाथी वाहन रोक लिया, जिसमें बड़ी संख्या में पुरानी मोटरसाइकिलें भरी हुई थीं। पुलिस ने चालक से आवश्यक दस्तावेज मांगे, लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। ज्ञात हो कि 15 वर्ष से अधिक पुराने दुपहिया वाहन स्क्रैप घोषित कर दिए जाते हैं। ऐसे वाहन कबाड़ के रूप में नीलामी के जरिए बेचे जाते हैं और बाद में नष्ट कर दिए जाते हैं। बावजूद इसके कुछ लोग सही-सलामत पुरानी मोटरसाइकिलों को स्क्रैप में दिखाकर खरीद लेते हैं और उन्हें रिक्शा या अन्य वाहनों में तब्दील कर देते हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और वाहन मालिक से दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है।

### प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर सुभाष कुमार वाल्मीकि का भव्य स्वागत



**चन्दौसी।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर सुभाष कुमार वाल्मीकि का उनके निवास स्थान व कालोनी के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शुभचिंतक, मित्रगण एवं सहयोगियों ने पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल एवं डॉ. एस.पी. सिंह पटेल का भी धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

शाह टाइम्स
सम्पादकीय
मंगलवार, 19 अगस्त 2025

# ईसीआई को फटकार

यह बात अलग है कि बिहार में ड्राफ्ट सूची से बाहर किए 65 लाख मतदाताओं की लिस्ट जारी कर दी गई है। वोटर अपने नाम जिलों की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। ज्ञात रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने मुस्तैदी दिखाते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद के बाद बिहार की मसौदा निर्वाचक सूची से खारिज 65 लाख मतदाताओं के नाम, और कारण प्रकाशित करने का आदेश दिया था। इसे भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को फटकार के रूप में देखा जाना चाहिए। मतदाताओं के लिए नैसर्गिक न्याय के बुनियादी सिद्धांतों का पालन हो, इसके लिए आयोग को बाध्य करने के वास्ते सुप्रीम कोर्ट की जरूरत पड़ी।

यह इस संस्था द्वारा एसआईआर कराने में गंभीर खामियों और इसके क्रियान्वयन के अति-आत्मविश्वासपूर्ण व जल्दबाजी भरे तरीके को रेखांकित करता है। मृत्यु, या खोजने पर नहीं मिलने या फर्जी/ डुप्लीकेट प्रविष्टि होने के कारण जिनके नाम हटाए गए हैं, उन खारिज मतदाताओं की कोई एक जगह एकत्रित सूची नहीं है, ऐसा दावा आयोग ने किया है। हटाए गए प्रत्येक नाम के सामने कोई कारण भी नहीं दिया गया है। कुछ अखबारों ने विश्लेषित डेटा और जमीनी रिपोर्टों ने महत्वपूर्ण विसंगतियों को उजागर किया है। पुरुषों का प्रवास ज्यादा होने और पुरुषों की हालिया मृत्यु दर भी थोड़ी अधिक होने के बावजूद, पुरुषों (तकरीबन 25 लाख) से कहीं ज्यादा बड़ी तादाद में महिलाओं (32 लाख) का नाम काटा गया है। रिपोर्ट बताती हैं कि तमाम इलाकों में कई मतदाताओं की गलत ढंग से मृत के रूप में पहचान की गई है या वैध मतदाता पहचान पत्र और निवास का प्रमाण होने के बावजूद उन्हें मतदाता सूची में शुमार नहीं किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप ऐसे मतदाताओं के लिए उनसे संबंधित गड़बड़ियों के निवारण का एक सार्थक रास्ता उपलब्ध कराता है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए आयोग द्वारा तय 1 सितम्बर की आखिरी तारीख नजदीक है। सुप्रीम कोर्ट एसआईआर पर मामले की सुनवाई जारी रखेगा, जो अपने साथ अन्य समस्यापूर्ण तत्वों को भी समेटे हुए है। जनवरी में आयोग द्वारा अपने ही संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद, इस पूरी कवायद की संवैधानिकता पर निर्णय आना बाकी है। इसके अलावा, आयोग अब भी इस बात पर कायम है कि मसौदा सूची में शुमार मतदाताओं को चुनाव पंजीकरण अधिकारियों द्वारा 11 निर्देशित दस्तावेजों, जिसमें ज्यादा सार्वभौम रूप से उपलब्ध आधार या राशन कार्ड शामिल नहीं हैं, में से किसी एक की उपलब्धता के आधार पर जांचा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को खारिज नागरिकों को अपने आधार कार्ड के साथ आपत्तियां दाखिल करने की अनुमति देने का आदेश दिया है और पूर्व की दो सुनवाइयों में इस दस्तावेज को स्वीकार करने के लिए उस पर दबाव डाला है। इसे देखते हुए आयोग को अब आधार कार्ड को भी पहचान दस्तावेज के रूप में शामिल करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश एसआईआर कराने में निर्वाचन आयोग द्वारा अपारदर्शी साधनों का इस्तेमाल किए जाने पर भी रोशनी डालता है।

## जिम्मेदारी से भाग रहा चुनाव आयोग



विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत कर रहे थे, तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है, लेकिन सांसदों की उसकी गति. विधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है, आयोग राजनीतिक दलों के नेताओं के सवालों के जवाब नही दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है, आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है।

**-गौरव गोगोई**
**सांसद कांग्रेस**

# बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद





**विनीत नारायण**

**मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा, लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां वीडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बैठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।**

काफी रस्साकशी के बाद वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का कॉरिडोर बनने का रास्ता साफ हो गया। योगी सरकार ने इस मंदिर के प्रबंधन के लिए न्यास भी गठित कर दिया। जिसमें मंदिर की बागडोर अब पूरी तरह सरकार के हाथ में है। मंदिर के सेवायत गोस्वामियों के परंपरा से चले आ रहे दो समूहोंरू राजभोग सेवा अधिकारी और शयन भोग सेवा अधिकारी में से मात्र एक-एक प्रतिनिधि इस न्यास का सदस्य रहेगा। इस पूरे विवाद में वृंदावन का समाज दो भागो में बटा हुआ था। एक तरफ थे सेवायत गोस्वामी व उनके परिवार, बिहारीपुरा के बाशिंदे और आसपास के दुकानदार, जिनकी संपत्तियां प्रस्तावित कॉरिडोर के दायरे में आ रही हैं। दूसरी तरफ वृन्दावन के आम नागरिक और बाहर से आने वाले दर्शनार्थी। जहां पहला पक्ष कॉरिडोर के विरुद्ध आंदोलन करता आया है। वहीं दूसरा पक्ष कॉरिडोर का स्वागत कर रहा है।

इस विषय में बहुत से गोस्वामीगणों ने मुझसे भी संपर्क किया और इस विवाद में मेरा समर्थन मांगा। कई कारणों से मैं इस मामले में उदासीन रहा। इसकी वजह यह थी कि 2003 -2005 के बीच जब मैं इस मंदिर काअदालत द्वारा नियुक्त रिसीवर यानी, प्रशासक था तो मैंने मंदिर की अव्यवस्थाओं को सुधारने का सफल प्रयास किया था, पर गोस्वामियों का सहयोग नहीं मिला।

30 जून 2003 को मैंने बिहारी जी के मंदिर का कार्यभार संभाला और 1 अगस्त को हरियाली तीज थी। इस दिन उत्तर भारत से लाखों भक्त स्वर्ण हिंडोले में बैठे बांके बिहारी जी के दर्शन करने आने वाले थे। मंदिर के कुछ पुराने गोस्वामियों ने मुझे चुनौती दी कि मैं ए व्यवस्था नहीं संभाल पाऊंगा। ठाकुर जी पर निर्भर होकर चुनौती स्वीकार की और यह पता लगाया कि क्या- क्या समस्याएं आती हैं। सबसे बड़ी समस्या थी, बिहारी जी तक जाने वाले पांचों मार्गों से आने वाली अपार भीड़। दूसरी समस्या थी, मंदिर के प्रवेश द्वार पर जूते चप्पलों का पहाड़ बन जाना। तीसरी समस्या थी, लोगों की जेब कटना और सोने की चेन खींचना। चौथी समस्या थी, महिलाओं के साथ भीड़ का दुर्व्यवहार। मैं फौरन दिल्ली गया और छतरपुर स्थित कात्यानी देवी के मंदिर के प्रबंधक तिवारी जी से मिला। जो हर नवरात्रि पर लाखों दर्श्नार्थियों की भीड़ संभालते थे। उन्होंने बताया कि एसपीजी के कुछ सेवानिवृत्त अधिकारी भीड़ प्रबंधन की एजेंसी चलाते हैं। उनसे संपर्क किया और उन्हें वृन्दावन बुलाया। मथुरा के तत्कालीन जिलाधिकारी सुधीर वास्तव और एसएसपी सतेन्द्र वीर सिंह से लगभग दो सौ सिपाही मांगे और इतने ही स्वयंसेवक अपने संगठन ब्रज रक्षक दल के बुलाए। इन चार सौ लोगों को मोदी भवन में भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशिक्षित किया। इस कार्य में मान मंदिर के युवा साधुओं का विशेष सहयोग मिला। बिपिन व्यास ने सुझाव दिया कि मंदिर आने और जाने का एक-एक ही मार्ग रखा जाए और बाकी मार्ग बंद कर दिए जाएं। इसके अलावा विद्यापीठ के चौराहे पर दस हजार टोकन के साथ जूता घर बनाया गया। जिसमें सेवा करने चांदनी चौक दिल्ली के युवा व्यापारी आए। एसपीजी के इन अधिकारियों ने मंदिर के प्रांगण से विद्यापीठ चौराहे तक पूरे मार्ग को दस सेक्टरों में बांट दिया और वॉकी-टॉकी से हर सेक्टर के दर्शनार्थीयों को क्रमानुसार आगे बढ़ाया। महिलाओं और बुजुर्गों की सहायता के लिए हमने हर सेक्टर में 'ब्रज रक्षक दल' के स्वयं सेवक तैनात किए गए।

इन सब व्यवस्थाओं का परिणाम यह हुआ कि न तो किसी की जेब कटी, न धक्का-मुक्की हुई, न चप्पल-जूते खोए, बल्कि बूढ़े और जवान सबको बड़े आराम से दर्शन हुए। इस हरियाली तीज के कई दिन बाद तक मुझे मुंबई, कलकत्ता और अन्य शहरों से परिचित भक्त परिवारों के फोन आते रहे कि जैसी व्यवस्था बिहारी जी में इस बार हुई ऐसी पहले कभी नही हुई। कहने का तात्पर्य यह है कि भीड़ कितनी भी हो दर्शन की व्यवस्था सुधारी जा सकती थी।

मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा। लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां विडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बिठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।

बिहारी जी के मंदिर की व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से मैंने वाजपेई सरकार में केन्द्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री जगमोहन जी को वृन्दावन बुलाया। उन्होंने मेरे साथ बिहारी जी के मंदिर का विस्तृत दौरा किया और अगले ही दिन दिल्ली से एएसआई व सीपीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों के मुझे फोन आने लगे कि, 'मंत्री जी ने हमें आदेश दिया है कि आपके जो निर्देश हों, उनके अनुसार मंदिर की व्यवस्था को सुधारने में सहयोग करें।' इससे मंदिर में हलचल मच गई। मुझे कुछ गोस्वामियों के गुमनाम फोन आए, जिन्होंने धमकी दी कि मैं मंदिर की व्यवस्था में कोई बदलाव न करूं। मैंने रमेश बाबा से पूछा कि क्या करूं? वे बोले, ब्राह्मणों के पेट पर लात मारने वाला दीर्घ काल तक 'रौरव नर्क' में फेंक दिया जाता है। तुम यह मत करो। उनका यह रुख देखकर तब मैंने इस दिशा में प्रयास करना बंद कर दिया। किन्तु मंदिर की दैनिक व्यवस्था में जितना सुधार कर सकता था किया। फिर यह सोचकर कि मुझे अपनी ऊर्जा सम्पूर्ण ब्रज के विकास पर लगानी चाहिए, एक मंदिर में उलझकर नहीं रहना चाहिए। इसलिए 22 महीने बाद 2005 में मैंने स्वतः ही बिहारी जी के मंदिर के रिसीवर पद से त्यागपत्र दे दिया। मैं ऋणी हूं बिहारी जी का, संतों का, अपने ब्रजवासी बंधुओं का व बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों का, जिन्होंने इस कार्यकाल में मेरी विनम्र सेवा को स्वीकार किया और सराहा। अगर मंदिर के सभी आदरणीय गोस्वामीगण 2003-05 में मंदिर की व्यवस्थाओं को स्थाई रूप से सुधारने के लिए निष्काम भावना से किए जा रहे मेरे ठोस प्रयासों में सहयोग करते तो कदाचित यह स्थिति न आती।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेजॉन जंगलों में बढ़ रहा पारा प्रदूषण

**वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष एक हजार टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है।**




अमेजॉन के जंगल 1।7 अरब एकड़ में फैले सर्वाधिक जैव विविधता वाले उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं। अमेजॉन क्षेत्र में नौ देशों के क्षेत्र शामिल हैं, ब्राजील (60 प्रतिशत), पेरू (13 प्रतिशत), कोलंबिया (10 प्रतिशत) और वेनेजुएला, इक्वाडोर, बोलीविया (6 प्रतिशत), गुयाना, सूरीनाम और फ्रेंच गुयाना के हिस्से हैं। पेरू के अमेजॉन में नदी में खुदाई करके सोने का खनन होता है। खनिक सोनायुक्त तलछट में पारा मिलाते हैं, जो सोने के साथ अमलगम बना लेता है। अमलगम को उच्च तापमान पर गर्म किया जाता हैय पारा वाष्पित हो जाता है और सोना शेष बच जाता है। इस तरह वाष्पीकृत पारा अमेजॉन में पारा प्रदूषण का मुख्य कारण है।

2011 में, मात्र सोने के खनन के लिए लगभग 1400 टन पारे का उपयोग किया गया था, जो पारे की वैश्विक खपत का 24 प्रतिशत है। अधिकांश पारे का पुनर्चक्रण नहीं किया जाता है, जिससे सोना खनन पर्यावरण के लिए पारा प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत बन जाता है। पारा एक शक्तिशाली तंत्रिका-विष है जो लोगों और वन्यजीवों दोनों में तंत्रिका सम्बंधी क्षति का कारण बन सकता है। वन्यजीवों में मिथाइल मर्करी की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। 12 पक्षी प्रजातियों में कई गुना अधिक पारा पाया गया है। और तो और, 10 में से 7 ब्लैक-स्पॉटेड बेयर आई पक्षियों में पारे की मात्रा उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित करने के स्तर पर पाई गई।

विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO ने पारे को सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के शीर्ष दस रसायनों में से एक माना है। पारा प्रदूषण वन्यजीवों को खतरे में डाल रहा है, जिससे जगुआर और नदी डॉल्फिन समेत कई मछलियां खतरे में हैं। एक नए अध्ययन के अनुसार, वायुमंडल में प्रतिवर्ष मानव निर्मित पारे के उत्सर्जन का लगभग 10 प्रतिशत वैश्विक वनों की कटाई का परिणाम है। वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष 1000 टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है। प्रदूषण को कम करने के लिए कदम उठाना जरूरी है। इसके लिए अमेजॉन का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है क्योंकि अमेजॉन वर्षावन पारा सिंक के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। यह वैश्विक भूमि सिंक में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देते हैं। अमेजॉन वनों की कटाई को रोकने से पारा प्रदूषण काफी कम किया जा सकता है।

**-सुदर्शन सोलंकी**
**(स्रोत फीचर्स)**

# तकनीक और स्मृतियों का अनूठा संगम है फोटोग्राफी



फोटोग्राफी की दुनिया आज बिल्कुल बदल चुकी है। दरअसल एक जमाना था, जब लोगों को फोटो खिंचवाने के लिए फोटो स्टूडियो तक जाना पड़ता था लेकिन अब छोटे से छोटे तबके के व्यक्तियों के पास भी कैमरे वाले फोन हैं, जिनसे बड़ी आसानी से कहीं भी और कभी भी तस्वीरें खींची जा सकती हैं और उन्हें सहेजकर रखा जा सकता है। यह अलग बात है हर जेब में मोबाइल होने और हर व्यक्ति के फोटोग्राफर बन जाने के बाद भी दुनियाभर में अच्छे फोटोग्राफर कम ही हैं।

दरअसल एक अच्छा फोटो प्राप्त करने की पहली शर्त है आंखों से दिखाई देने वाले दृश्य को कैमरे की मदद से एक फ्रेम में बांधना, प्रकाश, छाया, कैमरे की स्थिति, उचित एक्सपोजर तथा उचित विषय का चुनाव करना इत्यादि। अच्छे फोटो के बारे में पेशेवर फोटोग्राफरों का कहना है कि कैमरे के फ्रेम में क्या लेना है, इससे ज्यादा किसी भी अच्छे फोटोग्राफर को इस बात का ज्ञान होना बेहद जरूरी है कि उसे फ्रेम के बाहर क्या-क्या छोड़ना है। कोई भी फोटो अच्छा क्यों होता है, इस तथ्य का सही ज्ञान ही किसी फोटोग्राफर को सामान्य से विशिष्ट बनाने के लिए पर्याप्त होता है। जब तक किसी फोटो में मानवीय संवेदनाएं नजर नहीं आएंगी, तब तक उसे बेहतर तस्वीर नहीं माना जा सकता। किसी भी फोटो में स्पष्ट दिखने वाली ऐसी ही मानवीय संवेदनाओं के कारण ही प्रायः कहा भी जाता है कि एक फोटो हजार शब्दों के बराबर होता है। इसलिए कोई भी फोटो तकनीकी रूप में कितना ही अच्छा क्यों न हो, वह तब तक सर्वमान्य नहीं हो सकता, जब तक कि वह मानवीय संवेदना को झकझोर न दे। किसी भी उत्पाद के प्रचार के लिए बनाए जाने वाले विज्ञापन को आकर्षक बनाने में भी एक अच्छे फोटोग्राफर का योगदान बहुत बड़ा होता है। फोटोग्राफी के क्षेत्र में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने, फोटोग्राफी को लेकर विचारों को एक-दूसरे के बीच साझा करने, फोटोग्राफी के क्षेत्र में आने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने तथा विश्वभर के फोटोग्राफरों को एकजुट करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'मेरी पसंदीदा तस्वीर' थीम के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल दुनियाभर में फोटोग्राफी के शौकीन ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिन्होंने फोटोग्राफी को ही अपना कैरियर बना लिया है। वास्तव में फोटोग्राफी दिवस उन लोगों को समर्पित है, जिन्होंने विशेष पलों को अपने कैमरे से तस्वीरों में कैद कर उन्हें सदा के लिए यादगार बना दिया। यह दिवस इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ऐसे व्यक्तियों के कार्यों को स्मरण करने के अलावा भावी पीढ़ी को भी फोटोग्राफी में अपना कौशल दिखाने के लिए प्रेरित करता है। विश्व फोटोग्राफी दिवस की योजना की शुरुआत आस्ट्रेलियाई फोटोग्राफर कोर्स्के आरा द्वारा वर्ष 2009 में की गई थी और उसके बाद विश्व फोटोग्राफी दिवस पर 19 अगस्त 2010 को पहली वैश्विक ऑनलाइन फोटो गैलरी का आयोजन किया गया था। उस दिन दुनियाभर के 250 से भी ज्यादा फोटोग्राफरों ने अपनी खींची तस्वीरों के माध्यम से अपने विचारों को साझा किया था और 100 से भी ज्यादा देशों के लोगों ने उस ऑनलाइन फोटो गैलरी को देखा था। इसीलिए वह दिन फोटोग्राफी के शौकीनों और पेशेवर फोटोग्राफरों के लिए एक ऐतिहासिक दिन बन गया था। 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' आज से करीब 186 वर्ष पहले फोटोग्राफी को लेकर घटी एक घटना की याद में मनाया जाने लगा। दरअसल जनवरी 1839 में फांस में जोसेफ नीसपोर और लुई डागुएरे ने डॉगोरोटाइप प्रक्रिया के आविष्कार की घोषणा की थी, जिसे दुनिया की पहली 'फोटोग्राफी प्रक्रिया' माना जाता है। फोटोग्राफी शब्द की उत्पत्ति ग्रीक शब्द 'फोटोज' (प्रकाश) और 'ग्राफीन' (खींचने) से मिलकर हुई है। वर्ष 1839 में वैज्ञानिक सर जॉन एफ डब्ल्यू हश्रेल ने पहली बार 'फोटोग्राफी' शब्द का उपयोग किया था। फांसीसी वैज्ञानिक आर्गो ने 7 जनवरी 1839 को फैंच अकादमी ऑफ साइंस के लिए इस पर एक प्रोसेस रिपोर्ट तैयार की और फांस सरकार ने यह रिपोर्ट खरीदकर 19 अगस्त 1839 को इस आविष्कार की घोषणा करते हुए इसका पेटेंट प्राप्त कर आम लोगों के लिए इस प्रक्रिया को मुफ्त घोषित किया था। इसीलिए 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' मनाने के लिए 19 अगस्त का दिन ही निर्धारित किया गया। अपने आविष्कार के 186 वर्षों लंबे इस सफर में फोटोग्राफी ने अनेक आयाम देखे हैं। सही मायनों में दुनियाभर की खूबसूरती को कैमरे में समेटकर उसे जब चाहें मन भरकर देखने का बेहतरीन जरिया है फोटोग्राफी। वास्तव में हमारे जीवन में फोटो ही ऐसी वस्तु हैं, जो पुरानी यादों को अपने भीतर समेटकर उन्हें बरसों तक जिंदा रखती हैं। मोबाइल कैमरे से ली जाने वाली सेल्फी का तो आज की युवा पीढ़ी पर जुनून सा छाया है लेकिन विश्व की पहली सेल्फी 186 वर्ष पूर्व अर्थात् वर्ष 1839 में ही ली गई थी और यह सेल्फी ली थी अमेरिकन फोटोग्राफर रॉबर्ट कॉर्नेलियस ने। उन्होंने अपने कैमरे को सैट करने के बाद लेंस कैंप को हटाकर फेम में चलकर फोटो ली थी, जिसे अब सेल्फी कहा जाता है। हालांकि उस समय स्वयं कॉर्नेलियस को भी नहीं पता था कि उनके द्वारा उस अंदाज में खींचा गया वह फोटा भविष्य में सेल्फी के रूप में जाना जाएगा। कॉर्नेलियस द्वारा ली गई सेल्फी वाली वह तस्वीर आज भी यूनाइटेड स्टेट लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस प्रिंट में उपलब्ध है। तकनीकी और वैज्ञानिक सफलता के इस दौर में फोटोग्राफी के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, जिनकी बदौलत अब कैमरे का एक बटन दबाने के बाद चंद पलों या मिनटों में बेहतरीन तस्वीर हमारे हाथ में होती है लेकिन तमाम तकनीकी प्रगति के बावजूद बेहतरीन क्वालिटी के प्रिंटर होने पर भी अच्छा फोटो प्राप्त करने के लिए फोटोग्राफी की कुछ बारीकियों का ज्ञान होना भी बहुत जरूरी है। वैसे फोटोग्राफी के आविष्कार ने मानव जीवन में बहुत क्रांतिकारी भूमिका निभाई है और यह इसी से समझा जा सकता है कि दुनिया के किसी भी कोने में खींचे गए चित्रों के माध्यम से अब पलभर में ही वहां के जनजीवन तथा घटनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त हो जाती है। फोटोग्राफी का अनोखा आविष्कार न केवल दुनियाभर में लोगों को एक-दूसरे के बेहद करीब लेकर आया बल्कि इसी आविष्कार की ही बदौलत एक-दूसरे को जानने और उनकी संस्कृति को समझकर इतिहास को समृद्ध बनाने में भी बड़ी मदद मिली है।

**-योगेश कुमार गोयल**

# यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा: ट्रम्प

## क्रीमिया भी वापस नहीं मिलेगा, अमेरिकी अधिकारी बोले: पुतिन यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने पर राजी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि यूक्रेन को सैन्य गठबंधन नाटो में शामिल नहीं किया जाएगा और न ही उसे 2014 से रूस के कब्जे वाला क्रीमिया वापस मिलेगा। ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट किया कि जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ चल रहा युद्ध तुरंत खत्म हो सकता है। सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि जेलेंस्की लड़ाई जारी रखना चाहते हैं या शांति का रास्ता अपनाते हैं।

उन्होंने याद दिलाया कि 12 साल पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबा. मा के दौर में बिना गोली चले क्रीमिया रूस को सौंप दिया गया था और यूक्रेन भी नाटो में शामिल नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। ट्रम्प का यह बयान यूक्रेन की जमीन पर रूस के कब्जे को मान्यता देने से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन यूक्रेन को नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी देने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में विटकाफ ने बताया कि 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की



■ अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकते है
■ 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनी: स्टीव

सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनी। हालांकि पुतिन ने साफ किया है कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता देने पर रूस कभी राजी नहीं होगा। पुतिन ने इसे रेड लाइन कहा है। विटकाफ के मुताबिक प्रस्तावित डील के तहत अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन को नाटो के आर्टिकल-5 जैसी सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराएंगे। बता दें कि आर्टिकल-5 के तहत किसी एक सदस्य देश पर हमला सभी पर हमला माना जाता है। वहीं अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पष्ट कहा है कि अगर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2014 में रूसी संघ में शामिल हुए यूक्रेन के क्रीमिया को वापस लेने या यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इंकार किया। राष्ट्रपति ट्रम्प की ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ज़ेलेंस्की व्हाइट हाउस में उनके साथ बैठक करने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का शिखर सम्मेलन में यूक्रेन मामले पर बातचीत हुई है। यूक्रेन में शांति की जिम्मेदारी ज़ेलेंस्की पर डालते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की चाहें तो युद्ध को तुरंत समाप्त कर सकते हैं या फिर लड़ाई जारी रख सकते हैं। याद कीजिए कि इसकी शुरुआत कैसे हुई थी। ट्रंप ने क्रीमिया को वापस लेने की संभावना से भी इंकार किया। क्रीमिया 2014 में एक जनमत संग्रह के बाद रूसी संघ में शामिल हुआ था लेकिन पश्चिमी देश इसे स्वीकार नहीं करते। क्रीमिया के बारे में ट्रंप ने कहा कि 12 साल पहले पूर्व राष्ट्रपति ओबामा द्वारा दिया गया क्रीमिया वापस नहीं लिया जा सकता है। ट्रंप ने यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इनकार किया जिसकी मांग यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की वर्षों से कर रहे हैं। इससे पहले ज़ेलेंस्की वार्ता में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी पहुंचे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि यूक्रेन यूरोपीय सहयोगियों के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा गारंटी हासिल कर सकता है। उन्होंने एक्स पर लिखा मैं पहले ही वाशिंगटन पहुंच चुका हूं। कल मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलूंगा और यूरोपीय नेताओं के साथ भी बातचीत करूंगा। मैं इस निमंत्रण के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का आभारी हूं। जेलेंस्की ओवल ऑफिस में ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे जिसके बाद ट्रम्प और प्रमुख यूरोपीय नेताओं के बीच एक व्यापक बैठक होगी।



लेबनान। इजरायल-लेबनान युद्ध विराम: एक व्यक्ति मारे गए हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की तस्वीर लेकर जश्न मनाते हुए।

## भारतीय मूल की कृशांगी ब्रिटेन की सबसे युवा सॉलिसिटर बनीं

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की लॉ ग्रेजुएट कृशांगी मेश्राम इंग्लैंड और वेल्स की सबसे कम उम्र की सालिसिटर बन गई हैं। वह 21 साल की हैं। कृशांगी पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ी और फिलहाल यूएई में रह रहीं हैं। उन्होंने 15 साल की उम्र में मिल्टन कीन्स ओपन यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई शुरू की। 18 साल में फर्स्ट क्लास आनर्स की डिग्री हासिल कर ली। कृशांगी ने कहा-मैं ओपन यूनिवर्सिटी की बहुत आभारी हूं कि उसने मुझे 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ अपने कानूनी करियर की नींव रखी, बल्कि कानून के प्रति एक गहरा और स्थाई जुनून भी मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### इक्वाडोर में हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत

**क्विटो।** उत्तर-पश्चिंमी इक्वाडोर के सैंटो डोमिंगो डे लॉस त्सचिलास प्रांत में रविवार सुबह हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रविवार तड़के प्रांत की राजधानी सैंटो डोमिंगो में एक बिलियर्ड हॉल में काले कपड़े पहने कई बंदूकधारी पहुंचे और वहां मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी के बाद स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी।

### मनोज कुमार महापात्रा मोल्दोवा में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विद. `श सेवा के अधिकारी और रोमानिया में भारत के राजदूत डॉ. मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा का भी राजदूत बनाया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि रोमानिया में भारत के राजदूत मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा में भी देश का राजदूत नियुक्त किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि डा. महापात्रा बुखारेस्ट में ही रहेंगे और मोल्दोवा के राजदूत की भी भूमिकास निभाएंगे।

### अलेप्पो में आत्मघाती हमलावर की मौत

**दमिश्क।** सीरिया में अलेप्पो के अल-मयसर जिले में रविवार को एक व्यक्ति ने विस्फोटक बेल्ट में विस्फोट कर खुद को उड़ा दिया। आधिकारिक समाचार एजेंसी सना ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि विस्फोट शहर के पूर्व में एक बेकरी के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी भी नागरिक के हताहत होने की सूचना नहीं है। विस्फोट में मारे गये व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है और अभी तक किसी भी समूह ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। इस साल सीरिया में बम विस्फोटों की घटनाओं में काफी बढ़ोत्तरी हुई है।

### इंडोनेशिया में भूकंप से 41 लोग घायल दो की हालत गंभीर

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में आये जोरदार भूकंप में 41 लोग घायल हो गये हैं जिनमें से दो की हालत गंभीर है। मध्य सुलावेसी की क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीपीबीडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता छह मापी गई है। एजेंसी ने बताया कि भूकंप रविवार सुबह आया और इसमें सुनामी की कोई चेतावनी नहीं जारी की गई। यह देश प्रशांत महासागरीय पैसिफ़िक रिग ऑफ़ फायर के अंतर्गत आता है जो उच्च भूकंपीय क्षेत्र है।

## नाइजीरिया में नाव पलटने से 40 से ज्यादा लोग लापता

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य सोकोटो में एक नाव के पलटने से 40 से अधिक लोग लापता हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। अधिकारियों के अनुसार, कम से कम 10 लोगों को बचा लिया गया है और लापता 40 लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है।

■ नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई: एनईएमए

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) ने दुर्घटना के बाद चल रहे बचाव कार्यों में सहायता के लिए अपनी प्रतिक्रिया टीम तैनात की है। एनईएमए के अनुसार, नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में एनईएमए की महानिदेशक जुबैदा उमर ने कहा कि एजेंसी ने यह रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है कि गोरोन्यो बाजार में 50 से अधिक यात्रियों को ले जा रही एक नाव पलट गई है। स्थानीय अधिकारियों का मानना है कि नाव में क्षमता से अधिक लोगों के होने के कारण यह दुर्घटना हुई जो सोकोटो के नदी में बार-बार होने वाला सुरक्षा मुद्दा है जहां नावों में अक्सर क्षमता से अधिक लोग सवार होते हैं। सोकोटो राज्य में यह पहली ऐसी घटना नहीं है। अगस्त 2024 में नदी पार करते समय नाव पलट जाने से 16 किसानों की मौत हो गई थी। एनईएमए स्थानीय प्राधिकारियों के सहयोग से अपने खोज एवं बचाव अभियान जारी रखा हुआ है।

## रूस-मंगोलिया सैन्य अभ्यास साइबेरिया में शुरू

**उलान-उडे।** रूस-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 सोमवार को पूर्वी साइबेरियाई क्षेत्र बुरातिया के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में एक कार्यक्रम के साथ शुरु हुआ। एक आधिकारिक बयान में कहा गया बुरतिया गणराज्य में पूर्वी सैन्य जिले के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में संयुक्त रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 का शुभारंभ हुआ। रूस के सामरिक समूह के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल रविल तुकाएव और मंगोलियाई सामरिक समूह के कमांडर मेजर सुउर दावागाम्बो ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। बुरातिया के गवर्नर एलेक्सी त्सिडेनोव भी समारोह में शामिल हुए। रूसी लेफ्टिनेंट जनरल मिखाइल नोसुलेव ने कहा आज, रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास, सेलेंगा 2025, बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में शुरू हो रहा है।

# गाजा में इजरायली हमले में 42 लोगों की मौत

## इजरायल ने विस्थापित लोगों के लिए बने तंबू पर बरसाई गोलियां

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा किए गए हमलों में रविवार को 42 फलस्तीनी मारे गए। यह जानक. ारी गाजा के नागरिक सुरक्षा ने दी। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने शिन्हुआ से कहा कि गाजा शहर में बैपटिस्ट अस्पताल के पास इजरायली गोलाबारी में सात लोग मारे गए और शहर के दक्षिण-पूर्व में स्थित जितून में एक घर पर इजरायली गोलाबारी में एक व्यक्ति मारा गया। प्रवक्ता ने कहा कि खान यूनिस के पश्चिम में विस्थापित लोगों के लिए बने एक तंबू पर इजरायली हवाई हमले में चार लोग मारे गए। बसल के अनुसार, खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजरायली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनी मारे गए जबकि मध्य गाजा पट्टी के डेर अल-बलाह शहर में दो अलग-अलग हवाई हमलों में



2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 61944 लोग मारे गए हैं और कुल 155886 लोग घायल हुए

पिछले 24 घंटे में गाजा के अस्पताल में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं, जिसमें दो बच्चे भी शामिल हैं

तीन लोग मारे गए। प्रवक्ता ने कहा कि मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में सहायता का इंतज़ार कर 15 फलस्तीनी इज़रायली सेना की गोलीबारी में मारे गए। इन घटनाओं पर इज़रायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। रविवार को गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 मार्च को इजरायल द्वारा अपने सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 10,400 फलस्तीनी मारे गए हैं और 43,845 घायल हुए हैं जबकि अक्टूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 61,944 लोग मारे गए है और कुल 155,886 लोग घायल हुए हैं। इस बीच, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा के अस्पतालों में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 तक भुखमरी और कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या 258 हो गई है जिनमें 110 बच्चे शामिल हैं।

# पाक में बाढ़ से तबाही, अब तक 1000 से ज्यादा की मौत

## आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। बाढ़ की वजह से 1000 से ज्यादा लोगों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है। प्रधानमंत्री के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) मामलों के सूचना समन्वयक इख्तियार वली खान ने हालात पर गंभीर चिंता जताई है।

उन्होंने दावा किया कि खैबर पख्तूनख्वा में हाल ही में आई अचानक आई बाढ़ में लगभग 1,000 लोगों की मौत होने की आशंका है। वली ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया है। बड़े पैमाने पर तबाही देखी है। उन्होंने कहा कि पूरे गांव बर्बाद हो गए हैं। बुनेर के चघरजी इलाके में भारी तबाही हुई है। बशोनी गांव पूरी तरह से नक्शे से गायब हो गया है। बाढ़ के पानी में बहकर आए कुछ पत्थर ट्रकों से भी बड़े थे। नदी किनारे बसे घर गायब हैं। पूरे के पूरे परिवार बह गए हैं। किसी की कोई खोज खबर नहीं है। उन्होंने खुलासा किया कि आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित हैं। अब तक लगभग 600 से ज्यादा शव बरामद



■ मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुई: एनडीएमए

हुए हैं। हालांकि, कई और हताहतों की सूचना अभी तक नहीं मिली है। उन्होंने आंशका जताई कि अकेले दीर में ही मौतों की संख्या 1,000 से ज्यादा हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार एक हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, 26 जून से अब तक पूरे पाकिस्तान में बारिश से संबंधित घटनाओं में 392 पुरुषों सहित कम से कम 657 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 929 अन्य घायल हुए हैं। कुल मृतकों में 171 बच्चे और 94 महिलाएं थीं। घायलों में 437 पुरुष, 256 बच्चे और 236 महिलाएं हैं। एनडीएमए ने बताया कि मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश, अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुई। उसने यह भी कहा कि वह सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए प्रांतीय अधिका. रियों के साथ समन्वय कर रहा है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जहां 390 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 288 पुरुष, 59 बच्चे और 43 महिलाएं शामिल हैं। केपी में 245 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें 161 पुरुष, 45 बच्चे और 39 महिलाएं शामिल हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बाढ़ के कारण हुई दुखद मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है। महासचिव ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता जताई।

# भारत चमकती मर्सिडीज, पाक डंपर ट्रक

## पाक मंत्री बोले: अगर ये दोनों टकराए, तो नुकसान किसका होगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर की तरह भारत को चमकती मर्सिडीज बताया है। दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। उन्होंने कहा: अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा।

भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान मुनीर के नेतृत्व की सराहना करते हुए नकवी ने कहा कि आर्मी चीफ ने जंग के दौरान मई में पाकिस्तान का दौरा करने वाले सऊदी डेलिगेशन के सामने पाकिस्तान की ताकत का बखान करने के लिए इसी उदाहरण का इस्तेमाल किया था। साथ ही नकवी ने दावा किया कि संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 जेट को मार गिराया था। उन्होंने कहा कि उनके पास इसकी वीडियो फुटेज



■ भारत के छह जेट गिराने का दावा किया

भी है, लेकिन उन्होंने कोई सबूत पेश नहीं किया। नकवी ने यह भी कहा कि हमें पहले से पता था कि भारत क्या योजना बना रहा है और कौन से विमान इस्तेमाल करेगा। नकवी ने दावा किया कि भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान भारत का कोई भी मिसाइल पाकिस्तान के किसी बड़े सैन्य अड्डे पर नहीं गिरा। नकवी ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के एक तेल डिपो को तबाह कर दिया। हालांकि, पाकिस्तान ने अभी तक कोई वीडियो या ठोस सबूत सार्वजनिक नहीं किया है। भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल एके भारती ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर चुनिंदा सैन्य ठिकानों पर सटीक और संतुलित हमले किए। भारत ने इन दावों को पहले ही खारिज कर चुका है। सिंगापुर में 31 मई को भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह गलत बताया था। भारत ने मैक्सार टेक्नोलाजी की हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों से बता चुका है कि पाकिस्तान के कई हवाई अड्डों पर हमले किए गए, जिसमें रनवे, हैंगर और इमारतों को भारी नुकसान हुआ।

## मिस्री ने नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** नेपाल की दो दिन की यात्रा पर गये विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वहां के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि मिस्री राय के निमंत्रण पर रविवार को काठमांडू पहुंचे थे। मिस्री ने नेपाल के शीर्ष नेतृत्व को दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति से अवगत कराया। विदेश सचिव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से केपी शर्मा ओली को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथियों पर भारत आने का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। दोनों विदेश सचिवों ने व्यापक चर्चा के दौरान विभिन्न द्विपक्षीय पहलों में हुई प्रगति की समीक्षा की और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की जिसमें संभावित परिणाम भी शामिल थे जो प्रधानमंत्री ओली की आगामी भारत यात्रा के एजेंडे का हिस्सा बन सकते हैं।

# रूस से तेल खरीदने वाले चीन पर टैरिफ क्यों नहीं लगा

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताई चौंकाने वाली वजह: चीन रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा

**वाशिंगटन।** रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बीते दिनों भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था, जिसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। वहीं चीन को छूट दी गई है।

अब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इसकी वजह का खुलासा किया है। मार्को रूबियो ने बताया कि चीन, रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा है। एक इंटरव्यू के दौरान मार्को रूबियो से पूछा गया कि ट्रम्प प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने के लिए चीन को टैरिफ से छूट क्यों दी है, जबकि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया



अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा

है? इस पर रूबियो ने चौंकाने वाला जवाब दिया। रूबियो ने कहा कि अगर आप देखें तो चीन जो कच्चा तेल रूस से खरीद रहा है, वो उसे रिफाइन करके वापस यूरा. `पीय देशों को बेच रहा है। रूबियो ने कहा अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा और तेल की कीमतें पूरी दुनिया में बढ़ सकती हैं। रूबियो ने कहा कि चीन पर संभावित प्रतिबंध को लेकर यूरोपीय देशों ने भी निराशा जाहिर की है। मार्को रूबियो ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमे. रिका हर दिन भारत और पाकिस्तान के बीच हालात पर नजर रख रहा है, क्योंकि दोनों देशों के बीच हुआ संघर्षविराम कभी भी टूट सकता है। उन्होंने कहा कि युद्धविराम तभी संभव होता है जब दोनों पक्ष रुकने पर सहमत हों, लेकिन उसे बनाए रखना बेहद मुश्किल होता है।

### रूस: उत्पादन संयंत्र में लगी आग, 20 की मौत, 134 घायल

**मॉस्को।** मध्य रूस में रियाज़ान ओब्लास्ट के शिलोव्स्की जिले में एक उत्पादन संयंत्र में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई जबकि 134 अन्य घायल हो गए हैं। क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक बयान के मुताबिक मॉस्को समयानुसार सुबह 7:00 बजे (04:00 जीएमटी) तक आग में झुलसने के कारण 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी थी। घायलों में से 31 का रियाज़ान और मॉस्को के अस्पतालों में इलाज चल रहा है जबकि 103 अन्य का बाह्य रोग उपचार चल रहा है।

